www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 21 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -135 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





झूठे कामों के बजाए असली करतूतों का दें हिसाब 02
■ किसानों को राजीव गांधी ने बनाया आत्मनिर्भर
■ केजरीवाल ने सपनों का गारंटी कार्ड बनाया है ... 03
■ मुकदमे के बाद ट्रंप को सहानुभूति में मिले लाखों डॉलर
■ यूक्रेन ने किया रूस के कुर्स्क में रेलवे स्टेशन पर हमला 07
पंकज और अक्षय से मिली दयालु व विनम्र रहने... 10

## सार संक्षेप

### रूस का लूना-25 अंतरिक्ष यान चंद्रमा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त



**मॉस्को।** रूस का लूना-25 अंतरिक्ष यान अनियंत्रित कक्षा में घूमने के बाद चंद्रमा से टकराकर रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लगभग 50 वर्ष बाद इस देश का यह पहला चंद्र अभियान था। मानवरहित यह अंतरिक्ष यान सोमवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला था।

### जंतर-मंतर पर नूंह हिंसा पर पंचायत की अनुमति रद्द



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को जंतर-मंतर पर नूंह हिंसा पर आयोजित पंचायत को आगे बढ़ाने की अनुमति रद्द कर दी, क्योंकि कुछ व्यक्तियों ने अपने भाषणों के दौरान कथित तौर पर विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय सनातन महासंघ की ओर से पंचायत का आयोजन किया गया था।

### नीट के खिलाफ द्रमुक की भूख हड़ताल शुरू



**चेन्नई।** द्रमुक युवा विंग ने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी- नीट) को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। चेन्नई के वल्लुवर कोट्टम में विधायक उदयनिधि स्टालिन के साथ द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों एस. दुरईमुरुगन, एम. सुब्रमण्यम, पी.के. शेखर बाबू, पार्टी के सांसद, विधायक और चेन्नई की महापौर आर. प्रिया ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### मीरवायज उमर फारूक की 'नजरबंदी' पर बढ़ा विवाद



**जम्मू।** क्या कोई नेता या व्यक्ति लगातार चार सालों तक अपनी मर्जी और खुशी से अपने आपको घर में कैद रख सकता है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा हुर्रियत कांफ्रेंस नेता मीरवायज उमर फारूक की 'नजरबंदी' के प्रति दिए गए वक्तव्य के बाद सवाल उठने लगे हैं तथा विवाद और बढ़ गया है। इस बयान पर बवाल इसलिए मचा है क्योंकि उप राज्यपाल ने एक बार फिर एक समारोह में यह दोहराया है कि मीरवायज उमर फारूक न ही बंद हैं और न ही नजरबंद।

### मणिपुर विधानसभा का सत्र आज से शुरू नहीं होगा



**इंफाल।** मणिपुर विधानसभा का महत्वपूर्ण सत्र सोमवार से शुरू नहीं होगा, क्योंकि राज्यपाल अनुसुइया उइके ने औपचारिक रूप से सत्र नहीं बुलाया है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

---

घुसपैठ पर कांग्रेस नेता ने सरकार को घेरा

# चीन की सेना लद्दाख में घुसी : राहुल

## लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें, केंद्र शासित दर्जे से खुश नहीं

**लद्दाख, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** लद्दाख दौरे पर आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि चीन ने यहां के

- **घुसपैठ पर स्थानीय लोगों का भी दिया हवाला**
- **चीन ने जमीन छीनी, लोग प्रभावित हो रहे**

लोगों की जमीन छीन ली है। उन्होंने कहा, चिंता की बात यह है कि चीन ने जमीन छीन ली है और लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चीनी सेना (भारतीय क्षेत्र में) घुस आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है।' केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग बेरोजगारी और मुद्रास्फीति सहित विभिन्न मुद्दों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें हैं। लोग उन्हें दिए गए दर्जे से खुश नहीं हैं, उन्हें प्रतिनिधित्व की जरूरत है। लोग कह रहे हैं कि



**प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

प्रतिनिधित्व होना चाहिए, इसे नौकरशाही के माध्यम से नहीं चलाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, सभी लोग कह रहे हैं कि बेरोजगारी और महंगाई है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, मुझे लद्दाख आना था, लेकिन कुछ कारणों से मैं यहां नहीं आ सका। इसलिए, मैं उनकी परेशानियों को सुनने के लिए यहां आया हूं। कांग्रेस सांसद ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी। पार्टी ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

**पिता को याद कर हुए भावुक**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस दिनों केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर याद करते हुए ट्वीट किया। राहुल गांधी ने ट्विटर पर एक भावुक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, पापा, आपकी आंखों में भारत के लिए जो सपने थे, इन अनमोल यादों से छलकते हैं।

आपके निशान मेरा रास्ता हैं। हर हिंदुस्तानी के संघर्षों और सपनों को समझ रहा हूं, भारत मां की आवाज सुन रहा हूं।

### राहुल के बयान पर भाजपा का पलटवार



**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम आपसे क्या उम्मीद कर सकते हैं? जवाहरलाल नेहरू के समय में चीन ने 1962 के युद्ध से पहले और बाद में (भारत की) कितनी जमीन पर कब्जा किया था, क्या आपको राहुल गांधी जी याद है? वह दौरे से पहले एजेंडा तय करते हैं।

---

चीन दिखा रहा अड़ियल रवैया

# तीन साल बाद भी देपसांग व दमचोक में नहीं करने दे रहा गश्त

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। हालांकि चीन के साथ लद्दाख के मुद्दे पर हुई 19वें दौर की वार्ता का खुशनुमा पहलू यह रहा था कि दोनों पक्ष अगले दौर की बातचीत के लिए राजी हो गए थे। पर इस दौर की बातचीत में गतिरोध तभी आया था जब चीनी सेना भारतीय सेना को देपसांग और दमचोक में गश्त की 'अनुमति' देने को तैयार नहीं हुई थी क्योंकि चीनी सेना पैंगांग झील और हाट स्प्रिंग्स की तरह ही इन इलाकों में बफर जोन बनाना चाहती है।

जानकारी के लिए चीनी सेना की मांग का मतलब है कि भारतीय भूमि के अंदर ही वह इलाका बनाना होगा जहां दोनों सेनाएं गश्त नहीं करेंगी। दरअसल चीनी सेना अभी भी इन दो स्थानों पर जमी हुई है। भारतीय जवान भी शून्य से 40 डिग्री के तापमान में आमने सामने हैं। विवाद के चलते भारतीय सेना इन इलाकों में गश्त नहीं कर पा रही है। यह गश्त वर्ष 2020 में उस समय रोक दी गई थी जब चीनी सेना ने लद्दाख के मोर्चे पर एलएसी के हजारों किमी इलाकों में 'बढ़त' हासिल करते हुए रातों रात अपने करीब एक लाख जवानों को सैनिक साजो सामान के साथ तैनात कर दिया था। वैसे हाट स्प्रिंग्स में अभी भी दोनों पक्षों ने बहुत ही कम सैनिक तैनात कर रखे हैं पर उनकी वापसी का मुद्दा 18वें दौर की बातचीत में आंशिक तौर पर सुलझ पाया था। सूत्रों के अनुसार, हाट स्प्रिंग्स में,

- **चीनी सेना अभी इन दो स्थानों पर जमी हुई**
- **19वें दौर की वार्ता में भी नहीं निकल सका हल**



इनकी संख्या 100 से 200 के बीच है। पर इतना जरूर था कि गलवान में हुई झड़प के बाद जुलाई 2020 में जब दोनों पक्षों में बातचीत हुई तो हाटस्प्रिंग्स, जिसे पैट्रोल प्वाइंट 15 भी कहा जाता है, दोनों पक्षों ने अपने 2 से 3 हजार सैनिकों को पीछे हटा लिया था। पर भारतीय पक्ष गश्त आरंभ नहीं कर पाया। सिर्फ हाट स्प्रिंग्स अर्थात पीपी 15 ही नहीं बल्कि अन्य कई ऐसे इलाके भी हैं जहां फिलहाल भारतीय पक्ष तीन सालों से गश्त नहीं कर पा रहा है।

इसके पीछे का कारण पहले चीनी सेना की आपत्ति थी फिर दोनों पक्षों में होने वाली 'सहमति' थी जिसके तहत उन इलाकों को बफर जोन्स बना दिया गया था जहां से दोनों पक्ष सैनिक हटाने को राजी हुए और बाद में वे मई 2020 के स्थानों पर लौट गए थे। इनमें गलवान वैली, गोगरा हाइट्स, पैंगांग झील का उत्तरी तट तथा कैलाश रेंज भी शामिल हैं।

---

# ईडी के डर से नेताओं ने पार्टी छोड़ी : पवार

**मुंबई, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने

- **अनिल देखमुख को भी दिया गया था ऑफर**
- **अजित पवार ने 2 जुलाई को बगावत की थी**

कहा कि ईडी हमारी पार्टी के कुछ लोगों की जांच कर रही थी। जिससे बचने के लिए कुछ दिनों पहले उन्होंने अजित पवार के साथ भाजपा से हाथ मिला लिया।

सरकार में शामिल होने के बाद वे कह रहे थे कि हम विकास के मुद्दों पर बीजेपी के



साथ आए हैं, लेकिन सच तो यह है कि वे जांच का सामना नहीं करना चाहते थे। उन्हें भाजपा की ओर से कहा गया था कि आप अगर हमारे साथ आते हैं तो आपके मामले में कुछ नहीं होगा, नहीं तो आपको जेल में डाल देंगे। इस दौरान शरद पवार ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख का जिक्र किया। पवार ने कहा कि उन्हें भी बीजेपी में शामिल होने का ऑफर मिला था, लेकिन देशमुख ने जेल जाना स्वीकार किया और वहां 14 महीने बिताए। उन्होंने कोई क्राइम नहीं किया था, इसीलिए अपनी विचारधारा नहीं छोड़ी। 2 जुलाई को एनसीपी के 9 विधायक शिंदे कैबिनेट में शामिल हुए थे। इनमें अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। इसके अलावा 8 अन्य विधायकों छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

### शरद पवार अपने भतीजे की तरह गलती नहीं करेंगे : राउत

उधर, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने रविवार को पार्टी के मुखपत्र में लिखा कि शरद पवार अपने भतीजे अजित पवार की तरह भाजपा में जाने की गलती नहीं करेंगे। अजित पवार वास्तव में एक बड़े नेता हो सकते हैं, अगर वह अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ते। अजित पवार इसी तरह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जैसे भाजपा की मदद करते रहे तो उनकी राजनीति रेत के महल की तरह ढह जाएगी।

---

# खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति का किया गठन

## शशि थरूर, सचिन पायलट, प्रियंका गांधी समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (देशबन्धु)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की बहुप्रतीक्षित सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का गठन कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार समिति में 39 सदस्यों के साथ ही 18 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 14 प्रभारी, नौ विशेष आमंत्रित सदस्य तथा चार पार्टी की विभिन्न संगठनों की अध्यक्ष शामिल हैं जिन्हें पदेन सदस्य के रूप में कार्यसमिति में जगह दी गई है। समिति में 39 में खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, एके



एंटोनी, आधीर रंजन चौधरी शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, तारीक अनवर, लाल थनवला, अशोक चौहाण, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी, अजय माकन, कुमारी सैलजा, गैखनगम, एन रघुवीर रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु

- **समिति में 39 सदस्यों के साथ ही 18 स्थायी आमंत्रित सदस्य**
- **14 प्रभारी व पार्टी के चार विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष भी शामिल**

सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, दीपक बावरिया, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, जितेंद्र सिंह , जगदीश ठाकुर, जीए मीर, अविनाश पांडे, दीपा दास मुंशी, केसी वेणुगोपाल, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और कमलेश्वर पटेल शामिल हैं। कार्य समिति में वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक हामिद कारा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, गिरीश चडोनकर, सुब्बी रमारेड्डी, के राजू,चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फूलोदेवी नेताम,डीआर नरसिम्हा और सुदीप रॉय बर्मन, डॉ ए चेल्ला कुमार, भक्त चरण दास, डा अजय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, माणिक टैगोर, सुखविंदर सिंह रंधावा, माणिक राव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सिंह सप्पल, सचिन राव, मनीष चैतरथ तथा देवेंद्र यादव को शामिल किया गया है।

**विशेष आमंत्रित सदस्यों में पवन खेड़ा, व सुप्रिया श्रीनेत शामिल**

विशेष आमंत्रित सदस्यों में पल्लमराजू, पवन कुमार खेड़ा, गणेश गोदियाल, के सुरेश, यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, प्रणीति शिंदे, अलका लांबा और वी चंद रेड्डी शामिल हैं। पार्टी ने अपने चारों संगठनों युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी, एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन, महिला कांग्रेस की प्रमुख नित्ता डिसूजा तथा सेवा दल के प्रमुख लालजी देसाई को समिति का पदेन सदस्य बनाया है।

---

# चांद से महज कुछ किमी की दूरी पर चंद्रयान-3

■ **इसरो ने ट्वीट कर कहा, 23 अगस्त को उतरने को तैयार**





**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल रविवार को डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजरते हुए चंद्रमा के और करीब आ गया है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) की 23 अगस्त की शाम को चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है।

इसरो ने ट्वीट कर कहा, चंद्रयान-3 आगामी 23 अगस्त 2023 को लगभग शाम 6:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। आप सभी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग होने के बाद लैंडर अब खुद ही आगे की यात्रा कर रहा है और ये चांद से महज 25 किमी की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। इससे पहले 18 अगस्त को लैंडर मॉड्यूल डीबूस्टिंग से गुजरते हुए चंद्रमा की थोड़ी निचली कक्षा में उतर गया था। दूसरा डीबूस्टिंग ऑपरेशन रविवार देर रात दो बजे पूरा हुआ, जिससे इसकी कक्षा 25 किमी × 134 किमी तक कम हो गई।

### अब 23 अगस्त का इंतजार

लैंडर मॉड्यूल को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग करने की कवायद से पहले इसे छह, नौ, 14 और 16 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में नीचे लाने की प्रक्रिया की गई थी। ताकि ये चंद्रमा की सतह के नजदीक आ सके। इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल पर लगे कैमरों से ली गईं चंद्रमा की कई तस्वीरें भी जारी की हैं। अब 23 अगस्त को चांद पर इसकी सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया जाएगा।

---

50 मीटर गहरी खाई में गिरी बस

# गंगोत्री हाईवे पर हादसा, 8 की मौत

**गंगोत्री, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल हाईवे पर गंगनानी के पास रविवार शाम को एक बस खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 27 लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से 10 की हालत गंभीर है। बस में 32-33 पैसेंजर्स सवार थे। उत्तरकाशी ने बताया कि बस 50 मीटर गहरी खाई में गिरी है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। बताया जा



रहा है बस में गुजरात के लोग सवार थे। ये गंगोत्री धाम की यात्रा करके लौट रहे थे। गंगनानी के पास ड्राइवर ने बस पर कंट्रोल खो दिया। इससे बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए 50 मीटर गहरी खाई में लुढ़कने के बाद पेड़ों के बीच जाकर अटक गई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा- हादसे में कुछ लोगों की जान जाने और कुछ के घायल होने की खबर मिली है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। ईश्वर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा को शांति दे। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

---

# 'मणिपुर संकट भाजपा-आरएसएस की साजिश'

**इंफाल, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** मणिपुर में विभिन्न राजनीतिक दलों और नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) ने माकपा के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि भाजपा-आरएसएस की दूरगामी साजिशों के कारण राज्य में जातीय हिंसा भड़क उठी। माकपा केंद्रीय समिति के सदस्य जितेंद्र चौधरी ने कहा कि अधिकांश राजनीतिक दल और सीएसओ कह रहे हैं कि भाजपा-आरएसएस की साजिशों के कारण मणिपुर में जातीय संकट पैदा हुआ और हजारों लोग तबाह हुए। उन्होंने कहा, गृहमंत्री अमित शाह, उनके डिप्टी नित्यानंद राय व असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य का दौरा किया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाने के बजाय वे आग में घी डालकर चले गए। चौधरी माकपा के त्रिपुरा राज्य सचिव भी हैं।

■ **माकपा प्रतिनिधिमंडल को सामाजिक संगठनों ने दी जानकारी**

---

**राजनीति** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज की

# 65 से ज्यादा वर्तमान सांसदों का टिकट काट सकती है भाजपा

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विपक्षी एकता और एकजुटता की संभावनाओं के बीच भाजपा देशभर में अपने वर्तमान सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर फिर से चुनाव जीत सकने वाले सांसदों की लिस्ट को अंतिम रूप देने में जुटी है। दरअसल, 2019 के पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा को 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

वर्तमान में लोक सभा में भाजपा के पास 301 सांसद हैं,

- **सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है पार्टी**
- **कुछ सांसदों का क्षेत्र भी बदलने की हो रही बात**

लेकिन सूत्रों की मानें तो इनमें से 65 से ज्यादा सांसदों की रिपोर्ट कार्ड बहुत अच्छी नहीं है। ऐसे में एंटी-इनकंबेंसी से बचने के लिए भाजपा इन सीटों पर अपने उम्मीदवार बदलने यानी वर्तमान सांसदों का टिकट काटने पर



गंभीरता से विचार कर रही है। इनमें से कुछ सांसदों का संसदीय क्षेत्र भी बदला जा सकता है।

**उम्मीद के मुताबिक नहीं जुटा पाए थे भीड़**

मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा ने इसी वर्ष 30 मई से 30 जून तक देशभर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया था, जिसमें पार्टी के सभी सांसदों को जुट जाने को कहा गया था। पार्टी के कई सांसदों ने इस कार्यक्रम में पूरे मन से भाग नहीं लिया, जिसकी वजह से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को वर्चुअली बैठक कर उन सांसदों को फटकार भी लगानी पड़ी थी। पिछले कुछ महीनों के दौरान देश भर में पार्टी संगठन द्वारा टिफिन बैठक सहित, कई अन्य महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए, उसमें भी कई सांसद पार्टी की उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटा पाए थे। उत्तर प्रदेश से जिन सांसदों पर टिकट कटने की तलवार लटक रही है, उसमें कई ऐसे सांसद भी हैं जो वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री हैं।

**बयान से चर्चा में रहने वाले का टिकट भी मुश्किल में**

बिहार की बात करें तो पार्टी अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले एक वर्तमान केंद्रीय मंत्री का टिकट भी 2024 के लोक सभा चुनाव में काट सकती है। हालांकि वह अपना संसदीय क्षेत्र बदलने की गुहार आलाकमान से लगा रहे हैं।

# देश

उवाच



"नीतीश कुमार को अपने अतिसक्रिय नौकरशाहों को नियंत्रण में रखना चाहिए, ताकि न शैक्षणिक वातावरण बिगड़े और न राजभवन से टकराव की स्थिति पैदा हो। शिक्षा विभाग को ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जो उसके अधिकार क्षेत्र में न हो।

-सुशील कुमार मोदी, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 36.0 | 29.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# केंद्र सरकार की नाकामी मणिपुर हिंसा का एक बड़ा कारण : कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर में जारी हिंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी, मणिपुर हिंसा का एक बड़ा कारण है। भाजपा की आपराधिक लापरवाही के कारण मणिपुर में यह स्थिति पैदा हुई, उन्हें देश दंडित करेगा। पूरा हिंदुस्तान मणिपुर के साथ है। मणिपुर के भाई-बहन शांति और सहिष्णुता लाएं, जब उन्हीं से पहल प्रारंभ होगी तो ही स्थितियां सुधरेंगी। पूरा देश वहां के लोगों की भावनाओं के साथ है।

**■ मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर केंद्र सरकार को घेरा**

उन्होंने कहा कि भाजपा ने माणिपुर में समाज को बांट कर, वोट बढ़ाने की राजनीति की आज उसी का परिणाम है कि मणिपुर जल रहा है। आप ने मणिपुर को आग में झोंक दिया उसके साथ आपने भारत की आत्मा को आग में झोंक दिया। इनको बहुत सोच समझकर कदम उठाना चाहिए। यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर उत्तराखंड सरकार की तैयारी पर हरीश रावत ने कहा कि देखिए संविधान बहुत साफ तौर से कहता है कि कॉन्करेंट लिस्ट के विषय होंगे तो उसमें सेंट्रल एक्ट आता है। यह एक केंद्रीय विषय है। केंद्रीय कानून के विषय में राज्य सरकार द्वारा की गई एक्सरसाइज कोई मायने नहीं रखती। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए जो भी कदम होंगे वह निरर्थक होंगे। ऐसे में उत्तराखंड की राज्य सरकार,



**मणिपुर में समाज को बांट कर, वोट बढ़ाने की राजनीति की आज उसी का परिणाम है कि मणिपुर जल रहा है : हरीश रावत**

यूनिफॉर्म सिविल कोड पर एक व्यर्थ की कोशिश या कार्यवाही कर रही है। इसलिए हमने उनसे कह कि बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। राष्ट्रीय स्तर पर भी यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट लाने की बात पर कहा कि जहां तक राष्ट्रीय स्तर पर एक्सरसाइज की बात है, अब भाजपा ने देख लिया है कि इस तरह के इमोशनल मुद्दे, ऐसे इशू जो समाज को बांटते हैं उसका कितना बड़ा दुष्प्रभाव पड़ता है।

यूसीसी पर नार्थ ईस्ट से लेकर आदिवासी, गरीब लोग, यहां तक कि सिख भाइयों अकाल तख्त ने भी कुछ कहा है, और दूसरे वर्गों ने भी कई आशंकाएं जाहिर की है। देश भर की महिलाओं का मानना है कि उन्होंने कुछ अधिकार जो प्राप्त किए हैं, उन अधिकारों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका एक व्यापक असर पड़ना है और भारत जैसे एक बहु आयामी देश के अंदर यूनीफार्मिटी के नाम पर आप हर चीज थोप नहीं सकते। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट को लेकर अपनी ओर से पहल कर रही है। इस पहल पर कई वर्गों ने सरकार की प्रशंसा भी की है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का मानना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड पर राज्य सरकार की स्थिति बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसी है। केवल उत्तराखंड ही नहीं देश के कई अन्य मुद्दों पर हरीश रावत ने अपने विचार रखे।

## जोशीमठ में आपदा के बाद कुछ नहीं किया गया : कांग्रेस

उत्तराखंड में कई जगहों पर आई आपदा पर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार ने अभी तक राहत के नाम पर एक नया पैसा नहीं दिया गया है। जोशीमठ में तो स्थिति और खराब हो गई है। जोशीमठ में आपदा के बाद कुछ किया ही नहीं गया। जोशीमठ जैसे देवस्थान को नजरअंदाज किया गया है। जो जोशीमठ जैसे देवस्थान को नजरअंदाज कर सकते हैं तो कहा जा सकता है कि खाने के दांत कुछ और हैं और दिखाने के कुछ और। उन्होंने कहा हमने केदारनाथ के अंदर इतना सुंदर पुनर्निर्माण का कार्य किया। जहां जाकर लोग गुफा में तपस्या करते हैं उसका निर्माण भी हम ही करके गए थे। सभी कार्य किए गए और उसकी तुलना में यदि आप देखें तो जोशीमठ में एक पत्थर तक नहीं लगाया गया है।

## कर्नाटक सरकार ने मंदिरों के अनुदान रोकने का आदेश लिया वापस

**बेंगलुरु**, 20 अगस्त (एजेंसियां) कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने सरकारी हिंदू मंदिरों के विकास कार्यों के लिए मिलने वाले अनुदान रोकने संबंधी आदेश वापस ले लिया है। कर्नाटक के मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने आदेश को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि विभाग द्वारा जारी किया गया सर्कुलर भ्रामक था और सरकार का इरादा मंदिरों को मिलने वाली किसी भी अनुदान को रोकने का नहीं है।

रेड्डी ने कहा कि आयुक्त और प्रमुख सचिव सहित मुजराई विभाग के अधिकारियों को आदेश वापस लेने के लिए कहा गया है। राज्य द्वारा संचालित हिंदू मंदिरों को मिलने वाले अनुदान के खिलाफ आदेश पर जनता के रोष का सामना करने के बाद यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि मई में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही उसके हिंदू विरोधी रुख के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सिद्धारमैया की उडुपी फिल्मांकन से निपटने और मवेशी वध को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की योजना जैसे मुद्दों पर आलोचना की गई है। मुजारी आयुक्त ने 14 अगस्त को सर्कुलर जारी करके सभी जिला प्रशासकों को राज्य संचालित मंदिरों को दी जाने वाले अनुदान को रोकने का निर्देश दिया था। धनराशि मंदिरों में मरम्मत और विकास कार्यों के लिए दी जाती थी। यह उन मंदिरों पर लागू होता है जहां 50 प्रतिशत धनराशि प्रदान की गई थी या धन स्वीकृत किया गया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा था। कर्नाटक में लगभग 34,000 बंदोबस्ती मंदिर हैं जिन्हें सालाना होने वाले राजस्व की मात्रा के आधार पर श्रेणी ए, बी और सी में वर्गीकृत किया गया है।

# राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वालों पर कार्रवाई जरूरी

**जम्मू**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि देश का संविधान प्रशासन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अनुमति देता है। जम्मू-कश्मीर एलजी ने आईआईएम, जम्मू के ग्रीन जम्मू एंड कश्मीर ड्राइव 2023-2024 अभियान की शुरुआत के मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कहता है क्योंकि संविधान उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुमति देता है जो राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं और जिन्होंने आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन किया है और अवैध तरीकों से सरकारी नौकरियों का आनंद लिया है।

सिन्हा ने कहा, भारतीय संविधान में बी.आर. अंबेडकर और अन्य निर्माताओं द्वारा रखा गया एक प्रावधान है, जो कहता है, राज्य/राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला किया है जिन्होंने आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन किया है और अवैध तरीकों से सरकारी नौकरियों का आनंद लिया है। इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कहता है। उनका बयान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर बैंक द्वारा अपने अधिकारी



**■ मनोज सिन्हा ने की आईआईएम जम्मू के ग्रीन जम्मू एंड कश्मीर ड्राइव अभियान की शुरुआत**

सज्जाद बजाज को एजेंसियों से उनके खिलाफ प्राप्त विश्वसनीय रिपोर्ट के आधार पर बर्खास्त करने के एक दिन बाद आया है। जिस किसी ने भी आतंक और उसके इको-सिस्टम का समर्थन किया है, उसे इसका सामना करना पड़ेगा। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कश्मीर में समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। अब जम्मू क्षेत्र में भी यही दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। हमने जम्मू में कुछ सफलता हासिल की है और जल्द ही अधिक की उम्मीद है। सिन्हा जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री, महबूबा मुफ्ती की ओर इशारा कर रहे थे, जिन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट में सज्जाद बजाज की बर्खास्तगी की आलोचना करते हुए टिप्पणी की थी, कश्मीरी कर्मचारियों को गलत तरीके से आतंकवादी समर्थक और आईएसआई समर्थक करार देकर निशाना बनाकर बर्खास्त करना आम बात हो गई है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने लद्दाख हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लद्दाख में सड़क दुर्घटना में सेना के नौ जवानों की मौत की घटना पर गहन दुख जताया है। धनखड़ ने अपने शोक संदेश में कहा कि लद्दाख में सड़क दुर्घटना में हमारे बहादुर सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हादसा शनिवार को लद्दाख में लेह जिले के क्यारी शहर से सात किलोमीटर दूर उस समय हुआ जब सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था और इसी दौरान एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गई।

### त्रिपुरा में आवासीय विद्यालय के 12 छात्र अस्पताल में भर्ती

**अगरतला**। त्रिपुरा में खोवाई जिले के एक आवासीय विद्यालय में बीमार पड़ने के बाद 12 छात्राओं को तेलियामुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जूनियर सेक्शन के छात्र शनिवार को अचानक पेट खराब, उल्टी और सांस लेने में समस्या से पीड़ित हो गए और उन्हें तेलियामुरा उप-विभागीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि वे सभी खतरे से बाहर हैं और यह स्वास्थ्य समस्या अत्यधिक गर्मी और आर्द्र मौसम में खाद्य विषाक्तता के कारण हो सकती हैं।

### मुंबई में 15 करोड़ की कोकीन के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में 1496 ग्राम कोकीन की तस्करी करने के आरोप में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। इस कोकिन की कीमत मार्केट में 15 करोड़ रुपये बातई जा रही है। बाद में, कोकीन प्राप्त करने वाली युगांडा देश की महिला को भी पकड़ लिया गया। आरोपी अदीस अबाबा से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचा। डीआरआई अधिकारी ने कहा कि उसके कब्जे से 1496 ग्राम सफेद पाउडर बरामद किया गया, जिसे कोकीन बताया जा रहा है। एक गुप्त सूचना के बाद उसे पकड़ लिया गया।

### तेलंगाना में गद्दे के गोदाम में लगी आग

**हैदराबाद**। तेलंगाना में रंगारेड्डी जिले के टाटानगर, मैलारदेवपल्ली स्थित गद्दे के गोदाम में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों ने गद्दे के गोदाम में आग की लपटें उठती देखीं और तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया।

# जेयू में रैगिंग से छात्र की मौत दुर्भाग्यपूर्ण : प्रधान

**कोलकाता**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में 10 अगस्त को कथित तौर पर रैगिंग के कारण एक फ्रेशर की मौत न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि चिंता का एक बड़ा कारण भी है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस मामले पर मेरी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ बातचीत हुई है। हमें यह देखना होगा कि यूजीसी द्वारा निर्धारित एंटी-रैगिंग दिशानिर्देश जेयू में लागू थे या नहीं? मैं पश्चिम बंगाल में अपनी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ भी नियमित रूप से संपर्क में हूं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर जूनियर छात्रों को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है। जेयू में प्रथम वर्ष के छात्र की मौत उसके परिवार के सदस्यों के लिए एक वास्तविक झटका है। छात्रों को रैगिंग का अधिकार कभी नहीं मिल सकता। गत शनिवार को ही जेयू अधिकारियों ने 10 अगस्त को



**-छात्रों को रैगिंग का अधिकार कभी नहीं मिल सकता : धर्मेंद्र प्रधान**

विश्वविद्यालय के छात्र की कथित रैगिंग से संबंधित मौत के संबंध में अपने दूसरे राउंड के स्पष्टीकरण को यूजीसी को भेज दिया। इससे पहले हफ्ते में जेयू अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर और हॉस्टल में नये छात्रों के साथ रैगिंग और उत्पीड़न को रोकने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्रवाइयों पर यूजीसी को स्पष्टीकरण का पहला राउंड भेजा था। हालांकि, 17 अगस्त को पहले दौर (राउंड) के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट आयोग ने 12 विशिष्ट बिंदुओं पर और स्पष्टीकरण मांगा था, जिसका जवाब जेयू अधिकारियों ने शनिवार को भेजा था।

## निर्दोषों के शिकार होने की आशंका बढ़ी

**कोलकाता**। कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक नए छात्र की रैगिंग से हुई मौत के मामले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ने के साथ, इस प्रक्रिया में किसी निर्दोष व्यक्ति के पीड़ित होने की आशंका ने विवि के छात्रों को परेशान कर दिया है। कई छात्रों ने संकाय सदस्यों से आग्रह किया है कि वे शहर के पुलिस अधिकारियों से संवेदनशील तरीके से जांच करने का अनुरोध करें, ताकि एक भी निर्दोष छात्र पीड़ित न हो। संकाय सदस्यों का एक वर्ग, इन घबराए हुए छात्रों के बीच विश्वास जगाने की कोशिश करने के अलावा, शहर पुलिस में अपने संबंधित स्रोतों से भी संपर्क कर रहा है और पुलिस से संवेदनशीलता बनाए रखने का अनुरोध कर रहा है। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ये संकाय सदस्य छात्रों के सच्चे मित्र हैं। हम ऐसी स्थिति में छात्रों की चिंता को समझते हैं और उनकी सराहना करते हैं।



■ नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उनके समाधि स्थल वीर भूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित करतीं सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी व अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। फोटो इम्तियाज खान

## भाजपा सरकार के रिपोर्ट कार्ड पर मप्र कांग्रेस ने बोला हमला

# झूठे कामों के बजाए असली करतूतों का दें हिसाब

**भोपाल**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 'रिपोर्ट कार्ड' को लेकर उस पर हमला बोला। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में किए गए कामों का हिसाब देने वाली है। लेकिन जनता चाहती है कि झूठे कामों का हिसाब देने के बजाय असली करतूतों का हिसाब दिया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन राज चलाने वाली भाजपा अपने हिसाब पत्र में जनता को बताए इन्वेस्टर सम्मिट का हिसाब। 33 लाख करोड़ की निवेश घोषणाओं का हिसाब। महिला अपराध में नंबर रहने का हिसाब। बाल अपराध में नंबर एक होने का हिसाब, बुजुर्ग अपराध में नंबर 2 होने का हिसाब। आदिवासी अत्याचार में नंबर एक होने का



**भाजपा अपने हिसाब पत्र में जनता को बताए 33 लाख करोड़ की निवेश घोषणाओं का हिसाब : कमलनाथ**

हिसाब, दलित अत्याचार का हिसाब। साढ़े तीन लाख करोड़ के कर्ज का हिसाब। घोटालों का हिसाब। 50 प्रतिशत कमीशन का हिसाब, 25 हजार घोषणाओं का हिसाब। बेरोजगारी का हिसाब। महंगाई का हिसाब। किसान के कर्जदार होने का हिसाब। ओबीसी के साथ अन्याय का हिसाब। गरीबों को अनाज न मिलने का हिसाब। बदहाल शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था का हिसाब।

## परिवारवाद देश व लोकतंत्र के लिए जहर : शाह

**भोपाल**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को देश और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जहर बताते हुए कहा कि देश में अनेक पार्टियां इसका उदाहरण हैं। उन्होंने अनेक उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता शाह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य में लगभग 20 सालों की भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में शाह ने परिवारवाद को लेकर कहा कि भाजपा में परिवारवाद कतई नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वयं समेत अनेक भाजपा नेताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ये सभी किस परिवार से आए और आगे बढ़े। शाह ने कहा कि परिवारवाद वह है, जिसमें किसी परिवार विशेष की पार्टी और सरकार में मिल्कियत रहती है या उस परिवार का एकाधिकार रहता है। उन्होंने कहा कि वे किसी का नाम नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन अनेक दलों को देखकर परिवारवाद का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह लोकतंत्र और देश के लिए जहर है। इस व्यवस्था में संबंधित पार्टी में कोई और व्यक्ति आगे नहीं बढ़ पाता है। शाह ने राज्य में नेतृत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट करने संबंधी सवाल के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अभी मुख्यमंत्री हैं। विधानसभा चुनाव के बाद क्या करना है, इसके बारे में पार्टी को तय करना है।



# तमिलनाडु में नीट परीक्षा के खिलाफ द्रमुक ने की भूख हड़ताल

**चेन्नई**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। द्रमुक युवा विंग ने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी-नीट) को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। चेन्नई के वल्लुवर कोट्टम में विधायक उदयनिधि स्टालिन के साथ द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों एस.दुरईमुरुगन, एम. सुब्रमण्यम, पी.के. शेखर बाबू, पार्टी के सांसद, विधायक और चेन्नई की महापौर आर.प्रिया ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। मुख्य मंच पर उन छात्रों का एक कोलाज प्रदर्शित किया गया है, जिन्होंने नीट में असफल होने के बाद आत्महत्या कर ली थी। द्रमुक के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु के जल कार्य मंत्री एस.दुरईमुरुगन ने कहा कि

**■ केंद्र पर नीट के खिलाफ ध्यान नहीं देने का लगाया आरोप**



नीट छात्रों के खिलाफ है और डीएमके (द्रमुक) ने लंबे समय से इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु विधानसभा ने पिछली अन्नाद्रमुक सरकार और वर्तमान द्रमुक सरकार के कार्यकाल में भी नीट के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है। वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि नीट विरोधी विधेयक मंजूरी के लिए भारत के राष्ट्रपति के पास है। केंद्र नीट के खिलाफ तमिलनाडु के लोगों के अनुरोध पर ध्यान नहीं दे रहा है। देश में एमबीबीएस और बीडीएस कोर्स में दाखिला लेने के लिए नीट एग्जाम पास करना अनिवार्य है।

## चिंता | *केरल में मानसून की बेरुखी बनी चिंता का सबब*

# बरसात ने होने से बड़े पैमाने पर मंडराया सूखे का खतरा

**चेन्नई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 8 जून को केरल के तटों पर दस्तक दी, लेकिन तब से मानसून की प्रगति निराशाजनक रही है और राज्य पर सूखे का खतरा मंडरा रहा है। राज्य में 8 जून को पहली मानसूनी बारिश के बाद पिछले ढाई महीने से राज्य में लुका-छिपी का खेल चल रहा है। यहां जून से अगस्त के मध्य तक सबसे ज्यादा बारिश होती है।**

जो 2023 में बहुत कम रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून से 15 अगस्त तक राज्य में औसत 1556 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस साल 877.1 मिमी बारिश ही दर्ज की गई। इसका मतलब है कि 44 फीसदी कर्मी रही। जून में बारिश की भारी कमी थी और मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 60 प्रतिशत की कमी थी, जबकि जुलाई में बारिश बेहतर थी और कमी केवल 9 प्रतिशत थी। हालांकि अगस्त की स्थिति



**■ अगस्त माह में राज्य में हुई सामान्य से 90 प्रतिशत कम बारिश**

बदतर है क्योंकि राज्य के कई इलाकों में अगस्त में बारिश नहीं हुई है। केरल में 1 अगस्त से 15 अगस्त तक सामान्यत: 254.6 मिमी की बजाय केवल 25.1 मिमी बारिश हुई। इस प्रकार लगभग 90 प्रतिशत बारिश की कमी हुई। केरल में आम तौर पर अगस्त के दौरान बारिश चरम पर होती है जो मलयालम महीना कारकिदाकम है और आयुर्वेद उपचार के लिए उपयुक्त है। हालांकि बारिश नहीं होने से राज्य में बड़े पैमाने पर सूखे का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि राज्य में अगले 15 दिन तक बारिश नहीं होगी और इससे सूखे की संभावनाएं बढ़ गई है। सितंबर में भी हालात अच्छे नहीं हैं क्योंकि इस महीने राज्य में आम तौर पर बहुत कम वर्षा होती है।

जून से सितंबर तक चार महीने की मानसून अवधि के दौरान यहां औसतन लगभग 2018.7 मिमी बारिश होती है, जिसमें सितंबर में मात्र 13 फीसदी ही बारिश होती है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, जून से अगस्त तक बारिश की कमी सितंबर में होने वाली बारिश से पूरी होने की संभावना नहीं है। राज्य के बांधों में जल स्तर भी चिंताजनक रूप से निम्न स्तर पर है और केरल राज्य विद्युत बोर्ड (राज्य मुख्य रूप से जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न बिजली पर निर्भर है) द्वारा प्रबंधित जलाशयों में भंडारण क्षमता का केवल 37 प्रतिशत पानी है। राज्य पानी की कमी और बिजली कटौती की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। ऊंची कीमतों पर बाहरी स्रोतों से बिजली खरीदने की योजना है। आईएमडी के अनुसार, 1901 के बाद से राज्य में केवल 14 बार कम बारिश हुई है और आखिरी बार 2016 में बारिश कम हुई थी।

अल-नीनो प्रभाव को कम बारिश का एक प्रमुख कारण माना जाता है और मौसम विज्ञान ब्यूरो, ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, समुद्र की सतह का तापमान विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में अल-नीनो सीमा से अधिक हो रहा है।

उल्टा पुल्टा

बब्लू : ऐसा लगता है कि वो लड़की ऊंचा सुनती है। मैं कुछ कहता हूं वो कुछ और ही बोलती है।
डब्लू : वो कैसे ?
बब्लू : मैंने कहा, आई लव यू,
तो वह बोली मैंने कल ही सैंडल खरीदे हैं।



# अन्नदाताओं को राजीव गांधी ने बनाया आत्मनिर्भर : कांग्रेस

## मरीजों को फल बांटकर मनाया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**नई दिल्ली,**20 अगस्त (देशबन्धु)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 79 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जय किशन के नेतृत्व में दलित सामाजिक संगठनों, संस्थाओं व कर्मचारी यूनियनों के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, भगवान महावीर अस्पताल, महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, बाबू जगजीवन राम अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों व उनके परिजनों को फल वितरित करने के अलावा झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले गरीब बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें खेल सामग्री व वस्त्र वितरित की। इस दौरान जय किशन ने कहा कि राजीव गांधी देश के कंप्यूटर क्रांति के जनक थे जिसके कारण आज हमारा देश तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर है। उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की



**राजीव गांधी देश के कंप्यूटर क्रांति के जनक थे जिसके कारण आज हमारा देश तकनीकी रूप से है आत्मनिर्भर : जय किशन**

आयु में मताधिकार, महिला सशक्तिकरण, पंचायती राज, दलित एक्ट, रोजगार योजना, शिक्षा को बढ़ावा के साथ देश के लिए बलिदान दिया। किसानों को आत्मनिर्भर बनाना उन्हीं की देन है। उधर, राजीव गांधी के जन्म दिवस पर फल व वस्त्र खेल सामग्री वितरित करने वालों में दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव राहुल ढाका, प्रदेश कांग्रेस सदस्य वरुण ढाका, साधू राम मित्तल, दिवाकर मित्तल, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह, प्रमोद पांचाल, अशोक काले, शेर मोहम्मद, अहसान अली (पप्पू), शरीफ कुरैशी, महेश शर्मा, विजय प्रकाश खण्डेलवाल, मो. तौफीक सैफी, मो सुलेमान, विजय भारती, सूरज खंडेलवाल, मोहन लाल खंडेलवाल, दीपक चुन्नीलाल,जय किशन पहलवान, श्यामलाल, हरी लाल पहलवान, राजेंद्र मास्टर, मधुबाला, लक्ष्मी, कमलेश भारती, ज्ञानवती, प्रकाशी देवी, मंजू देवी की अहम भूमिका रही।

### देश को खोखला कर रही है केंद्र सरकार : कांग्रेस

जय किशन ने कहा कि आज की मौजूदा सरकार देश को खोखला कर रही है। पिछले कुछ महीनों से देखा गया है कि मणिपुर व हरियाणा के नूह में सरकार पूरी तरह से सुरक्षा करने में नाकाम रही। भाजपा की केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन नेताओं की कथनी और करनी में भारी अतंर है। इनके शासन काल में दलितों, गरीबों, दबे-कुचले लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। दलितों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई कारगर योजना इनके पास नहीं है। आज महिलाएं और युवाओं में दहशत का माहोल है। इनकी जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

# डीएनटी पर चलाया जाएगा जागरूकता अभियान : रोमी भाटी



**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली स्थित कालकाजी में रविवार को दिल्ली गण परिषद और विमुक्ति जातियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषद के संरक्षक और मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे जगदीश लोहिया ने विमुक्ति जाति दिवस की तैयारियों के बारे में सभी को अवगत कराया। परिषद के संस्थापक धर्मवीर बसोया ने बताया की सभी डीएनटी के प्रतिनिधियों की इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, विमुक्ति जाति दिवस के आयोजक रोमी भाटी ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए कार्यक्रम में आए सभी लोगों के सवालों का जवाब भी दिया। रोमी भाटी ने कहा की डीएनटी समाज के लोगों को ही इस बात की जानकारी नहीं है की उनके समाज के इतिहास के साथ कितना बड़ा अत्याचार हुआ है। उन्होंने ये भी कहा कि डीएनटी पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और हर व्यक्ति को इस मुहिम से जोड़ा जाएगा। इस मीटिंग में विनीत चौधरी, डॉ. अमर सिंह, एडवोकेट सीमा, नीतू भड़ाना, अन्नू भड़ाना आदि भी मौजूद रहे और अपनी बात रखी।

**विमुक्ति जाति दिवस को लेकर सभी समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक**

# केजरीवाल ने सपनों का गारंटी कार्ड बनाया है : वीरेंद्र

## चुनावी राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा पर घेरा

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सपनों का गारंटी कार्ड बनाया है, जिसे वह दिल्ली में पूरी तरह से लागू किए बिना पूरे देश में बेचने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए वह जिन राज्यों में भी गए हैं, वहां की जनता ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया है। सचदेवा ने कहा है कि उत्तराखंड से शुरू होकर गुजरात, गोवा, कर्नाटक और अब छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में, अरविंद केजरीवाल सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर रहे हैं। 3000 बेरोजगारी भत्ता, रुपए सभी वयस्क महिलाओं के लिए 1000 रुपए, मुफ्त परीक्षण, दवा, नए अस्पतालों के साथ ऑपरेशन, अस्थायी और तदर्थ कर्मचारियों का नियमितीकरण और संविदा नौकरियों की समाप्ति। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल से पूछा है कि वह दिल्लीवासियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के लोगों को भी बताएं कि वह दिल्ली के सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त क्यों नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल सरकार केवल 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है, वह भी उन लोगों को जो केवल 200 यूनिट तक की खपत करते हैं, 201 यूनिट खपाने वाले उपभोक्ता को एक भी यूनिट फ्री नहीं मिलती। अन्य किसी वर्ग के उपभोक्ताओं को कोई मुफ्त बिजली नहीं दी जाती है और दिल्ली की कमर्शियल बिजली दरें देश में सर्वाधिक हैं। इसी तरह, केजरीवाल सरकार दिल्ली में कोई बेरोजगारी भत्ता नहीं देती ना ही वयस्क महिलाओं को कोई वजीफा नहीं देती है और न ही उनकी सरकार ने पिछले 8 वर्षों के दौरान दिल्ली सरकार सचिवालय के एक भी कर्मचारी को नियमित किया है। दरअसल, दिल्ली सरकार के कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों आदि में सफाई, गार्ड, नर्सिंग स्टाफ, डेटा ऑपरेटर और शिक्षक जैसी कई सेवाएं भी अनुबंधित कंपनियों के माध्यम से ली जाती हैं। यहां तक कि दिल्ली की बस सेवा भी निजी क्लस्टर बसों पर निर्भर है।



## सार संक्षेप

### स्टार रामचरण ने संतोष कुमार की पुस्तक विंग्स ऑफ पैशन की लॉन्च

**नई दिल्ली।** यह दुर्लभ है कि लोग राजनीति और सार्वजनिक सेवा में सक्रिय रहते हुए कला के क्षेत्र में विशेष रुचि दिखाते हैं। ऐसे दुर्लभ और अच्छे दिल वाले व्यक्ति हमारे राज्यसभा सदस्य जोगिनीपल्ली संतोष कुमार हैं, ग्लोबल स्टार रामचरण ने ये विचार व्यक्त किए। फिल्म नायक रामचरण ने अपने आवास पर सांसद संतोष कुमार द्वारा खींची गई वन्यजीव तस्वीरों के संकलन की पुस्तक विंग्स ऑफ पैशन का अनावरण किया। इस अवसर पर बोलते हुए रामचरण ने कहा कि पुस्तक में उल्लिखित उद्धरण जब हम पक्षियों के करीब आते हैं तो शांति बनाए रखें दिल को छू लेने वाला है। हमें प्राणियों के प्रति दया, स्नेह बनाए रखने और उनके साथ रहने के अद्भुत दर्शन को समझना चाहिए। यह अंदाजा लगाने के लिए काफी है कि संतोष कुमार ने पशु-पक्षियों पर अध्ययन करने के लिए बहुत मेहनत की है। देश में बहुत सारे फोटोग्राफर हैं, लेकिन मेरी राय में संतोष कुमार एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो राजनीतिक पृष्ठभूमि से आए हैं, उन्होंने एक पेशेवर फोटोग्राफर की तरह तस्वीरें लीं और उन्हें एक किताब में संकलित किया।

### आयुर्वेद में शोध को सीबीपीएसीएस व डीपीएसआर ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** एशिया का सबसे बड़ा दिल्ली सरकार के आयुर्वेदिक अस्पताल चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान सीबीपीएसीएस खेड़ा डाबर नजफगढ़ और दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी डीपीएसआर ने आयुर्वेदिक चिकित्सा और औषधि विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीबीपीएसीएस के निदेशक प्रिंसिपल प्रो. डॉ. एम. बी. गौड़ ने साझेदारी के बारे में कहा कि यह सहयोग अंतर-विषयक अनुसंधान और विचारों के आदान-प्रदान के लिए नए रास्ते खोलता है। साथ मिलकर, हम पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान और उपलब्धियों का प्रयोग आधुनिक फार्मास्युटिकल स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कर सकते हैं। इसी तरह, डीपीएसआरयू के कुलपति प्रोफेसर रमेश के.गोयल ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि, हम मानते हैं कि आयुर्वेद और आधुनिक फार्मास्युटिकल विज्ञान के संलयन में अभूतपूर्व समाधान लाने की क्षमता है। यह सहयोग हमें सक्षम बनाएगा।

### दिल्ली विश्वविद्यालय में 'डूसू इन कैंपस' अभियान आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में नया सत्र शुरू हो गया है। नए और मौजूदा छात्रों की समस्याओं को जानने एवं उनकी समस्याओं को समाधान की ओर ले जाने के लिए 21 अगस्त से दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारी 'डूसू इन कैंपस' अभियान चलाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत दो गुटों में डूसू के पदाधिकारी प्रत्येक कॉलेज कैंपस में जाकर छात्रों से मिलेंगे। उनकी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे एवं कॉलेज कैंपस एक्टिविज्म के बारे में और डूसू की वर्तमान योजनाओं के बारे में छात्रों को अवगत कराएंगे। नवीन प्रवेश के साथ ही लम्बे समय के बाद एक साथ सभी पाठ्यक्रमों के छात्र दिल्ली विवि कैंपस में आए हैं। एक साथ सभी कक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। डूसू के अध्यक्ष अक्षित दहिया ने बताया कि 'डूसू इन कैंपस' अभियान दो गटों में चलाया जाएगा जिसमें पहले गट में डूसू अध्यक्ष तथा दुसरे गट में उपाध्यक्ष एवं सहसचिव, 21 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रत्येक कॉलेज कैंपस में जाकर छात्र-छात्राओं से मुलाकात करेंगे। लंबे समय के बाद एकसाथ सम्पूर्ण विश्वविद्यालय में सभी वर्षों की कक्षाएं एक साथ शुरू हुई हैं।

# राजधानी में 623 विभूतियों को छठ सेनानी सम्मान से नवाजा गया

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के आईटीओ स्थित गांधी मेमोरियल ऑडिटोरियम प्यारे लाल भवन में छठ महापर्व समन्वय मंच द्वारा प्रथम छठ सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें 623 विभूतियों को छठ सेनानी सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. पी.के. भारती वाइस चांसलर, ग्लोकल यूनिवर्सिटी, डॉ. राकेश यादव, वाइस चांसलर, श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, डॉ.प्रदीप कुमार एडमिशन डायरेक्टर, ग्लोकल यूनिवर्सिटी, जे.पी. चीफ कमर्शियल मैनेजर, न्याय एवं न्यायपालिका, भारतीय रेलवे, कुमार मुकेश, मा.से.बार काउंसिल




ऑफ दिल्ली, नलिनी रंजन, पीआरओ, आईपी यूनिवर्सिटी दिल्ली, संजय सरन, आईआरएस, पूर्व चीफ कमिश्नर कस्टम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर छठ महापर्व समन्वय मंच के संयोजक रजनीश झा ने कहा कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने का हमारा मुख्य उद्देश्य दिल्ली में जितनी भी छठ आयोजित समिति है चाहें वह रजिस्टर्ड है या अन रजिस्टर्ड है, उनको सम्मानित करने का है। अभी तक आपने देखा होगा कि छठ सम्मानित आयोजक समितियों दुनियां को सम्मानित करता है पर उनको कोई सम्मानित नहीं करता है। हमारा उद्देश्य उनको सम्मान प्रदान कराना है तथा यमुना छठ घाट में छठ मनाने पर जो रोक लगी हुई है इस हटवाना, क्योंकि हरियाणा व उत्तर प्रदेश में छठ हो रहा है और दिल्ली के जितने बॉर्डर पड़ रहे उसमें छठ पर्व नहीं हो रहा है यह एक दुखद विषय है, क्योंकि यह पर्व ही नदियों का पर्व है। इस सम्मान समारोह में समिति के संयोजक रजनीश झा, सह संयोजक धनज्जय सिंह, राजकुमार सिंह, अनीश कंठ, शैलेन्द्र पाण्डेय, रमेश चैधरी, अमित यादव, अनिल झा, अविनाश कुमार, राम दुलार कुशवाहा, रितेश सिंह राणा, कमला कांत झा गजेंद्र ओझा सहित कई गणमान्य लोग इस सम्मान समारोह को सफल बनाने अहम योगदान दिया था।

## दिल्ली पुलिस इंस्पेक्टर का आरोप

# डीसीपी, एसआई ने प्रमोशन के लिए मांगी रिश्वत

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर ने आरोप लगाया है कि एक डीसीपी और एक सब इंस्पेक्टर ने उसे प्रमोशन, बकाया और वेतन वृद्धि के संबंध में अनुकूल व्यवहार के बदले कथित तौर पर 5 लाख रुपये की रिश्वत देने के लिए मजबूर किया। डीसीपी और एक जूनियर अधिकारी पर ये गंभीर आरोप लगाने वाले दिल्ली पुलिस इंस्पेक्टर अजय गुप्ता फिलहाल पांचवीं बटालियन में तैनात हैं। इंस्पेक्टर अजय गुप्ता द्वारा शिकायत दर्ज करने से पहले डीसीपी ने उनके खिलाफ एक विभागीय जांच (डीई) का आदेश दिए। हालांकि, गुप्ता ने दावा किया कि रिश्वत देने से इनकार करने के बाद डीई शुरू की गई। 8 अगस्त को गृह मंत्रालय, उपराज्यपाल, लोकायुक्त और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा सहित कई संबंधित अधिकारियों के पास दायर की गई अपनी शिकायत में गुप्ता ने



आरोप लगाया कि उन्हें कृष्णा मीणा (5वीं बटालियन डीएपी के डीसीपी) और एसआई राजीव नायर ने पांच लाख रुपए की रिश्वत देने के लिए मजबूर किया। गुप्ता ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि 26 अप्रैल को, उन्होंने अपने मामलों और लंबित प्रारंभिक जांच के संबंध में फिर से डीसीपी मीणा से संपर्क किया। गुप्ता ने कहा कि संबंधित विभागों को निर्देश देने के बजाय, डीसीपी मीणा ने मुझे एसआई राजीव से संपर्क करने का निर्देश दिया। मैंने बताया कि राजीव केवल एक एसआई है, और एक डीसीपी के रूप में मीणा को सहायता की पेशकश करनी चाहिए।

### इलेक्ट्रॉनिक सबूत होने का किया दावा

गुप्ता ने बताया कि एसआई ने एडवांस के तौर पर 20 हजार रुपए ले लिए थे। इंस्पेक्टर अजय गुप्ता ने अपने आरोपों को साबित करने के लिए एसआई के साथ बातचीत की रिकॉर्डिंग सहित इलेक्ट्रॉनिक सबूत होने का दावा किया। इंस्पेक्टर अजय गुप्ता ने अपनी शियाकत में कहा है कि एक झूठे आपराधिक मामले में शामिल होने के कारण मेरे प्रमोशन में देरी हुई, मामले में मुझे 28 अक्टूबर 2022 को बरी कर दिया गया था। तब से, मेरा प्रमोशन, बकाया, वेतन वृद्धि और अन्य लाभ संबंधी मामले मेरी 5वीं बटालियन डीएपी दिल्ली में लंबित हैं। इन मामलों के संबंध में, मैंने अपने लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान का अनुरोध करने के लिए डीएएनपी/डीसीपी कृष्ण मीणा से संपर्क किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

# लेक्ट्रिक्स ईवी ने 2 नए शोरूम के साथ दिल्ली में किया प्रवेश

**नई दिल्ली,**20 अगस्त (देशबन्धु)। टिकाऊ गतिशीलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में सार ग्रुप की इलेक्ट्रिक गतिशीलता शाखा और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में एक अग्रणी नाम, लेक्ट्रिक्स ईवी ने गर्व से दिल्ली में एक दिन में दो शोरूम का अनावरण किया। इसका पहला शोरूम-राव ऑटोमोबाइल्स नजफगढ़ में और दूसरा, इवोस्टा मोबिलिटी पी लिमिटेड, 20 अगस्त को ओखला में खुला। उद्घाटन में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और लेक्ट्रिक्स ईवी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ के. विजया कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। विजय कुमार ने इस मील के पत्थर के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि हम अपने सबसे बुद्धिमान इलेक्ट्रिक स्कूटर एलएक्सएस जी 2.0 और एलएक्सएस जी 3.0 को 93 गेम चेंजिंग फीचर्स के साथ दिल्ली में लाकर रोमांचित हैं।



# कैंसर पीड़ित बच्चों के बीच पहुंची आईएएस सोनल गोयल

**नई दिल्ली,**20 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और त्रिपुरा भवन की रेजिडेंट कमिश्नर सोनल गोयल ने कुछ अलग अन्दाज में स्वतंत्रता दिवस मानकर नागरिक समर्पण और सेवाभावना की एक अनूठी मिसाल पेश की। सोनल, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान और कैनकिड्स किड्सकैन संस्था द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित एक डोनेशन ड्राइव में शामिल हुईं। बच्चों को कई सारे बोर्ड गेम्स और स्टेशनरी किट बांटने के साथ-साथ उन्होंने पीड़ित बच्चों के साथ बात कर,



■ **बच्चों के साथ वक्त बिताकर किया प्रोत्साहित**

उनके साथ वक्त बिताकर, उन्हें प्रोत्साहित किया। सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान पूर्व में भी ऐसी जैन-हितकारी गतिविधियाँ आयोजित करता रहा है। सोनल गोयल ने बताया कि, कैंसर जैसी भयावह बीमारी से जूझना बड़े-बड़ों के लिए भी बहुत चुनौतीपूर्ण होता है, ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे जिस हिम्मत और हौसले के साथ इस गम्भीर बीमारी का सामना कर रहे हैं, वो काबिल-ए-तारीफ़ है। बच्चों के जीवन में भरे उत्साह के रंग सोनल गोयल आईएएस अपने समाज सेवा के कार्यों के चलते निरंतर चर्चा में रहती हैं।

# दिल्ली सरकार ने वन्यजीवों से संबंधित शिकायत के लिए पोर्टल शुरू किया

**नई दिल्ली,**20 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली वन विभाग ने रविवार को वृक्षों, वन और वन्यजीवों से संबंधित खतरों एवं अपराधों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक पोर्टल शुरू किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वेबसाइट की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल ग्रीन हेल्पलाइन 1800-11-8600 के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करेगा और नाजुक परिस्थितियों में समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। इस पोर्टल में हेल्पलाइन पर दर्ज सभी शिकायतें रिकॉर्ड होंगी। इसके अलावा संबंधित शिकायतों पर की गई कार्रवाई के बारे में यहां से जानकारी मिलती रहेगी। राय ने कहा कि इससे संबंधित विभाग की जवाबदेही बढ़ेगी। इस पोर्टल पर पेड़ों को नुकसान पहुंचाने, वन भूमि पर अतिक्रमण करने, वन्यजीवों को खतरा पहुंचाने, वन्यजीव को बचाने के लिए मदद की जरूरत से संबंधित सूचना दे सकते हैं।



**तैयारी** *बसों की कमी से जूझ रहे दिल्ली वालों की परेशानी जल्द होगी दूर*

# राजधानी की सड़कों पर जल्द उतरेंगी सौ इलेक्ट्रिक बसें

**नई दिल्ली,20 अगस्त (देशबन्धु)। बसों की कमी से जूझ रहे दिल्लीवासियों के लिए अच्छी खबर है। जहां सड़कों पर बस का इंतजार करने वाले लोग अब बिना किसी मुश्किल के अपने सफर को आसान बना पाएंगे। दिल्ली सरकार दिल्ली की सड़कों पर उच्च व्यवस्था वाली बसों को उतारने के लिए हर कोशिश कर रही है। अब दिल्लीवासियों को दिल्ली परिवहन निगम द्वारा एक बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है बता दें कि दिल्ली परिवहन निगम सड़कों पर 100 ऐसे इलेक्ट्रिक बस निकालने वाली है जो उच्च सुविधाओं के साथ-साथ अच्छी अवस्था में भी होंगें। इन बसों की अभी पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है जिसपर सिर्फ अब हरी झंडी देना ही बाकी है।**

बीते दिनों इसी तरह की बसों को सड़कों पर उतारना था लेकिन कुछ खामियों के कारण ऐसा हो नहीं पाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के माने तो सितंबर के महीने 100 इलेक्ट्रिक बस दिल्ली कि सड़कों पर दौड़ेंगे। दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ लोगों के लिए उनके परिवहन को आसान करने का हर तरीका निकाल रही है। ताकि किसी भी व्यक्ति को परिवहन का अभाव ना हो। कुछ वक्त पहले दिल्ली के बस स्टोपों की हालत भी ठीक नहीं थी, लेकिन अब बस स्टॉप पर बैठने की सुविधा के साथ- साथ वाईफाई के सुविधा भी उपलब्ध है। इस वक्त डीटीसी के पास कुल 488 इलेक्ट्रिक बसें मौजूद है। ऐसे बस भी शामिल है जिन्हें बीते साल ही बेड़े में शामिल किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही दिल्ली के सड़कों पर यह इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगे और दिल्ली वासी आरामदायक तरीके से अपने सफ़र को तय कर पाएंगे। डीटीसी ने बनाया है कि अगर यह बसें चलती है तो यह मायापुरी डीपो से चलेंगे और इसके कई अलग-अलग रूट भी होंगें ।



■ **पंजीकरण प्रक्रिया खत्म होने के बाद मिलेगी हरी झंडी**
■ **सितंबर महीने में सौ इलेक्ट्रिक बसों के दिल्ली की सड़कों पर दौड़ने की उम्मीद**

### डीटीसी के पास हैं चार हजार बसें

इस समय कुछ बसों के तकनीकी स्तरों की जांच की जा रही है। इन बसों में सीसीटीवी के साथ-साथ पैनिक बटन, जीपीएस समेत कई सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन बसों का काल पूरा हो चुका है उन्हें डीपो से हटाया जाएगा। आपको जानकर हैरानी होगी की डीटीसी के पास अबतक कुल 3992 बसें हैं जो अब 4000 का आंकड़ा भी पार करने वाले हैं। इस पाल दिल्ली परिवहन का ये लक्ष्य है की इस साल के अंत तक दिल्ली की सड़कों पर 1500 इलेक्ट्रिक बसों को उतारना हैं। डीटीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है की अभी आधुनिक डीपो का भी निर्माण करना है। जिन्हें विद्युतीकरण किया जाना है। साथ ही इन डीपो पर बसों के रखरखाव की पूरी सुविधा होगी।

# अलीपुर में चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हथियारबंद चोरों ने रविवार को एक प्लास्टिक फैक्ट्री के गोदाम को निशाना बनाया। चोरों ने सुरक्षा गार्ड को बेरहमी से पीटा और उसे बांधने के बाद लाखों रुपये की सामग्री लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकेश नामक एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि हथियारबंद चोरों ने एक गोदाम में चोरी की है। पुलिस ने बताया कि गोदाम का गार्ड क्रेन ऑपरेटर का काम करता है और रात की ड्यूटी के दौरान गोदाम परिसर में ही सोता है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे जब गार्ड दरवाजा खोलकर सो रहा था, तभी चार अज्ञात व्यक्ति उसके कमरे में घुस आए और उसे पीटना शुरू कर दिया। फिर उन्होंने उसे बैठने के लिए मजबूर किया। उनमें से एक ने उस पर नजर रखी, जबकि अन्य लोग अपना पिकअप वाहन गोदाम परिसर के अंदर ले आए।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “

थाना इंदिरापुरम पुलिस व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन ने जांच के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर इन्दिरापुरम क्षेत्र में कई गाड़ियों का लॉक तोड़कर गाड़ियों से ईसीएम चोरी करने वाले 3 शातिर अभियुक्तों को शिप्रा माल सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो के पास से पुलिस टीम द्वारा इन्दिरापुरम पूर्व में गाड़ियों से चोरी किए गए 12 ईसीएम बरामद किए गए है।

**स्वतंत्र सिंह, एसीपी इंदिरापुरम**

## 200 करोड़ की एफडी मामले की जांच अभी तक नहीं हो सकी पूरी

**नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के 200 करोड़ रुपए के एफडी मामले की जांच करीब डेढ़ महीने बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में इस मामले में जवाबदेही वाले

■ **15 दिनों में जांच होनी थी पूरी**

अफसर-कर्मचारियों पर कोई शिकंजा नहीं कसा है। खास बात यह है कि इस मामले की जांच 15 दिन में पूरा करने के लिए तत्कालीन सीईओ ने निर्देश दिए थे। नोएडा प्राधिकरण ने 200 करोड़ रुपए की एफडी कराने के लिए जून महीने में सेक्टर-62 स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया था। इस मामले में जालसाजों ने प्राधिकरण-बैंक अधिकारी-कर्मचारियों से मिलीभगत कर जून महीने के अंत में 3 करोड़ रुपए निकाल विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा दिए थे।

इसके बाद 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी लेकिन गड़बड़ी का अंदेशा होने पर यह पैसा ठगे जाने से बच गया। इस मामले में जुलाई के पहले सप्ताह में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कोतवाली सेक्टर-58 में मामला दर्ज करा दिया था। इसके साथ ही प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी ने मामले की जांच के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित कर दी थी। समिति को 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इस बीच प्राधिकरण को बैंक की तरफ से पूरे 200 करोड़ रुपए मिल गए हैं। खास बात यह है कि जो जांच 15 दिन में पूरी हो जानी चाहिए थी वो करीब डेढ़ महीने बाद भी अधूरी है। अधिकारी जल्द जांच पूरी होने का दावा कर रहे हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि सभी बयान लेने का काम पूरा हो चुका है। फाइनल रिपोर्ट भी जल्द तैयार कर सीईओ को सौंप दी जाएगी।

### प्राधिकरण को शासन से जमीन अधिग्रहण के मिलेंगे 400 करोड़

**नोएडा।** जमीन अधिग्रहण के लिए शसन से नोएडा प्राधिकरण को अगले सप्ताह करीब 400 करोड़ रुपए मिल जाएंगे। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि रुपए आने पर उसको अलग-अलग अनुपात में परियोजनाओं पर खर्च किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण का अपना अलग बजट होता है। प्राधिकरण का हर वर्ष चार से छह हजार करोड़ का बजट होता है। पहले 8-9 हजार करोड़ रुपए का बजट प्राधिकरण का होता था। शासन से प्राधिकरण को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती, लेकिन अब पहली बार शासन भी पैसा देने जा रहा है। कुछ महीने पहले शासन ने पत्र भेजकर नोएडा प्राधिकरण को 1500 करोड़ रुपए देने को लेकर सहमति जताई थी, लेकिन अभी कम पैसा दिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक स्वतंत्र कुमार ने बताया कि अगले सप्ताह करीब 400 करोड़ रुपए शासन से मिलने की पूरी उम्मीद है। पैसा आने पर उसे मुख्यत: जमीन अधिग्रहण और विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नए नोएडा एरिया में जमीन अधिग्रहण के लिए बजट में एक हजार करोड़ रुपए का बजट तय किया गया था, लेकिन इस साल वहां पर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होना मुश्किल है। अगले साल मार्च तक इसकी शुरुआत हो सकती है। नोएडा प्राधिकरण इन दिनों नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के पास सेक्टर-161 से 166 विकसित कर रहा है। ये सेक्टर खासतौर से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाएंगे। ऐसे में इन सेक्टर से लगे गांवों के जमीन की अधिग्रहण प्रक्रिया चल रही है। किसान आसानी से जमीन देने को तैयार नहीं हो रहे हैं। वे अधिक मुआवजा समेत अन्य सुविधाएं चाह रहे हैं।

## निर्माण कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी : महापौर



**गाजियाबाद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को वार्ड 70 जनकपुरी के वृन्दावन गार्डन में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य की निर्माण लागत 68 लाख है। यह

■ **महापौर ने वृन्दावन गार्डन में 68 लाख की सड़क व नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

कार्य 15वां वित्त आयोग की बैठक में पास कराया गया था। महापौर ने जाकर कार्य शुरू कराया है।

महापौर ने इस अवसर पर कहा कि राशि में अधिकतम वृन्दावन गार्डन में विकास हो जाएगा। वृन्दावन गार्डन में लगातार कई वर्षो से स्थानील लोगो द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण की मांग थी। लगातार पार्षद भी कार्य के निर्माण के लिए प्रयासमय थे लेकिन महापौर के द्वारा उक्त कार्य आज शुरू कराया गया है। जिसका लाभ लगभग 50 हज़ार लोगो को होगा।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि आप लोग एवं आपही के बीच के पार्षद है आप सभी को सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जनकपुरी के खजूर वाले पार्क का नामकरण क्षत्रपति शिवाजी के नाम पर होगा**

उद्घाटन के उपरांत स्थानीय जनता ने पार्षद के माध्यम से महापौर के समक्ष खजूर वाले पार्क का नामकरण क्षत्रपति शिवाजी के नाम पर रखने की बात रखी गई। जिसके लिए महापौर सुनीता दयाल ने जनता को नियमानुसार नामकरण करने की बात कही।

इस दौरान बिजेन्द्र भड़ाना मंडल अध्यक्ष, नीरज, पंकज तिवारी, अनुपमा रघुवंशी, राजवीर, इंदरजीत पांडेय, गोरे पांडेय, के एन जोशी, चौधरी सुभाष, हनुमान कौशिक, प्रियरंजन, अमित शर्मा, प्रवेश विधुरी, आकाश ठाकुर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सार** संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई



**बुलंदशहर।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप मे मनायी एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधयक्ष ठा0 राकेश भाटी ने की तथा उन्होंने बताया कि स्व. राजीव गांधी को सबसे कम उम्र में भारत के प्रधानमंत्री मंत्री बनने का सौभागय प्राप्त हुआ था तथा स्व0 राजीव आधुनिक भारत के जनक थे कंप्यूटर लाने का काम किया था शहर अध्यक्ष प्रशान्त बाल्मीकि ने बताया कि संपूर्ण भारत में स्व0 राजीव गांधी ने पंचायती राज कानून लागू करने, पिछड़ो दलितों व महिलाओ को आरक्षण लागू करके ग्राम में प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निकाय पालिका में चुन के आने का अधिकार दिया। इस मौके पर सुभाष गांधी, हर्षवर्धन वाल्मीकि, नरेन्द्र, विमलेश, बसन्त पन्डित, सादिक़ सैफी, डॉ. एसडी शर्मा, आदर्श देव शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, जेपी शर्मा, साहिद मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग की छापेमारी में दो महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** आबकारी विभाग ने रविवार को लोनी थाना इलाके के रिस्तल गांव में छापा मारकर दो महिला शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री व परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आबकारी टीम गाजियाबाद की टीम ने थाना टीला मोड़ अंतर्गत रिस्तल गांव में दबिश दी गई। दबिश के दौरान गुड्डी के घर से लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। अभियुक्ता से पूछताछ के दौरान दी गई निशानदेही पर एक अन्य महिला राजेश कसाना के घर दबिश दी गई। दबिश के दौरान के घर से लगभग 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इस प्रकार कुल 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई तथा 02 अभियुक्ताओं को मौक़े से गिरफ़्तार किया गया। दोनों अभियुक्ताओं के खिलाफ थाना टीला मोड़ में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत अभियोग पंजीकृत कराते हुए जेल भेजा गया।

### बिजली का पोल लगाते समय करंट लगने से एक की मौत, 6 घायल

**नोएडा।** सेक्टर-24 कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल के पास रविवार शाम स्ट्रीट पोल खड़ा करने के दौरान सात कर्मचारी करंट की चपेट में आने से झुलस गए। हादसे में झुलसे एक कर्मचारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। छह घायलों का इलाज ईएसआइसी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। शाम करीब 6-45 बजे विद्युत अररिया, बिहार के दिलकश राजा सहित सात कामगार करीब 20 फीट का स्ट्रीट पोल हाथ से ही खड़ा कर रहे थे। पोल खड़ा करने के दौरान यह पास से गुजर रही 11 हजार केवी की की हाईटेंशन लाइन से छू गया। इस कारण पोल में करंट उतर आया। हादसे में दिलकश राजा समेत सातों लोग झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे दिलकश राजा ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायलों को सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों, गार्डों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

## देश में संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी जी : तंवर

**नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी का 79वां जन्मदिवस कांशीराम आवास विकास कालोनी सेक्टर-45 में जरूरतमंदों को भोजन, फल व जूस बांटकर बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसियों ने इनके जीवन गाथा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहा कि सन 80 के दौर में जब दुनिया अपने तौर-तरीके तेजी से बदल रही थी, उस समय भारत की सत्ता राजीव गांधी ने संभाली। सरकार में आते वक्त गांधी के हृदय में मां को खोने का अपार दुख था। परंतु इसका असर उनकी कार्य-शैली पर तनिक भी नहीं पड़ा। इसका जीवंत प्रमाण उनके कार्यकाल की वो उपलब्धियां है जो उनके नेतृत्व में इस देश को हासिल हुई। नवोदय विद्यालयों की स्थापना भी 1986 में घोषित शिक्षा नीति के

■ **पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिवस जरूरतमंदों को भोजन, फल व जूस बांटकर मनाया**

तहत हुई, 30 जून 1986 को संपन्न यह मिजो समझौता देश की अखण्डता और अनेकता में एकता के सिद्धांत का स्वर्णिम अध्याय है। कांग्रेस नेता रोहित सप्रा ने कहा कि जुलाई 1985 में अकाली दल के तत्कालीन अध्यक्ष हरचंद सिंह लोंगोवाल और राजीव के बीच पंजाब समझौता हुआ। 1988 में बेनामी सम्पत्ति वालो पर भी नकेल कसी गई। 1985-86 में इन्दिरा आवास योजना शुरु हुई, इसमें गरीबों को मुफ्त में मकान बनाकर दिए गए। पीसीसी सदस्य सोनू खारी ने कहा सन 1986 में सेशेल्स में राष्ट्रपति फ्रांस-अल्बर्ट रेने की सरकार के खिलाफ धमकी भरे तख्तापलट में मदद करने के लिए भारतीय नौ-सेना द्वारा 'ऑपरेशन-फ्लोवर्स आर ब्लूमिंगकिया गया। हमारे देश में संचार क्रांति के जनक भी राजीव जी ही माने जाते हैं इन्होंने एम टी एन एल, और बीएसएनएल का नेटवर्क देशहित में खड़ा किया।

## कारों से एसीएम चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। स्वाट टीम ट्रांस हिंडन व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा गाड़ियों का लॉक तोड़कर ईसीएम चोरी करने वाले 3 शातिर बदमाशों

■ **पुलिस से बचने के लिए वाहन बदल-बदल कर करते हैं घटनाएं**
■ **गाड़ियों से चोरी किए गए 12 ईसीएम बरामद**

को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 12 ईसीएम, एक लाख रुपए नगद व गाड़ियों के लॉक तोड़ने के औजार बरामद किए हैं।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन ने जांच के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर इन्दिरापुरम क्षेत्र में कई गाड़ियों का लॉक तोड़कर गाड़ियों से ईसीएम चोरी करने वाले 3 शातिर अभियुक्तों को शिप्रा माल सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है।



गिरफ्तार अभियुक्तो के पास से पुलिस टीम द्वारा इन्दिरापुरम पूर्व में गाड़ियों से चोरी किए गए 12 ईसीएम बरामद किए गए है, साथ ही गाड़ियो के लॉक तोड़ने के औजार व कुल एक लाख रुपए बरामद कर आरोपितों चोरी की घटनाओ में प्रयुक्त वैगनार गाड़ी को सीज किया गया है। अभियुक्तगणो के पास से ईसीएम बरामद कर इन्दिरापुरम में ईसीएम चोरी से सम्बन्धित कई घटनाओ का अनावरण किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगणो से पूछताछ में बताया कि हम लोग दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में घरो के बाहर खड़ी गाड़ियो के शीशे/लॉक तोड़कर ईसीएम चुराते है। पुलिस से बचने के लिए हम लोग वाहन बदल बदल कर घटनाएं करते है तथा चोरी किए गए ईसीएम को कबाड़ी दिलशाद निवासी 1620 गली ताजरान निकट जामा मस्जिद दिल्ली को बेच दिया करते है तथा मिले पैसो को आपस में बांट लेते है।

उन्होंने बताया कि रात्रि को हमने इन्दिरापुरम क्षेत्र से करीब 18-20 गाड़ियो के ईसीएम चोरी किए थे जिसमें हमारा साथी हरीश पुत्र अशोक शर्मा निवासी न्यू कोण्डली दिल्ली भी हमारे साथ था। 8 अगस्त को हम तीनो ने ज्ञानखंड से एक कार से ईसीएम चोरी किया था। हमने चोरी किए गए ईसीएम में से कुछ ईसीएम कबाड़ी दिलशाद को बेच दिए है। बेचे गए ईसीएम से जो पैसे हमे मिले थे वो हमने आपस मे बांट लिए थे। हमारे पास से जो पैसे बरामद हुए है वह उन्हीं ईसीएम को बेचकर प्राप्त किए गए है जिनमें से कुछ पैसे हम लोगो ने खर्च कर दिये है तथा बरामद ईसीएम भी इन्दिरापुरम क्षेत्र से चोरी किये गए है।

गिरफ्तार बदमाशों में राहुल निवासीन्यू अशोक नगर वसुंधरा एन्कलेव इस्ट दिल्ली, राजकुमार निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली, धनिश डोंगरा निवासी न्यू कोण्डली दिल्ली हैं।

## सामाजिक संस्था युवा सोशल शक्ति फाउंडेशन द्वारा 94वां स्वच्छ यमुना मिशन का सामूहिक आगाज

**नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। वाईएसएस फाउंडेशन द्वारा 'स्वच्छ यमुना मिशन' के तहत रविवार को यमुना नदी के किनारे सफाई अभियान का 94वां चरण शुरू किया। इस अभियान में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी हमारे देश की प्राचीन और पवित्र नदियों में से एक है। लेकिन आज यह प्रदूषण के कारण खतरे में है। हमें मिलकर इस नदी को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के यमुना कॉर्डिनेटर दिनेश कुमार ने कहा कि हमने पिछले 93 अभियानों के दौरान यमुना नदी से हजारों टन कचरा निकाला है।

लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है। हमें लगातार प्रयास करते रहना होगा। कार्यक्रम में सफाई अभियान के अलावा, लोगों को यमुना



नदी के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सफाई अभियान में शामिल लोगों ने यमुना नदी के किनारों से प्लास्टिक, जूते, कपड़े, कचरा आदि निकाला। उन्होंने नदी में गिरे हुए पेड़ों को भी हटाया। सफाई अभियान के बाद, लोगों ने संकल्प लिया कि वे यमुना नदी को स्वच्छ और स्वच्छ रखने के लिए हमेशा प्रयास करेंगे।

## कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

**नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने फाइनेंस हब कंपनी संचालित कर फर्जी लोन दिलाने के नाम पर

■ **लाखों की कर चुके है ठगी, सेक्टर-63 में खोली थी फर्जी कंपनी**

लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कई फर्जी बैंक खातों से करीब 14 लाख 64 हजार रुपए सीज कराए गए। इनके पास से 12 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 14 कीपैड मोबाइल, 6 मोबाइल टच स्क्रीन (भिन्न भिन्न कंपनी के), 14 फर्जी लोन अप्रूवल प्रमाण पत्र, एग्रीमेन्ट छायाप्रत, 36 डाटा सीट छायाप्रति, 3 गाड़ियां एमवी एक्ट में सीज बरामद की गई है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा राजीव दीक्षित ने बताया कि इन लोगों ने एच-140 सेक्टर-63 में एक फर्जी कॉल सेंटर एक फर्जी कंपनी फाइनेंस हब ग्रुप नाम से खोली थी। ये लोग






लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। उनसे प्रोसेसिंग और फाइल चार्ज के नाम पर पैसे मंगवाते थे।

इसके बाद एग्रीमेंट के नाम पर 25 हजार 500 से 30 हजार रुपए लेकर फाइनेंस हब ग्रुप के नाम से फर्जी अप्रूवल लेटर उनको भेजते थे। इनके कब्जे से बरामद सभी मोबाइल फोन, डेस्कटाप कम्पयूटर का प्रयोग काल करने व फर्जी डाक्यूमेन्ट तैयार करने में करते थे।

यह काम ये लोग पिछले कई सालों से दिल्ली एनसीआर में आफिस की जगह बदलकर करते आ रहे है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विपिन कुमार ये गैंग का सरगना है। हिमांशु शर्मा, पंकज, अवनीश कुमार, पुनीत गौतम और अभिषेक हुई है। इसमें विपिन साल 2014 में भी एक फर्जी काल सेंटर में काम करता था। जो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से फर्जी काल सेंटर चला रहा था। इससे पूर्व बिहार राज्य से भी जेल जा चुका है। इनके कई बैंक खाते मिले है। जिसमें क्रमश 5 लाख 8 हजार, 4 लाख 60 हजार और 4 लाख 22 हजार रुपए मिले है। जिनको फ्रीज किया गया है।

## पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है उसका फर्ज निभाऊंगा : सुरेन्द्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाया, जिसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिले में समाज के लोगों में खुशी है। इसी

■ **सर्वसमाज के लोगों ने रामलीला मैदान में सुरेन्द्र नागर का किया जोरदार स्वागत**

के तहत रविवार को सुरेन्द्र सिंह नागर के समर्थनों ने रामलीला मैदान बिरौंडी में जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को उनका काफिला डीएनडी से होता हुआ महामाया फ्लाईओवर के नीचे पहुंचा। यहां पर ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद राज्यसभा




सांसद का काफिला ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच उनके समर्थकों ने फूलों की वर्षा कर बैंड बाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वह जहां जहां भी रुके, उन पर फूलों की बारिश हुई। सेक्टर पाई-1 में स्थित रामलीला मैदान में सर्व समाज संगठन के द्वारा नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में सुरेंद्र नागर ने कहा है कि यहां आई भारी भीड़ ने मेरे नहीं देश के पीएम का धन्यवाद किया है, जिन्होंने मुझे पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी अब हमारा यह फर्ज है कि 2024 के आम चुनाव में एक बार फिर भारी बहुमत से मोदी जी को पीएम बनाए। विपक्ष के गठबंधन पर तंज कसते हुए नागर ने कहा कि हमारी पार्टी महिलाओं का सम्मान करती है और मणिपुर में उनको इंसाफ दिलाया जाएगा। सुरेंद्र सिंह नागर ने संसदीय राजनीति की शुरुआत उत्तर प्रदेश विधान परिषद से की। 1998 में वह स्थानीय निकाय सीट से चुनाव जीतकर एमएलसी बने। साल 2004 में दोबारा इसी सीट से चुनाव जीता। विधान परिषद में 10 समितियों के सदस्य रहे। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले गौतमबुद्ध नगर सीट सामान्य हो गई। सुरेंद्र नागर ने बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा। उनके सामने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा थे। सुरेंद्र नागर ने जीत हासिल की और लोकसभा पहुंच गए। इसके बाद 2016 में राज्यसभा का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। नागर जुलाई 2019 तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रहे। इस दौरान राज नागर भाजुमो जिलाध्यक्ष, ओम पाल प्रमुख, ईश्वर पहलवान ब्लॉक प्रमुख लखनावली, अमित मुखिया, बिजेन्द्र प्रमुख, चैनपाल प्रधान, श्रीनिवास प्रधान, संदीप भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

## जागरूकता की कमी के कारण घरों में लापरवाही से पनप रहा लार्वा

**विश्व मच्छर दिवस**

**नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दुनियाभर में आज यानी 20 अगस्त का दिन विश्व मच्छर दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज ही के दिन साल 1897 में लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के ब्रिटिश डॉ. रोनाल्ड रॉस ने मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी। इस मच्छर के काटने से ही मलेरिया होता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना और बचाव के उपायों के बारे में बताना है। फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने बताया कि मच्छर बीमारियों के वाहक होते हैं। मच्छरों के काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, जीका वायरस और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। इन सभी में डेंगू और मलेरिया सबसे ज्यादा खतरनाक हैं। ये बीमारियां जानलेवा साबित हो सकती है। बारिश के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी बीमारियां ज्यादातर होती हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने और परिवार की सेहत के लिए कुछ आसान और उपयोगी कदम उठाएं। ऐसे में तमाम जरूरी सावधानियों को बरतने के अलावा हम कुछ घरेलू उपायों को अपनाकर भी खुद को इनसे बचा सकते हैं। जहां मलेरिया मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से मलेरिया की बीमारी होती है। इस रोग में व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं इंफेक्टेड हो जाती हैं और खत्म होने लगती हैं। रोगी को सर्दी और सिरदर्द के साथ ही बार-बार कभी कम तो कभी ज्यादा बुखार आता है।

**मच्छर जनित संक्रमण के लक्षण**

- लक्षण हैं ठंड लगना, बुखार, सरदर्द और उल्टी।
- लक्षणों में बुखार शामिल है, जल्दबाज, सरदर्द, मसूड़ों से खून आना या नाक, और आसान खरोंच।
- इस रोग में आंखों और त्वचा पीली दिखती है, और तेज बुखार के साथ ठंड लगना, सिरदर्द, उल्टी और पीठ दर्द।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

मीटिंग की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने की। उपस्थित संगठनों ने दिल्ली एनसीआर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग अलग स्थानों पर चल रहे धरना प्रदर्शनों को पूरा समर्थन देने की घोषणा की गई। साथ ही 02 अक्टूबर 2023 को जमीन पर किसानों के सभी अधिकारों के लिए विशाल किसान महापंचायत करने का निर्णय भी लिया है। **सुनील फौजी एडवोकेट, किसान नेता**

## यमुना एक्सप्रेस वे व पेरीफेरल एक्सप्रेस वे जोड़ने को लेकर इंटरचेंज बनाने का रास्ता साफ



**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए बनने वाले इंटरचेंज का काम जल्द शुरू हो सकता है। मांग पर यमुना प्राधिकरण किसानों को जगनपुर अफजलपुर के पास प्लाट देने की सहमति दे दी है। मुआवजे पर सहमति पहले बन चुकी है।

जगनपुर अफजलपुर के पास यमुना एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनना है। इसको बनाने के लिए टेंडर करीब तीन साल पहले हो चुका है। हालांकि किसानों की मांगों के चलते काम नहीं हो पा रहा है। यमुना प्राधिकरण ने किसानों को मुआवजे के लिए पहले ही सहमत कर चुका है। अब प्राधिकरण ने जगनपुर अफजलपुर के पास आबादी भूखंड देने की हामी भर ली है। इसके लिए करीब 17 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा इस परियोजना में 16.5 हेक्टेयर जमीन जेपी की है। दूसरी जगह यह जमीन दी जाएगी। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि अब जल्द ही इंटरचेंज का काम शुरू होगा। इसके बनने से यात्रियों को काफी फायदा मिलेगा।

### पॉड टैक्सी ओर फिल्म सिटी को लेकर बैठक आज

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित पॉड टैक्सी और फिल्म सिटी परियोजना को लेकर सोमवार को लखनऊ में बैठक होगी। फिल्म सिटी का प्रस्ताव अब कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट में प्रस्ताव रखे जाने से पहले उसकी तैयारी की जानी है। जबकि पॉड टैक्सी को लेकर हुई प्री बिड मीटिंग में आए सुझावों पर चर्चा होगी। इन सुझावों को टेंडर शर्तों में शामिल किया जाएगा।

## खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर के दूसरे संस्करण का समापन

■ **शल्प और परंपरा वाले खिलौने कर रहे प्रेरित, जागरूकता फैलाने में सफल**

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर का आयोजन चीन से आयात हो रहे खिलौनों को चुनौती देने व भारतीय खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था, जिसका इंडिया एक्सपोमार्ट में हुआ। इस अवसर पर हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के कार्यकारी निदेशक आर.के. वर्मा ने बताया कि खिलौना मेला के इस संस्करण में 200 से अधिक विदेशी खरीदारों और उनके प्रतिनिधियों, 500 से अधिक घरेलू वॉल्यूम खरीदारों और 3000 से अधिक सामान्य आगंतुकों ने आयोजन का भ्रमण किया। खिलौना निर्माताओं ने 14 करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ एवं मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त किया। इसके अलावा अधिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए निर्माताओं को फीडबैक मिला। मेले में कनाडा, हांगकांग, इंडोनेशिया, जापान, अमेरिका, नीदरलैंड, यूएई, वियतनाम, सऊदी अरब, उज्बेकिस्तान और कई अन्य देशों से खरीदार आए।

हैमलीज (खरीदारी और सोर्सिंग टीम), अमेजॉन, लुलु इंटरनेशनल मॉल, रिलायंस रिटेल, आईकेईए, स्केचर्स और आईटीसी समूह के घरेलू वॉल्यूम खरीदारों के प्रतिनिधिमंडल ने खिलोना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर का दौरा किया। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप वैद ने कहा कि खरीदारों ने शैक्षणिक खिलौनों और बोर्ड गेम्स को लेकर बहुत अच्छी






प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही आउटडोर खेल उत्पाद विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर समय बिताने के लिए प्रोत्साहित करने के साधन के रूप में मांगे गए हैं। साथ ही हमने ऐप आधारित, रोबोटिक्स और फिजिटल (भौतिक और डिजिटल) उत्पादों के लिए कई खरीदार भी प्राप्त किए हैं। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने साझा किया, 'खिलौना बाजार में क्लासिक और विरासत खिलौनों की तरह ही नए उत्पादों की मांग में वृद्धि देखी जा रही है। नए प्रकार के खिलौनों और खेलों की नए सिरे से मांग बढ़ रही है,जैसे रोमांचक, इंटरैक्टिव, या चित शांत करने वाले खिलौने, वे सभी जो युवाओं की स्क्रीन पर ऑनलाइन होने की लालसा को कम करते हैं।

### बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रदर्शक हुए सम्मानित

इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर के समापन समारोह में सर्वोत्तम प्रदर्शन का स्वर्ण पुरस्कार एशियन हैंडीक्रफ्ट्स प्रा. लिमिटेड गुरुग्राम, सिल्वर पुरस्कार प्रेरा टेक्सटाइल्स इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड पानीपत व कांस्य पुरस्कार बटरफ्लाई एडुफील्ड्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद को मिला। वहीं सबसे इनोवेटिव उत्पाद इलेक्ट्रोबोटिक मैन्युफैक्चरिंग प्रा. लिमिटेड भिवंडी को मिला। सबसे युवा उद्यमी का पुरस्कार युका गेम्स हैदराबाद, टिकाऊ उत्पाद का पुरस्कार विजय डिजाइन इंस्पिरेशन्स प्रा. लिमिटेड ग्रेटर नोएडा को मिला। स्टार्ट-अप में सबसे इनोवेटिव उत्पाद इंदु टॉयज अहमदाबाद को दिया गया।

**सार संक्षेप**

### रोटरी क्लब ग्रीन की महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव



**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी लॉन्ग वुड बैंकट में तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। रितु जैन ने बताया कि सुहागिनों का ये त्योहार क्लब की महिला सदस्यों द्वारा मनाया, जिसमें महिलाओं ने झूला झूलकर, नृत्य किया व अनेकों खेलों में भाग लिया। विजेताओं के साथ साथ कार्यक्रम में आने वाली सभी महिलाओं को उपहार दिया गया। कार्यक्रम में कंगना, आराध्यना, युक्ति, प्रेरणा, प्रज्ञा ने संचालन किया। क्लब से प्रीति अग्रवाल, पिंकी कसाना, सरिता शर्मा, अंजली बंसल, मेघा गोयल, अनीता आर्य, ऋतु जैन, हिमानी वार्ष्णेय, शीतल गर्ग, निधि गर्ग, प्रीति चौधरी, पूजा शर्मा, मनीषा मित्तल व अन्य महिलायें उपस्थित रही।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शादी का झांसा देकर महीनों तक युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शिकायत पर सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी हैं। पुलिस अनुसार क्षेत्र निवासी एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पड़ोसी युवक शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी 8 माह से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था और अब शादी की बात पर आनाकानी करता था। जिसका विरोध करने पर अभियुक्त ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है पीड़िता की शिकायत पर अजीत निवासी रबूपुरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रोटरी क्लब ग्रेनो ने मनाया तीजमहोत्सव व शपथ ग्रहण समारोह

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रेनो ने तीज महोत्सव व शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम का आयोजन अवध ग्रीन में किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। पूर्व अध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि तीज महोत्सव में महिलाओं व बच्चों ने गेम, डांस व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रियतोष गुप्ता ने क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में रोटरी वर्ष 23-24 के लिए। कपिल शर्मा- अध्यक्ष शुभम सिंघल-सचिव व सौरभ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद की पिन लगाकर जिम्मेदारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने 8 नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता भी ग्रहण कराई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुभाष जैन (पीडीजी), जे के गौड़ (पीडीजी), प्रशांत राज शर्मा (डीजीई), मुकुल गोयल (असिस्टेंट गवर्नर), मनोज अग्रवाल (डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर) ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कपिल शर्मा, कपिल गुप्ता, मुकुल गोयल, राकेश सिंघल, अनिल चौधरी, विनय गुप्ता, अशोक अग्रवाल, विकास गर्ग, मनीष गुप्ता, राकेश शर्मा, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अशोक सेमवाल, सीए मनोज जिंदल, शुभम गोयल, नितिन तायल, मानसी गोयल, वंदना शर्मा, श्रुति सिंघल, पारुल अग्रवाल, कुमकुम गुप्ता, निधि गुप्ता, ऋचा गर्ग, सीमा बंसल, वंदना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## व्यापारी सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित

**रबूपुरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 22 अगस्त को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित होने वाले व्यापारी सम्मेलन के संबंध में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को पहुंचने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंधी, मुख्य अतिथि के रूप में जनरल वीके सिंह, उत्तर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, नरेंद्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक व छह जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में संगठन को मजबूती से खड़ा कराने, व्यापारियों की समस्याओं का अधिकारियों से मिलकर समाधान कराने तथा व्यापारी के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए कार्य करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि व्यापारियों की मंडलीय सम्मेलन में व्यापारिक विषय पर भी चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में सुरक्षा, सम्मान माहौल के अंदर देश में बढ़ रहे औद्योगिक उत्पादन निर्यात और बढ़ती रोजगार में राजस्व पर भी चर्चा की जाएगी। इस दौरान ओमवीर सिंह, चन्द्र जैन, नरेश गोयल, हरिओम शर्मा, उमेश गर्ग, दीपक शर्मा, जितेंद्र शर्मा, विनीत सिंघल, घनश्याम गर्ग, हेमंत मित्तल, सुधीर तोमर, महेंद्र जैन, योगेंद्र प्रजापति, अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने गांवों में लोगों की समस्या को सुना

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कई गांवों और सेक्टरों का जनसंपर्क अभियान के तहत दौरा किया और स्थानीय लोगों और किसानों की समस्याएं सुनी। इस दौरान गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कई समस्याओं का समाधान बैठक के दौरान किया और कुछ समस्याओं को अपने संकल्प पत्र में शामिल करने को कहा कि जो बहुत ही जल्द निस्तारित की जाएंगी। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि आज मोदी की योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार ने अपने कार्यों और योजनाओं से विकास की परिभाषा बदल दी। इस अवसर पर लोकेश पेलवन, उमेश भाटी, मांगेराम शर्मा, पप्पू प्रधान, बिजेंद्र चपराना, धर्मेन्द्र चपराना, राजकुमार भाटी, वरुण नागर, अनमोल सूरी, राहुल शर्मा और अन्य लोग उपस्थित रहे।



## दहेज हत्या के आरोप में पति समेत सात पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के चूहड़पुर गांव में मंगलवार की रात एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक के मायके वालों ने अतिरिक्त दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। शनिवार की रात पुलिस ने पति समेत सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के अलीवर्दीपुर गांव की रहने वाली फातिमा की शादी करीब नौ वर्ष पहले दनकौर क्षेत्र के चूहड़पुर गांव निवासी शाहरुख के साथ हुई थी। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर मंगलवार की रात फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया। पुलिस ने बताया कि पति शाहरुख, ससुर महमूद उर्फ कलुआ समेत सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।



## 2 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर होगी विशाल किसान महापंचायत



**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। परी चौक स्थित गुर्जर भवन पर दिल्ली में हुए संयुक्त किसान मोर्चा की तर्ज पर संयुक्त किसान आंदोलन के बैनर तले दिल्ली एनसीआर और पश्चिमी यूपी के 3 दर्जन से अधिक संगठनों ने मिलकर सभी धरना प्रदर्शनों को समर्थन देने की घोषणा।

पूर्व में दो दौर की मीटिंगों के बाद रविवार ग्रेटर नोएडा के अखिल भारतीय गुर्जर संस्कृति शोध संस्थान के सभागार में तीन दर्जन से अधिक संगठनों ने दिल्ली में हुए संयुक्त किसान मोर्चा की तर्ज पर संयुक्त किसान आंदोलन के बैनर तले जमीन पर किसानों के अधिकारों को तय कराने का निर्णय लिया। किसान नेता सुनील फौजी एडवोकेट ने बताया कि मीटिंग की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने की। उपस्थित संगठनों ने दिल्ली एनसीआर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग अलग स्थानों पर चल रहे धरना प्रदर्शनों को पूरा समर्थन देने की घोषणा की गई। साथ ही 02 अक्टूबर 2023 को जमीन पर किसानों के सभी अधिकारों के लिए विशाल किसान महापंचायत करने का निर्णय भी लिया है। 2 अक्टूबर से पहले दिल्ली एनसीआर एवं वेस्ट यूपी के जनपदों में अलग अलग स्थानों पर चल रहे धरना प्रदर्शनों को समर्थन देने का भी निर्णय लिया गया है। सन्युक किसान आंदोलन में जय जवान जय किसान मोर्चा, भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी, भाकियू अजगर, भाकियू बलराज, भाकियू भानू, भाकियू अखण्ड, भाकियू अराजनीतिक, भाकियू अंबावता, बेरोजगार सभा, किसान एकता संघ, डासना किसान संघर्ष समिति, विकास संघर्ष समिति गाजियाबाद, हरियाणा किसान संघर्ष समिति, भूमि बचाओ आंदोलन, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे संघर्ष समिति, अंसल प्रतिरोध किसान मोर्चा, हाईटेक बिल्डर प्रतिरोध किसान मोर्चा, देहात मोर्चा, ग्रामीण विकास मंच सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला टप्पेबाज की हुई शिकार, बाइक सवार सीसीटीवी में कैद

**दनकौर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा के ऊंची दनकौर की रहने वाली एक महिला रजिया रविवार को टप्पेबाजी का शिकार हो गई। एक बाइक पर सवार होकर आए दो लोग उसे 12 हजार रुपए के एवज में ब्रांडेड कंपनी का नकली सामान दे गए। महिला को दिया गया सामान बेहद खराब पाया गया, जिसके बाद उसने पड़ोसियों को मामले की जानकारी दी। लोगों ने बाइक सवार टप्पेबाजों की तलाश की लेकिन वह फरार हो गए। बाद में पुलिस से मामले की शिकायत की गई।



कस्बे में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार दोनों टप्पेबाजी कैद हो गये। घटना के बाद पुलिस द्वारा एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया लेकिन महिला द्वारा उसकी पहचान नहीं करने पर रिहा कर दिया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि महिला को रुपयों के बदले सामान दिया गया है। यदि महिला द्वारा लिखित शिकायत दी जाएगी तो मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दर्जन गांवों की बिजली सात घंटे तक रही गुल



■ **गौर सिटी में रहने वाले लोगों ने किया हंगामा**

**दनकौर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के करीब 35 गांव समेत गौर सिटी में करीब सात घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि 33 केवी लाइन का तार टूटने के कारण समस्या उत्पन्न हुई। रात को ही गौर सिटी में रहने वाले लोगों ने जमकर हंगामा किया। बाद में करीब रात एक बजे विद्युत आपूर्ति शुरू होने पर लोग शांत हुए। क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे के नजदीक से होकर 33 केवी की लाइन दनकौर विद्युत उपकेंद्र के लिए आ रही है। यह लाइन जर्जर है जिसमें आये दिन तार टूटने समेत अन्य समस्या हो जाती है। शनिवार की शाम करीब छह बजे इस लाइन का एक तार टूट गया। इसके चलते क्षेत्र के करीब 35 गांव और गौड यमुना सिटी समेत कई जगहों पर विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जिसके चलते सोसायटी में रहने वाले हजारों लोग घरों से बाहर आ गए। लोगों ने रात को ही गौड यमुना सिटी के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। सोसायटी में रहने सरवन अवाना, संदीप पुंडीर, भूपेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अभिषेक शर्मा, हरि नारायण, कुलदीप सिंह, हरिओम शर्मा और मनोज मलिक समेत कई लोगों का कहना है कि जिस समय उनको फ्लैट दिया गया था। संबंधित विभाग द्वारा दावा किया गया था कि बिजली और पानी समेत किसी भी तरह की समस्या नहीं होगी। आरोप है कि उन्हें बिजली पानी समेत अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सभी गांव के हजारों लोगों को भीषण गर्मी में काफी समस्या हुई। लोगों का कहना है कि बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही से क्षेत्रीय लोगों को आये दिन परेशानी हो रही है। रात करीब एक बजे विधुत आपूर्ति शुरू हो सकी जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

रविवार की सुबह दोबारा गौर यमुना सिटी में रहने वाले लोग धरने पर बैठ गए और बिजली, पानी व अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को घेरा गया।

## राष्ट्रचिंतना की बैठक में वक्ताओं ने ज्वलंत मुद्दों पर रखे अपने विचार




■ **पीआईआईटी कॉलेज में आयोजित बैठक में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ हुए शामिल**

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रचिंतना की पांचवीं मासिक गोष्ठी रविवार को प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एयर कोमोडोर पुष्पेंद्र कुमार वीएसएम ने की तथा मेजर सुदर्शन सिंह (से.नि.) एवं अजेय कुमार गुप्ता, अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. भरत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को पचास प्रतिशत फीस में छूट दी जाती है एवं वंचित और निर्धन छात्रों को छात्रवृति प्रदान की जाती है। डॉ. भरत सिंह ने बताया कि राष्ट्रचिंतना के अध्यक्ष एवं कुमायूं व गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलवंत सिंह राजपूत ने कहा कि देश की न्याय प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। भारतीय न्याय संहिता-बदलाव की आवश्यकता और लागू करने की चुनौतियां, यह काफी महत्वपूर्ण व गंभीर विषय है और इस पर पूरे समाज में विमर्श और इसकी जानकारी की आवश्यकता है। पुराने कानून अंग्रेजों ने आजादी से पहले बनाये थे जिनमें बदलाव की आवश्यकता है। न्यायपालिका का भी यह कर्त्तव्य है और न्यायपालिका को भी अपनी सीमा रेखा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और यह ध्यान रखना चाहिए कि देश हित सबसे ऊपर है। एयर कोमोडोर पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को जो हमें स्वतंत्रता मिली वह सत्ता हस्तांतरण था और वास्तव में जो आजादी मिली वो 2014 के बाद देखने को मिलती है। गोष्ठी का संचालन एमिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के हेड तथा राष्ट्रचिंतना के संगठन सचिव प्रो. विवेक कुमार और प्रो. बबलू सिंह रावत अधिवक्ता (मीडिया प्रमुख, राष्ट्रचिंतना) ने किया। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अजेय कुमार गुप्ता ने भारतीय न्याय संहिता- बदलाव की आवश्यकता और इसकी पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। अजेय गुप्ता ने अधिनियम, संहिता और बिल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री ने लोकसभा में तीन नए विधेयक पेश किये हैं जो देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में संपूर्ण बदलाव का प्रस्ताव करते हैं जैसे भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, जो आईपीसी, 1860 को प्रतिस्थापित करेगा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023, जो सीआरपीसी, 1898 को प्रतिस्थापित करेगा, भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023, जो साक्ष्य अधिनियम, 1872 को प्रतिस्थापित करेगा।

ये कानून भारतीयों के लिए हैं, उन्हें सुगम न्याय दिलाने के लिए हैं। कानून ऐसे हों जो संविधान की रक्षा करें। अजेय गुप्ता ने भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 में प्रस्तावित परिवर्तन के बारे में बताया कि यह विधेयक इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को किसी भी उपकरण या सिस्टम द्वारा उत्पन्न या प्रसारित किसी भी जानकारी के रूप में परिभाषित करता है जो किसी भी माध्यम से संग्रहित या पुनर्प्राप्त करने में सक्षम है।

## रन्हेरा गांव में कल राकेश टिकैत का होगा स्वागत

**जेवर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण में अधिगृहित की गई शौर भूमि का शासन द्वारा मुआवजा दिए जाने की घोषणा के बाद किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत को जीत का श्रेय दिया है तथा मंगलवार को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के स्वागत समारोह की घोषणा की है। ज्ञात हो कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के भूमि अधिगृहण के दौरान प्रशासन रोही, पारोही व रन्हेरा गांव की 14हे0 भूमि को सरकारी भूमि घोषित किया था। जिसमें से 12हे0 शौर भूमि का मुआवजा नहीं दिये जाने से आक्रोषित किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेतृत्व में आंदोलन शुरू किया था तथा एयरपोर्ट की बाउन्ड्री वाल के कार्य को रूकवा दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शौर भूमि का मुआवजा दिये जाने की घोषणा के बाद किसानों ने खुशी का इजहार करते हुए बीते सप्ताह प्रशासन को शौर भूमि पर कब्जा सौंप दिया था। किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत को जीत का श्रेय देते हुए मंगलवार को रन्हेरा गांव में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के सम्मानित करने की घोषणा की है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को 10 बजे गांव के समीप स्थित एक फार्म हाउस में किसानों की पंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें राकेश टिकैत का भव्य स्वागत किया जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 21 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## शिक्षा से खौफ़ज़दा सरकार

21वीं सदी में इससे अधिक कुछ भी हास्यास्पद और दुखद एक साथ नहीं हो सकता कि किसी को यह कहने के लिये नौकरी से निकाल दिया जाये कि 'शिक्षित जनप्रतिनिधियों को वोट देना चाहिये।' ओपन प्लेटफॉर्म पर कार्यरत एडटेक कंपनी अनएकेडमी ने अपने उस टीचर को बर्खास्त कर दिया है, जिसने अपनी एक क्लास के दौरान चुनावों में पढ़े-लिखे उम्मीदवारों को वोट देने की सलाह दी थी। करण सांगवान नामक इस टीचर को बर्खास्त करने की पुष्टि करते हुए अनएकेडमी के को-फाउंडर रोमन सैनी ने ट्वीट कर लिखा कि 'सांगवान ने कंपनी की आचार संहिता को तोड़ा है इसलिए उन्हें हटाना पड़ा है।' माना जाता है कि सांगवान को केन्द्र सरकार की कथित नाराजगी के बाद नौकरी से हटाया गया है। अपने वीडियो में पढ़े-लिखे नेताओं को वोट देने की अपील के बाद करण सांगवान सोशल मीडिया के सभी माध्यमों पर जबर्दस्त ट्रेंड करने लगे थे। वैसे तो शिक्षित व्यक्ति को वोट देने की अपील से किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये क्योंकि इसमें तो कोई शक ही नहीं कि कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो अशिक्षित व्यक्ति के मुकाबले पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में समाज के लिये उपयोगी होता है। वैसे सांगवान का मामला यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि वर्तमान सरकार ने एक ऐसे भारत का निर्माण कर दिया है जिसमें साक्षरता को अवगुण की तरह लिया जा रहा है जबकि दुनिया भर में उच्च शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ रहा है। देश में बढ़ती विवेकहीनता, अतार्किकता और अवैज्ञानिकता का कारण इस अकेले दृष्टांत से भी समझा जा सकता है।

सांगवान की बर्खास्तगी का कारण इसलिये सरकार की नाराजगी को माना जा रहा है क्योंकि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर अक्सर सवाल उठते हैं। भारतीय जनता पार्टी के कुछ और भी नेता व मंत्री भी ऐसे हैं जिनकी शैक्षणिक योग्यता पर संदेह व्यक्त किया जाता है। सांगवान की बर्खास्तगी राजनैतिक व सामाजिक हलकों में मज़ाक का विषय बन गया है। लोगों को लग रहा है कि सांगवान की विद्यार्थियों को दी गई सलाह इसलिये भाजपा को बुरी लग गई क्योंकि उसे लगता है कि यह उसके ही खिलाफ कहा गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तो बाकायदे प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर कहा कि 'आखिर यह बात (सांगवान की) सिर्फ भाजपा को ही क्यों बुरी लगी जबकि अन्य किसी को भी इससे आपत्ति नहीं हुई।' आपत्ति का कोई कारण भी नहीं बनता क्योंकि स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र का आधार ही गुणवत्तापूर्ण जनप्रतिनिधियों का चुनाव है। कार्टून तो इस आशय के भी तैर रहे हैं कि 'आज पढ़े-लिखों को चुनने की बात हो रही है। कल को यदि ईमानदार लोगों को चुनने की मांग होने लगे तो मुश्किल हो जायेगी।' दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सांगवान की बात को जायज बतलाया है। इसे कोई गलत कह भी नहीं सकता। सम्भवत: इस सरकार के द्वारा जिस प्रकार से विश्वविद्यालयों ही नहीं समस्त तरह की शिक्षाओं, विवेक और ज्ञान के खिलाफ वातावरण बनाया गया है यह उसी का परिणाम कहा जा सकता है। पिछले कुछ समय से बताया जा रहा है कि पढ़ना-लिखना व्यर्थ है। समाज का काम इसके बिना भी बखूबी चल सकता है। ऐसी अवधारणा विकसित करने का फायदा यह होता है कि सरकार शिक्षा के विकास पर मेहनत और खर्च करने से बच जाती है। शिक्षा को एक अनुपयोगी काम बतला देने से सरकार और गैर अलोकतांत्रिक व निरंकुश राजनैतिक दलों-नेताओं को कई लाभ होते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि अशिक्षित लोगों की भीड़ निर्मित कर उन्हें मनचाही दिशा में हांका जा सकता है और किसी भी तरह के विचारों से उन्हें बरगलाया जा सकता है। आज सड़कों पर हिंसा व नफ़रत से भरे नौजवानों के जो हुजूम देखे जा रहे हैं वे शिक्षा से विरक्त जनसमुदाय ही हैं। यह दीगर बात है कि शिक्षा को व्यर्थ बतलाने वाले नेता स्वयं अपने बच्चों को खूब पढ़ाने-लिखाने में रुचि रखते हैं। उनके बच्चे देश-विदेश के अच्छे संस्थानों से पढ़-लिखकर निकलते हैं।

जनप्रतिनिधियों का पढ़ा-लिखा होना बेमतलब साबित करने वाले माहौल में ही योग्य नेताओं (जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह तक) के बारे में यह कहना लोगों को प्रभावित करता है कि उच्च शिक्षण का कोई फायदा नहीं है। 'हार्वर्ड बनाम हार्ड वर्क' का यह सिद्धांत दिया जाता है कि देश का भला उच्च शिक्षा से नहीं वरन कड़ी मेहनत से होगा। यह अलग बात है कि गुणवत्तापूर्ण अध्ययन के लिये विख्यात संस्थानों में दाखिला लेना और उनमें विद्यार्जन करना किसी भी तरह से कम मेहनत का काम नहीं है। दूसरी तरफ, आज के वातावरण में अकेली मेहनत काम की नहीं जब तक कि व्यक्ति कुशाग्र बुद्धि व शिक्षित न हो।

सांगवान से मोदी सरकार की नाराज़गी का कारण यही हो सकता है कि उन्हीं के कार्यकाल के दौरान भारतीय समाज में ज्ञान का तिरस्कार और उसके प्रति घृणा फैलाने का काम हुआ है। देश के अच्छे विश्वविद्यालयों पर बमबारी करने की सलाह देना, वहां के स्वतंत्र चेता व सरकार विरोधी छात्रों को टुकड़े-टुकड़े गैंग बतलाकर उन्हें देश विरोधियों की शरणस्थली बतलाना आदि इसी वैचारिक प्रक्रिया का हिस्सा है। अज्ञानता और विवेकहीनता पर गर्व की भावना शिक्षा के प्रति गहन अरुचि का परिणाम है जो थाली-ताली पीटने को महामारी उन्मूलन का उपाय मानने और देश की आजादी को 99 वर्षों की लीज़ पर बतलाने में संकोच नहीं करती। बाकी, विश्व गुरु बनने की चाहत तो अपनी जगह पर बनी हुई है ही।

## जातिगत जनगणना ही करेगी हिन्दू- मुसलमान राजनीति का मुकाबला!

जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है जिससे भाजपा सबसे ज्यादा घबराई हुई है। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल एक बार इसकी मांग उठाने के बाद फिर चुप हो गए हैं। इसकी शुरूआत राहुल गांधी ने कर्नाटक चुनाव में की थी। और देश में एक माहौल बना और राजनीतिक रूप से कर्नाटक में कांग्रेस को फायदा हुआ वह जीती। लेकिन उसके बाद कांग्रेस इसे भूल गई है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने कहा कि वह जातिगत जनगणना करवाएगी मगर अभी तक उसकी कोई शुरूआत नहीं की है।

कांग्रेस को और नए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया को समझ लेना चाहिए कि किसी मुद्दे को आधे अधूरे मन से उठाने से कोई फायदा नहीं होता है। उल्टे नुकसान की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं। क्योंकि विरोधी तो आपके खिलाफ हो ही जाते हैं। लेकिन उससे सहमत लोग आपकी दुविधा की वजह से पूरी तरह आपके साथ नहीं आते हैं।

31 अगस्त और एक सितम्बर को मुबंई में होने वाली 26 विपक्षी दलों की तीसरी बैठक में संयोजक का चुनाव और 11 सदस्यीय संचालन समिति की घोषणा का तो एक औपचारिक महत्व है। असली बात वह माहौल बनाना है जिससे जनता हिन्दू-मुसलमान के जाल से निकलकर बाहर आए। पिछले 9 साल में जो हिन्दू- मुसलमान का नशा करवाया गया है उसका तोड़ जातिगत जनगणना ही है। कमंडल का जवाब मंडल की तरह।

मुबंई में अगर इंडिया ने जातिगणना जनगणना का मुद्दा उठा दिया और सरकार बनने की दशा में इसका आदेश सबसे पहले निकालने की घोषणा कर दी तो फिर भाजपा का कोई हिन्दू-मुस्लिम अजेंडा नहीं चल पाएगा। सीधा प्रस्ताव पास करना है कि इंडिया की सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में जातिगत जनगणना करवाने का आदेश पारित किया जाएगा।

देखिए इस प्रस्ताव के पास होते ही कैसे माहौल बदलता है। साम्प्रदायिकता का सारा नशा काफूर हो जाएगा। पिछड़े दलित आदिवासी को जैसे ही अपने अधिकार मालूम होंगे वह अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए खड़ा हो जाएगा। आज तो उसे बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी शिक्षा, सरकारी चिकित्सा खत्म होने का कोई अहसास ही नहीं है। वह तो नफरत की आग में जल रहा है। मणिपुर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नफरत और विभाजन की आग जलते साढ़े तीन महीने हो गए। प्रधानमंत्री नहीं गए तो नहीं गए।

आग कैसे बुझेगी? इस पर कोई बात नहीं। मीडिया तो पूछ भी नहीं सकता है। एक परम गोदी एंकर ने टमाटर पर ही पूछ लिया तो उसे जेल की याद दिला दी गई। माहौल ऐसा है कि सारे सवाल राहुल के लिए ही हैं। झूठे, महाझूठे सब। लोकसभा के सारे कैमरे खंगाल लिए मगर उस फ्लाइंग किस का कोई फ्लाइंग हिस्सा भी नहीं मिला। क्या आरोप लगाने वाली मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं होना चाहिए। उसी प्रोग्राम में जिसमें टमाटर के भाव और जेल की यादें दिलाई गईं फ्लाइंग किस का मुद्दा फिर उठा। मंत्री ने यह कहकर बचाव किया कि पत्र मैंने नहीं लिखा। मगर लोकसभा में बोला तो उन्होंने ही था। फिर साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। और सदन के बाहर टीवी प्रोग्राम में उस आरोप को फिर से दोहराया ही।



शकील अख्तर

> बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया।

मजेदार है टीवी गाली भी खा रहा है और प्रचार भी उनका ही कर रहा है। हिन्दू-मुसलमान का भरपूर जहर इसी एंकर ने फैलाया और उसी को जेल की याद दिलाई जा रही है।

खैर यह मीडिया तो आखिरी आखिरी तक अपनी वफादरी निभाएगा। इसका इलाज तो जनता ही करेगी। जब हिन्दू-मुसलमान की तरह जातिगत जनगणना को भी यह गलत तरीके से पेश करेगा तो उससे जब पिछड़े का नुकसान होगा तो वह सीधे इस मीडिया से बात करेगा। बिहार में यह मीडिया उस तरह उपद्रव नहीं कर पाता है जिस तरह शेष हिन्दी प्रदेशों में कर रहा है। वहां तमिलनाडु की एक गलत खबर दिखाने पर बिहार सरकार और तमिलनाडु सरकार ने एक पत्रकार पर जिस तरह कड़ी कार्रवाई की उससे पूरे बिहार में सही संदेश गया कि झूठी खबर दिखाने का नतीजा बहुत बुरा होगा।

बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया।

बिहार की तरह ही हिन्दी भाषी क्षेत्र के दूसरे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी इसकी मांग तेज हो गई है। मगर वहां की भाजपा सरकार ने इसे करवाने से मना कर दिया। अब वहां की दो बड़ी पार्टियों सपा और बसपा को देखना है कि अगर वे इस मांग को जोरदार तरीके से नहीं उठाते हैं तो उनके पिछड़े और दलित समर्थकों पर क्या प्रभाव पड़ता है। क्या यूपी का ओबीसी नहीं चाहता कि सरकारी क्षेत्रों में उसे अपनी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिले? दलित नहीं चाहता कि उसका आरक्षण जो लगातार कम किया जा रहा है वह वापस पूरा मिले और निजी क्षेत्र में उसे आरक्षण दिया जाए। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खुलकर प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण की मांग की है। जबकि सार्वजनिक क्षेत्रों में तो हालत यह है कि एक तो उन्हें खत्म ही किया जा रहा है दूसरे जो हैं वहां आरक्षण वाले पद भरे ही नहीं जा रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों का भी यही हाल है। अकेले रेल्वे में ही तीन लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि सरकारी विभागों में तीस लाख से ज्यादा पद खाली हैं।

मगर अब यह कोई मुद्दा ही नहीं रहा। जब सेना में ठेके पर भर्ती होने लगे तो बाकी विभागों का तो महत्व ही क्या? इस बात को इस तरह समझ लीजिए कि अगर कांग्रेस या लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी इस तरह का फैसला लेते तो क्या होता? सीधे-सीधे उन पर देश बेचने का आरोप लगा दिया जाता। मीडिया उनकी लींचिंग का माहौल तैयार कर देता।

राहुल ने इसी लिए एक सिम्पल नारा दिया था। जितनी आबादी उतना हक। देखन में छोटन लगे घाव करे गंभीर! अगर कांग्रेस और विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया इस नारे को ठीक से उठा ले तो हिन्दू-मुसलमान गुब्बारे की सारी हवा निकल जाएगी।

गरीब को अपना अधिकार क्यों नहीं चाहिए। अभी राहुल रामेश्वर के साथ मुलाकात में न्याय स्कीम की बात कर रहे थे। राहुल अगर 2024 में जीत जाएंगे तो इसे जरूर लागू करेंगे। हर गरीब को छह हजार रुपया महीना। 72 हजार रुपए साल का देना। मगर समस्या यह है कि राहुल के आसपास के लोग ही उन्हें काटने में लगे रहते हैं।

आपको एक आश्चर्यजनक बात बताएं। सबको मालूम है कि टीवी राहुल को नहीं दिखाता है। पूरी भारत जोड़ो यात्रा गायब कर दी। लेकिन कांग्रेस तो महान है। जब राहुल का रामेश्वर से मिलने का वीडियो आया तो उसे जिसने पूरा दिखाया उससे कांग्रेस कहने लगी कि आप अपने चैनल से इसे हटाओ। है ना आश्चर्य। और घोर आश्चर्य इसमें यह है कि उस वीडियो का पूरा लिंक राहुल ने खुद अपने ट्वीट में दिया था।

अब पार्टी में राहुल से बड़ा कौन है यह कांग्रेस ही जाने। राहुल का वीडियो दिखाने पर आपत्ति क्यों? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। कांग्रेस किस तरह अपनी पार्टी चलाती है यह वह जाने! मगर अब राहुल पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर जनता के नेता बन गए हैं। कांग्रेस में जी-23 बनी थी। 23 वरिष्ठ नेताओं का गुट। जो राहुल को पार्टी से बाहर करना चाहता था। मगर राहुल को यात्रा से मिले भारी जन समर्थन से वह घबरा गया। चुप बैठ गया। मगर अब राहुल के नजदीक के लोग उनका कद कम करने में लग गए हैं। कांग्रेसी नेता को हमेशा अपने शिकंजे में रखना चाहते हैं। इन्दिरा गांधी नहीं रहीं। शुरू में उनके लिए भी बहुत कोशिश हुई। उन्हें पार्टी तोड़ना पड़ी। मगर राजीव, सोनिया पर कांग्रेसियों ने अपना कब्जा बना कर रखा। ऐसा ही राहुल पर चाहते हैं। अब यह राहुल पर है कि वे इन्दिरा बन कर खुद लोगों से मिलना जुलना शुरू करते हैं या राजीव और सोनिया की तरह कांग्रेसियों की आंख कान से ही सब देखते सुनते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

## चंद्रबाबू नायडू ने खो दी भाजपा से सौदेबाजी की ताकत

■ **सुशील कुट्टी**

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की 2024 में राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह एनडीए में हैं या नहीं। नायडू इस बात पर जोर देते हैं कि उनकी एक भूमिका होगी और अगर टीडीपी के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की बात सच है, तो उनकी एक निश्चित भूमिका हो सकती है।

चाहे जो हो, 2024 अभी भी बहुत आगे है, भले ही जिस गति से एक के बाद एक शुक्रवार बीते जा रहे हैं और भाजपा-तेदेपा गठबंधन जोर नहीं पकड़ रहा है, वह एक और कहानी बताता है। तथ्य यह है कि जब नरेंद्र मोदी खुद को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री घोषित कर चुके हैं तो नायडू की भूमिका क्या होगी।

चंद्रबाबू नायडू मोदी के लिए किसी भी अन्य राजनेता से अलग नहीं हैं। क्या कोई भी राजनेता यानी मोदी की पार्टी भाजपा सहित किसी भी पार्टी का कोई राजनेता, खड़ा होकर मोदी को याद दिला सकता है कि वह जब चाहें तब खुद को प्रधानमंत्री घोषित नहीं कर सकते। इसके बजाय, जो हम देखते हैं वह स्वीकृति है- पूर्ण स्वीकृति। फिर यहां चंद्रबाबू भी कह रहे हैं कि वह 2024 में अपनी भूमिका के बारे में 'स्पष्ट' हैं।

> आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है?

वैकल्पिक रूप से, तेदेपा को आंध्र प्रदेश विधानसभा जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए, जिसके लिए चुनाव 2024 में भी निर्धारित हैं। नायडू सबसे ज्यादा खुश होंगे अगर वह वाईएसआरसीपी के जगन रेड्डी को हटा दें। मुख्यमंत्री रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी से चिपके हुए हैं और आंध्र प्रदेश के एक समय के अति-शक्तिशाली मुख्यमंत्री चंद्रबाबू अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चंद्रबाबू उस दिन का सपना देखता है जब तेदेपा आंध्र प्रदेश में सत्ता में लौटेगी और आंध्र प्रदेश के लिए उसने जो योजनाएं बनाई हैं वे सभी सच होंगी।

पिछले कई महीनों, हफ्तों और दिनों से भाजपा के तेदेपा से हाथ मिलाने की चर्चा चल रही है। प्रधानमंत्री की पार्टी ने अफवाहों को जीवित रखा है और तेदेपा के राजग में शामिल होने और वाईएसआरसीपी के लोकसभा और राज्यसभा में सहायक भूमिका के लिए समझौता करने की चर्चा जारी है। पिछली बार सुना था, नायडू अपने पद से डिगे नहीं थे। न तो जगन रेड्डी और न ही जेपी नड्डा। सभी लोग अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे।

इतना ही नहीं, जब नायडू से उनकी योजनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'राजग में शामिल होने के बारे में बात करने का यह सही समय नहीं है। मैं इस बारे में सही समय पर बात करूंगा।' नायडू का 'सही समय' अतीत में है, जो उनके भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

चंद्रबाबू नायडू यह भी भूल जाते हैं कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संस्थापकों में से एक थे, जिसे केंद्र द्वारा आंध्र प्रदेश को 'विशेष दर्जा' देने से इंकार करने के बाद उन्होंने गुस्से में छोड़ दिया था। अब, कई मौके गंवाने के बाद, नायडू इस बात पर जोर दे रहे हैं कि उनकी 'प्राथमिकता' आंध्र प्रदेश है- उनका 'बड़ा एजेंडा'।

चंद्रबाबू नायडू एक शानदार राजधानी के साथ आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण के लिए जी रहे हैं, लेकिन देखने से लगता है कि उनका यह सपना एक सपना और उनकी मरणासन्न इच्छा बनकर रह जायेगा क्योंकि मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी अभी चंद्रबाबू नायडू के सपनों को साकार करने की जल्दबाजी में नहीं हैं। जहां तक भाजपा का सवाल है, वह नर्सरी कविताएं भी गा सकती है।

भाजपा की आंध्र प्रदेश इकाई की कमान एनटीआर की बेटी जी पुरंदेश्वरी को देने से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ा है। अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ भाजपा का गठबंधन अब तक की एकमात्र उपलब्धि है। फिर पवन कल्याण कोई झुलसी हुई धरती का चुनाव जीतने की नीति वाले हनुमान नहीं हैं जो उन्हें भाजपा का आदर्श बना देंगे। शेष भारत के लिए, आंध्र प्रदेश एक ऐसा राज्य है जिस पर लोगों का ध्यान नहीं जाता। यह ऐसा है जैसे आंध्र प्रदेश में चुनाव कोई खास महत्व नहीं रखते। पड़ोसी तेलंगाना सारा ध्यान खींच लेता है और सारी ऑक्सीजन सोख लेता है।

आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है?

जून 2014 में आंध्र प्रदेश को दो भागों में विभाजित कर दिया गया- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। आंध्र प्रदेश को 10 वर्षों में एक नई राजधानी ढूंढनी थी, जो नहीं हुई। आंध्र प्रदेश में 2024 में विधानसभा और संसदीय दोनों क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। कोई खास उत्साह नहीं है और तीनों प्रमुख पार्टियां केवल उदासीनता दिखा रही हैं। कांग्रेस बेहोश है। मतदाता हतप्रभ हैं।

भाजपा चाहती है कि तेदेपा और राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी कुर्सी पर टिके रहने में मदद करें। जमीनी काम हो चुका है और अब सब कुछ भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की आंध्र प्रदेश में बहुत कम उपस्थिति है और लगातार तीसरी बार भारत पर शासन करने की मोदी की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए एक मजबूत क्षेत्रीय सहयोगी की आवश्यकता है।

## आज नागपंचमी

### प्रकृति संरक्षण से जुड़ा है नागपंचमी का पर्व

हमारी प्राचीन परंपरा के चलते ही नाग को देवता मानने की आस्था ने ही सांपों को संरक्षण से जोड़ा था। श्रावण मास में पड़ने वाली शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी के रूप में जाना जाता है। इस दिन नागों की पूजा कर हिंदू धर्मावलंबी उनसे अपने जीवन की रक्षा हेतु प्रार्थना करते हैं।

पर्यावरण संतुलन में मददगार होने और फसलों की रक्षा करने के कारण ही नाग को आदिकाल से देवता के रूप में पूजा जाता रहा है। भगवान विष्णु की शैय्या और शिव शंकर के गले का हार होने के कारण नाग लोगों की आस्था से जुड़ा जीव बन गया है। यही कारण है कि नाग पंचमी का पर्व धार्मिक आस्था एवं विश्वास के सहारे हमारी बेहतरी की कामना का प्रतीक बन गया है। यह पर्व हमें जीव-जंतुओं के प्रति समभाव, हिंसक प्राणियों के प्रति दया भाव के साथ ही अहिंसा के अभय दान की प्रेरणा देता है। नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण से जोड़ता है। हमारी संस्कृति ने उन सभी जीवों, वनस्पतियों तथा वस्तुओं को सम्मान दिया है जो हमारे अस्तित्व को बचाने में सहायक हैं। नाग को देवताओं की श्रेणी में रखा गया है। हिंदू धर्म-ग्रंथों के अनुसार नाग महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी कदरू की संतान हैं। पुराणों के अनुसार सूर्य के रथ में बारह सर्प (नाग) विराजमान हैं। यही नाग प्रत्येक माह रथ के वाहक बनते हैं। हमारे धर्म ग्रंथ में आए कथानकों के अनुसार शेषनाग ही रामावतार में लक्ष्मण और कृष्णावतार में बलराम के रूप में अवतरित हुए थे।

मोहनजोदड़ो, हड़प्पा और सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष इस बात के साक्षी हैं कि नागों के पूजन की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। मिस्र की सभ्यता भी अत्यंत प्राचीन है जहां आज भी शेख हरेदी नामक पर्वत पर सांपों की पूजा की जाती है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में नाग पंचमी का उत्सव सपेरों के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। देखा जा रहा है कि पर्वतीय प्रदेशों में नाग पूजा का प्रचलन अधिक है। सुप्रसिद्ध संस्कृत कवि कल्हण ने राज तरंगिणी ग्रंथ में कश्मीर की धरती का दिव्य सपेरों से संबंध बताया है। अनंतनाग नामक स्थान इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है। यह मान्यता भी है कि नाग पंचमी के दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा कालिया मर्दन लीला हुई थी। इसी तरह भविष्य पुराण में कथानक है कि देवासुर संग्राम में हुए समुद्र मंथन से उच्चश्रवा नामक अश्व (घोड़ा) निकला था। उसे देखकर नाग माता कदरू ने अपनी सौत विनीता से कहा इस घोड़े का रंग सफेद है, परंतु बाल काले दिखाई पड़ते हैं। इस बात को लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया। पुत्र नागों द्वारा विरोध करने पर कदरू ने क्रोधित होकर उन्हें राजा जन्मेजय द्वारा किए जाने वाले सर्प यज्ञ के दौरान भस्म हो जाने का श्राप दे डाला। तब ब्रह्माजी के वरदान से आस्तिक मुनि ने सर्प यज्ञ को रोककर नागों के प्राणों की रक्षा की। मान्यता है कि ब्रह्मा जी द्वारा पंचमी के दिन वरदान दिए जाने और पंचमी के दिन ही आस्तिक मुनि द्वारा नागों की रक्षा किए जाने के कारण पंचमी तिथि नागों को समर्पित कर दी गई।

नागपंचमी पर मुख्यत: पांच पौराणिक नागों की पूजा होती है- अनंत, वासुकी, तक्षक, कर्कोटक एवं पिंगल। असंख्य फन वाले अनंत शेषनाग की शैय्या पर भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। वासुकी नाग को मंदराचल में लपेटकर समुद्र मंथन हुआ था। तक्षक के डसने से राजा परीक्षित की मृत्यु हुई थी। नागवंशी कर्कोटक के छल से रुष्ट होकर नारद जी ने उसे श्राप दिया था। हिंदू व बौद्ध साहित्य में पिंगल को कलिंग में छिपे खजाने का संरक्षक माना गया है।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

### तासीर टमाटर की

वर्तमान में देश में कई चर्चित मुद्दे हैं जिनमें टमाटर की बढ़ी कीमत भी एक प्रमुख है। बढ़ी हुई कीमतों से यह हमारे भोजन की थाली से तो दूर हुआ ही है, परंतु इसकी लूट की भी कई घटनाएं हुईं हैं। प्रमुख सब्जी के रूप में प्रचलित टमाटर की खोज 15वीं सदी में हुई थी। एक मान्यता के अनुसार टमाटर 700 ईसा पूर्व भी मौजूद था। मैक्सिको के आदिवासी अपनी भाषा में इसे 'टोमेटो' कहते थे। आदिवासियों का शब्द 'टोमेटो' अंग्रेजी में ऐसे ही स्वीकार कर लिया गया।

दक्षिणी अमेरिका के पेरू में पहली बार टमाटर की खेती की गयी थी। टमाटर की खोज के समय यह स्पष्ट नहीं था कि यह विषैला है या खाने योग्य। यूरोप में टमाटर 15वीं सदी में ही पहुंच गया था, परंतु वहां लोग इसे 200 वर्षो तक खाने से डरते रहे एवं इसे 'पाइजन-एपल' कहा गया। इसका कारण यह था कि कई लोग टमाटर खाकर मर जाते थे। बाद में अध्ययन करने पर पाया गया कि मौत का कारण टमाटर नहीं, अपितु सीसे (लेड) की परत वाली प्लेट थी जिसमें रखकर टमाटर खाये जाते थे। 'ऐपीडी साइट' का कारण मानते रहे। बाद में हुए कुछ अध्ययनों से पता चला कि इसका फल तो खाने योग्य है, परंतु इसकी पत्तियां एवं तना विषैला हो सकते हैं। फल को खाने योग्य माने जाने के बाद इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ी। इटली एवं स्पेन के लोगों ने इसकी खेती शुरू की एवं इसका नाम 'गोल्डन-एपल' रखा गया। फ्रांस में टमाटर को 'लव-एपल' कहा गया।

26 सितम्बर, 1820 को सेलम के कर्नल राबर्ट जॉनसन द्वारा दो-ढाई हजार लोगों के सामने टोकनी भर टमाटर खाने एवं कुछ नहीं होने पर अमेरिकी लोगों ने इसे फल व सब्जी के रूप में मान्य किया। अमेरिका के ही एक व्यापारी ने 1893 में यह दावा किया कि टमाटर एक फल है इसलिए इस पर सब्जी-कर नहीं लिया जाए। वहां के उच्च न्यायालय ने इस दावे पर निर्णय दिया कि टमाटर ज्यादातर सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है, अत: यह कर योग्य है। वर्तमान में टमाटर आलू एवं प्याज के समान ही लोकप्रिय है एवं विश्व की 10 लोकप्रिय सब्जियों में 06 वें स्थान पर है।

वनस्पति विज्ञान में इस शाकीय पौधे को 'लाइकोपर्सिकम एस्कुलेंटम' कहते हैं जो 'सोलोनेसी कुल' का सदस्य है। यह विटामिन ए व सी के साथ पोटेशियम, कैल्शियम तथा फास्फोरस का भी अच्छा स्त्रोत है। फल को लाल रंग देने वाला रसायन 'लायकोपीन' कैंसर तथा हृदय रोग की रोकथाम में भी कारगर बताया गया है। पके फलों से इस रसायन को हमारा शरीर आसानी से अवशोषित कर लेता है। इसके अन्य औषधीय गुणों को जानने के लिए अनुसंधान किये जा रहे हैं। स्पेन के ब्यूनाल में एक-दूसरे पर टमाटर फेंकने और उसके रस में भीगने का एक वार्षिक त्यौहार 'ला-टामेटिया' मनाया जाता है। इसे मनाने हेतु लगभग एक लाख किलो टमाटर का उपयोग किया जाता है।

हमारे देश में यह 16वीं सदी के प्रारंभ में पुर्तगालियों द्वारा लाया गया था। उस समय लोग इसे 'विलायती बैंगन' कहते थे। वर्तमान में इसकी खेती ज्यादातर राज्यों में की जाती है, उनमें प्रमुख हैं-महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश एवं कर्नाटक। हमारे देश के अलावा चीन, तुर्की, ईरान, स्पेन एवं ब्राजील में भी यह काफी उगाया जाता है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण कृषि वैज्ञानिकों ने इसकी कई किस्में तैयार की हैं। इन किस्मों में आकार, स्वाद एवं रंग में काफी भिन्नता है।

छोटी चेरी तथा ग्रेप किस्मों के टमाटर छोटे होने के कारण पूरे खाये जाते हैं। 'भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्था' के वैज्ञानिकों ने ऐसी किस्म तैयार की है जिसके एक पौधे पर 19-20 किलो टमाटर लगते हैं। कर्नाटक में कुछ वर्षों पूर्व इसकी खेती प्रारंभ की गयी थी। 'उत्तराखंड राज्य जैव-विविधता परिषद' के वैज्ञानिक इसकी एक झाड़ी समान विदेशी प्रजाति 'टमरै-लो' को भी उगाने का प्रयास कर रहे हैं।

**- डॉ. ओ.पी. जोशी**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# प्रादेशिकी

## कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 28 अक्टूबर से

**अजमेर,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ विधि अधिकारी (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 28 एवं 29 अक्टूबर 2023 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम यथासमय जारी कर दिया जाएगा। अजमेर मुख्यालय पर आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस परीक्षा के तहत नॉन टीएसपी के 134 एवं टीएसपी के छह कुल 140 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 5 जुलाई 2023 को जारी किया गया था।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने केदारनाथ की तर्ज पर आपदा राहत की मांग की

**शिमला,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। केदारनाथ आपदा की तर्ज पर वित्तीय सहायता की मांग करते हुए, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को राज्य में भारी बारिश के कारण हुई अभूतपूर्व क्षति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने यहां एक बैठक में प्राकृतिक आपदा से हुए विनाश का व्यापक विवरण दिया और पहले जैसी स्थिति में पहुंचने के राज्य के प्रयासों में सहायता के लिए केदारनाथ और भुज त्रासदियों जैसी वित्तीय सहायता की अपील की। स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर भूस्खलन, घरों का व्यापक विनाश और सार्वजनिक तथा निजी संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ है।



सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार के वित्तीय प्रावधानों की मौजूदा राहत नियमावली हिमाचल प्रदेश के नुकसान की भरपाई के लिए अपर्याप्त है। उन्होंने राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और आपदा की गंभीरता को देखते हुए विशेष रूप से तैयार राहत पैकेज की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से अंतरिम राहत की पहली किस्त देरी से जारी करने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने नड्डा और ठाकुर से वित्तीय सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध करते हुए कहा कि आपदा के कारण 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है और कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मूल्यांकन टीमें भेजे जाने के बावजूद अंतरिम राहत अभी भी लंबित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य प्रभावित आबादी का समर्थन करने के लिए अपने सीमित संसाधनों का उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत दो किस्तों में सालाना 360 करोड़ रुपये का आवंटन जारी किया गया है। ऑडिट आपत्तियों को दूर करने के राज्य सरकार के प्रयासों के कारण केंद्र सरकार द्वारा 315 करोड़ रुपये में से 189 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं और शेष 126 करोड़ रुपये के शीघ्र वितरण का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त तक राज्य ने केंद्र सरकार को राज्य में हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट भेजकर 6,700 करोड़ रुपये का दावा किया है।

सुक्खू ने संरचनात्मक इंजीनियरिंग और जल निकासी प्रणालियों को बढ़ाने के लिए राज्य की पहलों के बारे में भी विस्तार से बताया, जिसमें शिमला के पास जाठिया देवी में एक नए शहर की योजना भी शामिल है। नड्डा ने अभूतपूर्व नुकसान के कारण हिमाचल प्रदेश को पर्याप्त सहायता देने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने आश्वासन दिया कि अंतरिम राहत की पहली किस्त जल्द से जल्द जारी करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

### हिमाचल दौरे पर नड्डा को मोदी को अपने साथ लाना चाहिए : विक्रमादित्य

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने तंज करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने साथ एक दिन के हिमाचल दौरे पर लाना चाहिए। यहां आने पर प्रधानमंत्री का हृदय परिवर्तन होगा। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के नेता हिमाचल आ तो रहे हैं, लेकिन बहुत देरी से आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश भारी आपदा से जूझ रहा है। प्रदेश को अब तक केंद्र से जो मदद मिली है, वह नाकाफी है। केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश के लिए एक विशेष पैकेज देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश को केवल वही मदद मिली है, जो हर साल मिलती आ रही है. हालांकि, यह जरूर है कि दिसंबर में मिलने वाली स्टेट डिजास्टर फंड की किस्त को जुलाई महीने में ही जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र से मिली यह सहायता कम है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार कम संसाधनों के बावजूद आपदा प्रभावित तक राहत पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सभी मंत्री एकजुट होकर ग्राउंड जीरो पर जा रहे हैं और लोगों का दुख-दर्द साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावितों तक राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### हिमाचल में बादल फटने से लापरवाही से हुआ नुकसान, बचाव अभियान जारी: नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को शिमला के समरहिल और कृष्णानगर वार्ड का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान श्री नड्डा ने आपदा प्रभावितों से भी बात की। श्री नड्डा ने दोपहर 1220 बजे समरहिल के शिव बावड़ी क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद आपदा प्रभावितों लोगों से बात की तथा बचाव अभियान की जानकारी ली। लोगों ने हादसे की जांच की मांग उठाई। स्थानीय निवासी संजीव भूषण और रूपन ने इस त्रासदी की जांच की मांग उठाई कि इलाके में बादल फटा या फिर केंद्रीय संस्थान के रेन हार्वेस्टिंग टैंक से यह नुकसान हुआ, इसकी जांच होनी चाहिए। लोगों ने मंदिर के पुनर्निर्माण, प्रभावित परिवारों को मदद देने और पहाड़ों को भूस्खलन से बचाने के लिए मदद की मांग की।

## चुनाव आए तो फिर दिखाने लगे हर किसी को घर का सपना : सैलजा

**चंडीगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने फिर से लोगों को झूठे सपने दिखाने शुरू कर दिए हैं। हरियाणा सरकार हर जिले में 5-5 हजार मकान गरीबों के लिए बनाने की बात कह रही है, जबकि सच तो यह है कि वायदे के मुताबिक साल 2022 तक सभी के सिर पर छत मुहैया कराने में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह विफल रही है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए और चुनाव में गरीबों के वोट हासिल करने के लिए अब ऐसे जुमले छोड़े जा रहे हैं, लेकिन लोग अब इनके झांसे में आने वाले नहीं हैं।



**वर्ष 2022 तक सभी के सिर पर छत का किया था वादा, साबित हुआ जुमला**

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि जब भी चुनाव करीब होते हैं तो भाजपा और उसके सहयोगियों को गरीब परिवार याद आने लगते हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं तो इन्हें सिर्फ और सिर्फ अपने पूंजीपति मित्र याद रहते हैं। लोग महंगाई से त्रस्त हैं, बेरोजगारी के कारण युवा वर्ग परेशान हैं। बावजूद इसके सत्ता में बैठे लोगों में से किसी के मुंह से राहत के दो शब्द तक नहीं निकलते। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद ऐलान किया था कि वर्ष 2022 तक एक भी परिवार ऐसा नहीं रहेगा, जिसके सिर पर खुद की छत न हो। लेकिन, यह सब हवा-हवाई साबित हुआ। अकेले हरियाणा में ही ऐसे लाखों परिवार हैं, जिनके पास खुद का एक कमरे का मकान तक नहीं है। जिससे पता चलता है कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार पूरी तरह से फ्लॉप रही है और ये सरकार केवल झूठे वायदे कर वोट हासिल करती है बाद में भूल जाती है कि जनता से क्या वादा किया था।

## सार संक्षेप

### संधवां ने लेह हादसें में नौ सैनिकों की मौत पर व्यक्त किया शोक

**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने लद्दाख़ के लेह जिले में भारतीय फ़ौज की गाड़ी गहरी खाई में गिरने से नौ फ़ौजी जवानों की हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री संधवां ने रविवार को इस दुर्घटना पर शोक प्रकट करते हुये कहा कि मृतक फ़ौजी जवानों में ज़िला फरीदकोट के गांव सिरसड़ी का निवासी जे. सी. ओ रमेश लाल (41) प्रेम सिंह भी शामिल है। उन्होंने बताया कि रमेश लाल 24 साल पहले भारतीय फौज में भर्ती हुआ था। उन्होंने कहा कि वह फ़ौजी जवान के परिवार के दुख में साथ हैं। उन्होंने परमात्मा के समक्ष अरदास की कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करे और पीछे रहे परिवारों को ईश्वरीय आदेश मानने का हौसला प्रदान करे।

### लेह हादसे में पंजाब के दो जवान शहीद, मान ने जताया शोक

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को लेह में घटित हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया, जिसमें पंजाब के दो जवानों सहित नौ जवान शहीद हो गए। यहां जारी एक बयान में श्री मान ने कहा कि इन शूरवीर नायकों ने देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता की रक्षा के लिए अपना फर्ज निभाते हुए शहादत प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि बदकिस्मती से इन नौ शहीदों में पंजाब के दो सुपुत्र रमेश लाल (फरीदकोट) और तरनदीप सिंह बसी पठाना भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए और ख़ास कर परिवारों के लिए अपूर्णीय कमी है। मुख्यमंत्री ने इन बहादुर सैनिकों के परिवारों के साथ हमदर्दी प्रकट करते हुये कहा कि पंजाब सरकार इस मुश्किल घड़ी में इन परिवारों के साथ खड़ी है।

### हिमाचल आपदा में काम नहीं आया भूस्खलन का अर्ली वार्निंग सिस्टम

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी तबाही के बीच भूस्खलन का अर्ली वार्निंग सिस्टम काम नहीं आया। प्रदेश में यह सिस्टम करीब 50 जगहों पर स्थापित है। भूस्खलन के लिहाज से संवेदनशील मंडी, कांगड़ा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति में इसके सफल प्रयोग किए जाने के दावे किए जा चुके हैं। यह जानकारी प्रधान सचिव राजस्व व आपदा प्रबंधन ओकार शर्मा ने रविवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि मौजूदा अर्ली वार्निंग सिस्टम बहुत प्रभावी नहीं है। इसे राज्य भर में 50 जगहों पर स्थापित किया गया है। आईआईटी मंडी की ओर से तैयार की इस प्रणाली को और कारगर बनाने को कहा गया है, ताकि यह भूस्खलन से तबाही से पहले अलर्ट कर दे।

### सुडोकू 6291 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 |

## शांडिल ने समरहिल हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों से की मुलाकात

**शिमला,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ धनीराम शांडिल ने रविवार को यहां समरहिल के शिव बावड़ी हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों से मुलाकात की और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। डॉ शांडिल ने इस हादसे में जान गंवाने वाले अमित ठाकुर के परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद था जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गँवाई और कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि बारिश का दौर अभी थमा नहीं है इसलिए अभी सजग रहने की आवश्यकता है। इसके पश्चात उन्होंने इस हादसे में जान गंवाने वाले संजू ठाकुर के घर जाकर उनके पिता मोहन ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें भी सांत्वना दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने इस हादसे में लापता नीरज ठाकुर के परिजनों से भी मुलाक़ात की और उन्हें हौंसला दिया। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घडी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अभी तक 17 शव घटनास्थल पर मलबे से मिले हैं और शेष को ढूंढ़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र का भी दौरा किया और जिला प्रशासन को घटनास्थल की रेकी करने के निर्देश दिए ताकि आगामी दिनों में यहाँ किसी भी प्रकार के संभावित खतरे से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र का दौरा कर संभावित खतरे वाले पेड़ों का आंकलन कर उन्हें जल्द काटने के निर्देश दिए।

## वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियों रद्द, कॉटन बेल्ट में उपस्थित रहने का आदेश

**चंडीगढ़,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के कपास बेल्ट में पिंक बॉलवर्म के हमले से लड़ने में किसानों की मदद करने के लिए पंजाब कृषि और किसान कल्याण विभाग ने श्री मुक्तसर साहिब, बठिंडा, फाजिल्का, मानसा जिलों और शनिवार और रविवार सहित छुट्टियों के लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया है।

इन चारों जिलों में तैनात कृषि विभाग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भी इस महीने के अंत तक की छुट्टी रद्द कर दी गई है। पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने आज यहां कहा कि बठिंडा जिले के कुछ गांवों में कपास की फसल पर पिंक बॉलवर्म के हमले की रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए उन्होंने चार वरिष्ठ अधिकारियों को 31 अगस्त तक कपास बेल्ट में डेरा डालने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिन कपास की फसल के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये अधिकारी खेतों में जाकर कपास की फसल का निरीक्षण करेंगे और किसानों को इस कीट के हमले से बचाव के लिए मार्गदर्शन देंगे, इसके अलावा अधिकारियों के काम की निगरानी भी करेंगे।

कृषि विभाग के अधिकारियों को इस कठिन समय में किसानों की मदद करने के लिए खेतों में जाने के लिए कहते हुए, स.गुरमीत सिंह खुदियां ने उन्हें खेतों का दौरा करने के बाद रोजाना स्थिति रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने का भी निर्देश दिया। कर्तव्य में किसी भी लापरवाही या ढिलाई पर सख्त कार्रवाई की जाएगी क्योंकि कपास की फसल को बचाने के लिए किसानों के साथ खड़े होने का यह सही समय है।

किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशकों और कीटनाशकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, कृषि मंत्री ने इन अधिकारियों को कीटनाशकों की दुकानों और विनिर्माण इकाइयों का दौरा करने के अलावा गुणवत्ता के लिए नियमित नमूने लेने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों को किस दर पर कीटनाशक बेचे जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नकली कीटनाशक बेचते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## सिरसा जिला प्रशासन व ग्रामीणों के बीच बनी सहमति

**सिरसा,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की सीमा से सटे हरियाणा के जिला सिरसा के सबसे बड़े गांव जमाल में सिंचित व पेयजल की कमी को लेकर पिछले आठ दिनों से चल रहे आदोंलन के बीच रविवार को जिला प्रशासन व ग्रामीणों की गठित ग्यारह सदस्यीय कमेटी सदस्यों के बीच दूसरे दौर की वार्ता हुई। उपमंडलाधिकारी राजेंद्र कुमार,सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता आत्माराम भांभू,जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता जसवंत सिंह,घग्घर डिविजन के अधिशाषी अभियंता अजीत हुड्डा सहित अन्य अधिकारियों के साथ करीब दो घंटे चली वार्ता में एक-एक पहलू पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें बनी आपसी सहमति के बाद धरना स्थगित करते हुए टंकी पर चढ़े दोनों युवक विकास व अशोक नीचे उतर गए। टंकी से उतरे युवकों को गांव के सबसे बड़े 95 वर्षीय वृद्ध दुलाराम ने आशीर्वाद दिया वहीं जलघर में धरनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने जीत का जयघोष करते हुए सर आंखों पर बैठाया। गांव के पूर्व सरपंच व जिला पार्षद नंद लाल बेनीवाल ने जिला प्रशासन व ग्रामीणों के बीच हुए समझौते बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जमाल व कुतियाना माईनर में सिंचाई विभाग गांव जमाल की आखिरी टेल तक पानी पहुंचाने के लिए जीरो हैड से आखिर तक सभी मोघों को दुरूस्त करेगा।

## बाढ़ का पानी घटने के साथ डेंगू, चिकनगुनिया के मामले बढ़े : पुरोहित

**जालंधर,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में आई बाढ़ का पानी घटने से जहां लोगों को राहत महसूस हो रही है वहीं बाढ़ प्रभावित इलाकों को एक नई समस्या ने घेरना शुरू कर दिया है। बाढ़ का पानी घटने के साथ ही पंजाब अब डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों में वृद्धि से जूझ रहा है। फरीदकोट स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. नरेश पुरोहित ने विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बाढ़ के बाद बचा हुआ स्थिर पानी डेंगू और चिकनगुनिया वायरस फैलाने के लिए जिम्मेदार मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल के रूप में काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त, आई फ्लू या कंजंक्टिवाइटिस के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है, जो बाढ़ के कारण बढ़ी अस्वास्थ्यकर स्थितियों से जुड़ा है।



चिकित्सक ने कहा कि एडीज एजिप्टी मच्छर, जो डेंगू और चिकनगुनिया के अधिकांश मामलों के संचरण के लिए जिम्मेदार है, घनी आबादी वाले शहरी वातावरण के लिए अच्छी तरह से अनुकूलित है। यह आश्रय वाले आवासों, जैसे बर्तनों, वर्षा जल संचयन कंटेनरों और टायरों में प्रजनन करता है। यह मच्छर आक्रामक होता है, अक्सर एक दिन में कई लोगों को काटता है। यह उन शहरों में कई गुना तेजी से फैल सकता है जहां लोग ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई स्थानों पर जाते हैं। मूल रूप से दिन के दौरान सक्रिय होता है, कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि यह कृत्रिम रूप से अनुकूलित हो गया है तथा प्रकाश और रात में सक्रिय रहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मच्छर नियंत्रण की कुंजी लार्वा पर अधिक ध्यान देने में निहित है। मच्छर, अन्य जलीय कीड़ों की तरह, झीलों, नदियों या आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी प्रणालियों में अपने अंडे देने से बचते हैं जहां उन्हें जलीय जीवों द्वारा शिकार के खतरे का सामना करना पड़ता है। स्वस्थ जल निकायों को बनाए रखने से मच्छरों के प्रजनन के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है।

डॉ पुरोहित ने खुलासा किया कि विडंबना यह है कि बागवानी और वर्षा जल संचयन जैसी टिकाऊ शहरी प्रथाएं मच्छरों को शुष्क गर्मी के महीनों के दौरान भी निर्बाध रूप से पनपने के लिए आवास प्रदान करती हैं, जहां अन्यथा यह कम हो जाता। पंजाब के नागरिकों को यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थित शहरी निगरानी और शिक्षा अभियान की आवश्यकता है कि वर्षा संचयन कंटेनर पूरी तरह से ढके हुए हों, और बर्तन और खाद के गड्ढे अच्छी तरह से जल निकासी योग्य हों। दिन के तापमान में वृद्धि और दिन-रात के तापमान में उतार-चढ़ाव सहित शहरी ताप द्वीप प्रभाव ज्ञात हैं। एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## काशंग कंडा संपर्क मार्ग को शीघ्र बहाल करें अधिकारी: नेगी

**शिमला,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने रविवार को जिला किन्नौर के कल्पा विकास खंड की ग्राम पंचायत पांगी का दौरा किया तथा भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए काशंग कंडा संपर्क सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। राजस्व मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र सड़क बहाल करने तथा बिजली विभाग को काशंग कंडे तक बिजली पहुंचाने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की पांगी के लोगों की अधिकतर जमीन काशंग कंडे में है, इसलिए बिजली तथा सड़क की बहाली प्राथमिकता के आधार पर होनी चाहिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सेब की फसल तैयार होने से पहले काशंग कंडे की सड़क को बहाल करने के निर्देश दिए ताकि बागवानों को उनकी फसल को मंडी तक पहुंचाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। श्री नेगी ने काशंग कंडे में भारी बारिश के कारण पत्थर के नीचे दबने से दिवगंत हुए पार्वती और हरीश कुमार के परिजनों से भी भेंट की तथा दिवगंत हुए व्यक्तियों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। राजस्व मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जिला अस्पताल रिकांग पिओ में आने वाले रोगियों के परिचारकों के लिए अलग से कार पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांग पीओ के बाल व बालिका हॉस्टल का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को दिए जाने वाले खाने का निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालय में पानी की समस्या को हल करने के लिए अधिकारियों को अक्तूबर माह तक एक लाख लीटर पानी की क्षमता वाले टैंक का निर्माण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को रिकांग पिओ में ट्रक पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करने के भी निर्देश दिए ताकि ट्रक पार्किंग व बायपास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा सके।

## मोदी चाहे 15-20 दौरे कर ले, जनता सरकार रिपीट करने का बना चुकी मन : गहलोत

**जयपुर,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर श्री मोदी चाहें राजस्थान के 15-20 दौरे कर ले लेकिन कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है क्योंकि इस बार जनता कांग्रेस की सरकार रिपीट करने का मन बना चुकी है। श्री गहलोत रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि काय्रक्रम में भाग लेने के बाद मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री मोदी हाल के दिनों में छह बार राजस्थान के दौरे कर चुके हैं। वे छह बार क्या, पन्द्रह-बीस बार प्रदेश के दौरे करे तो भी कुछ नहीं होने वाला, क्योंकि इस बार जनता कांग्रेस की सरकार रिपीट करने का मन बना चुकी है।



उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही माई बाप है, जिन्होंने राजस्थान में सरकार गिराने का प्रयास किया लेकिन प्रदेशवासियों ने सरकार को गिरने नहीं दिया। प्रदेश की जनता की भावना थी कि सरकार गिरनी नहीं चाहिए। पूरे देश में चर्चा होती है कि कर्नाटक सरकार चली गई, मध्यप्रदेश में सरकार गिर गई लेकिन राजस्थान में सरकार नहीं गिरने दी गई। भाजपा नेताओं के मन में यह पीड़ा है कि वे सरकार नहीं गिरा पाए।

उन्होंने नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि जिन्होंने देश का इतिहास बनाया, उनका नामों-निशान मिटाने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि श्री राजीव गांधी के पांच साल के कार्यकाल में कई क्रांतिकारी फैसले हुए थे लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री मोदी इस बात को समझ नहीं रहे हैं और उन्होंने और उनकी पार्टी ने ठान लिया है कि पिछले 60-70 सालों में कांग्रेस ने क्या किया, आजादी से पहले क्या किया, उन सबको भुला दो। उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरु संग्रहालय का नाम बदल दिया गया, किस स्तर पर जा रहे है ये लोग। उन्होंने कहा कि यह किस स्तर की सोच हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी अगर यह आरएसएस एवं स्वयं की सोच से कर है तो गलत है, या भाजपा के दबाव में कर रहे है तो भी गलत है। आज इतिहास को मिटाऐंगे तो इनका इतिहास स्वत: मिट जायेगा और इनका इतिहास काले अक्षरों में लिखा जायेगा।

### राजस्थान में नहरी तंत्र से संबंधित छह कार्यों के लिए 381.74 करोड़ रुपए स्वीकृत

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के नहरी तंत्र से संबंधित छह परियोजनाओं के कार्यों के लिए 381.74 करोड़ रुपए एवं सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में सीवरेज संबंधित कार्य के लिए 42.30 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। श्री गहलोत की इस स्वीकृति से खारी फीडर की क्षमता बढ़ाकर राजसमंद बांध में जल उपलब्धता के लिए 79.94 करोड़ रुपए, नर्मदा कैनाल प्रोजेक्ट के बालेरा व सांचोर लिफ्ट डिस्ट्रीब्यूटरी सिस्टम के लिए 17.60 करोड़ रुपए, भीमगुढ़ा डिस्ट्रीब्यूटरी सिस्टम के टेल माइनर्स के लिए 8.05 करोड़ रुपए, राटोडा डिस्ट्रीब्यूटरी सिस्टम के माइनर्स के लिए 14.43 करोड़ रुपए, मानकी डिस्ट्रीब्यूटरी सिस्टम 20.47 करोड़ रुपए एवं बारां जिले में पार्वती मुख्य केनाल के सुदृढ़ीकरण के लिए 241.25 करोड़ रुपए के कार्य होंगे। जोधपुर के लूणी स्थित गुड़ा विश्नोईयान में बड़ा तालाब के पास फिल्टर प्लांट का कार्य होगा।

## 'हिमाचल में सरकारी व निजी स्कूलों को कुछ दिनों तक बंद रखने की मांग'

**शिमला,** 20 अगस्त (एजेंसयां)। हिमाचल छात्र व अभिभावक मंच ने भारी बरसात व भयंकर आपदा के मध्यनज़र प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों व अन्य शिक्षण संस्थानों को आगामी कुछ दिनों तक बन्द रखने की सरकार से मांग की है। मंच का मानना है कि भारी बरसात व आपदा के कारण छात्रों की जान को दांव पर लगाना ठीक नहीं है क्योंकि ऐसे मौसम में कभी भी कोई भी अनहोनी, अप्रिय घटना व बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए तुरन्त ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। मंच के संयोजक विजेंद्र मेहरा व सह संयोजक विवेक कश्यप ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा है कि वर्तमान दौर में हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण भयंकर आपदा आयी है। भारी बरसात, लगातार वर्षा, बादल फटने, बिजली परियोजनाओं के डैमों से छोड़े गए पानी, नदियों नालों में बढ़ते जलस्तर, भूस्खलन, हज़ारों भवनों व पेड़ों के गिरने तथा सड़कों व रास्तों के टूटने के कारण आपदा में प्रदेश को दस हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रदेश की सैंकड़ों सड़कें टूट गयी हैं। सैंकड़ों भवन गिर चुके हैं। हज़ारों भवन खतरे की जद में हैं। साढ़े तीन सौ से ज़्यादा लोगों की जान जा चुकी है। प्रदेश की भूमि का बहुत बड़ा भाग बारिश के कारण बह चुका है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद के राजेपुर में बाढ़ का कहर, ठहरी आमजन व्यवस्था

**फर्रुखाबाद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। राजेपुर व अमृतपुर गंगापार क्षेत्र में गंगा व राम गंगा में प्रतिदिन पानी छोड़े जाने से विकराल रूप देख कर बाढ़ पीड़ितों का जीना दुश्वार हो गया है। घरों में बैठने तक की जगह नहीं है। रोड व छतों पर अपने आशियाना बनाए हुए हैं। तहसील अमृतपुर क्षेत्र के दर्जनों गांव एक माह से जलमग्न है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को बाढ़ राहत सामग्री किट वितरित तो की गई थी, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वह भी कई दिन पहले खत्म हो गई। अब तो बाढ़ पीड़ितों को एक एक दाने के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खाना बनाने और बैठने के लिए ऐसी कोई जगह सुरक्षित नहीं बची है जहां बैठ कर खाना बना कर खा सके। बाढ़ के पानी में चारपाई डाल कर गुजर बसर करना पड़ रहा हैं। पीड़ितों द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने जीवन से खेल रहे हैं।

# अयोध्या आने को आतुर पूरी दुनिया : योगी

**लखनऊ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मनगरी श्री अयोध्याधाम में श्रीरामजन्म भूमि मंदिर के प्रस्तावित लोकार्पण के दृष्टिगत पूरे नगर को सजाने-संवारने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को एकदिवसीय अयोध्या दौरे से लौटे मुख्यमंत्री ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक कर वहां संचालित अवस्थापना विकास संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के सुरक्षा प्रबंध की कार्य योजना पर विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिशीघ्र अयोध्या

- मुख्यमंत्री ने की विकास संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा
- अगले एक माह में अयोध्या में तैनात हो उप्र प्रदेश विशेष सुरक्षा बल

में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का लोकार्पण होना है। पूरी दुनिया की दृष्टि अयोध्या की ओर है। हर आस्थवान अयोध्या आने को आतुर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में धर्मनगरी अयोध्या का विकास त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप किया जा रहा है। अयोध्या में पुरातन



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर व श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी

संस्कृति सभ्यता का संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने के अनुसार सभी नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है।

प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप तैयार अयोध्या के समग्र विकास की हर परियोजना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की श्रीरामजन्मभूमि मंदिर लोकार्पण से पूरी अवधपुरी को सजाया जाए। मठ-मंदिरों की रंगाई-पुताई कराई जाए। पूरे शहर में एक समान थीम पर फसाड लाइटिंग कराई जाए। नगर की गलियों-भीतरी मार्गों की सड़कों को बेहतर बनाया जाए। नगर में कहीं भी जलभराव न हो और नालियां ढंकी हुई हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के मूल निवासियों के लगभग 100 गुना अधिक संख्या में श्रद्धालुओं/पर्यटकों की उपस्थिति हो रही है। ऐसे में नगर विकास विभाग को स्वच्छता के लिए विशेष प्रबंध करने होंगे। अयोध्या में अतिरिक्त स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की जाए। जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ और राम पथ के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूरा कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बहुउद्देशीय पार्किंग स्थल एवं दुकानों को जल्द से जल्द पूरा करने किया जाए, साथ ही, पेयजल, टॉयलेट, चेंजिंग रूम आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स मुख्य मार्गों के किनारे बेतरतीब ढंग से दुकानें न लगाएं।

## निराश्रित नहीं होगा एक भी गोवंश : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन/संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पशु संवर्धन व संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 6889 निराश्रित गोवंश स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं। हमें छोटे-छोटे निराश्रित गोवंश स्थलों के स्थान पर बड़े गोवंश स्थल उपयोगी हो सकते हैं। हमें नस्ल सुधार व गोबरधन प्लांट जैसे कार्यक्रमों को बढ़ाए जाने की जरूरत है। विकास खंड तथा जनपद स्तर पर स्थापित वृहद गो-आश्रय स्थल इस कार्य के लिए उपयोगी हो सकते हैं।



## तीज पर महिलाओं ने किया नृत्य

**मवाना,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रोड स्थित रविवार को रजवाडा पैलेस मवाना में तीज का त्यौहार नारी शक्ति के द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां पर महिलाओं ने तंबूला खेला। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुन्दर-सुन्दर नृत्य किया। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत सभी महिलाओं ने लजीज व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के सम्पन्न पर सभी महिलाओं को सुहाग की परिचायक बिंदी का पत्ता व मेंहदी वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरभि रस्तोगी, सोनिका रस्तोगी, आरती रस्तोगी, भावना रस्तोगी और जूली अग्रवाल ने संयुक्त रुप से की। कार्यक्रम का संचालन शिखा रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम में ईशा कौशिक, सोनी, नेहा, निधि, जूही, सोनल रस्तोगी, रचना, प्रिया, सोनिका गुप्ता और आदि महिलाओं का सहयोग रहा।

# अनाज के बदले गुलाम बनाने का षडयंत्र कर रही है भाजपा

**लखनऊ/फिरोजाबाद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अनाज देकर लोगों को गुलाम बनाने का षडयंत्र कर रही है। लोक जागरण अभियान के अन्तर्गत समाजवादी प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल रही है। जनता उससे बहुत निराश है। महंगाई चरम पर हैं सरकार के पास कोई ठोस योजना महंगाई रोकने की नहीं है।

महंगाई तब रूकेगी जब किसान खुशहाल होगा। नौकरी रोजगार भी नहीं है। भाजपा रहेगी तो समस्या बढ़ेगी। भाजपा सरकार सड़कों पर सांड़ों का आतंक है। भाजपा सरकार की सत्ता 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद नहीं रहेगी। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक भी जिला अस्पताल पिछले सात वर्षों में नहीं बना है। जो मेडिकल कॉलेज हैं उनमें दवा, डॉक्टर नहीं है। शाहजहांपुर और फिरोजाबाद में समाजवादी सरकार में दो अस्पताल बने। फिरोजाबाद के अस्पताल में वही सुविधाएं है जो हमने दी थी। आज उसकी हालत खराब है। गरीब को इलाज नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प है।



- डबल इंजन की सरकार पूरी तरह रही विफल : अखिलेश

नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसान-व्यापारी परेशान है। अपराध चरम पर है। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश बदहाल होता जा रहा है। संविधान और लोकतंत्र पर चोट की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी अपने घोषणापत्र को उठा कर नहीं देखा। घोषणापत्र में किए गए कोई वायदे पूरे नहीं किए गए। देश का किसान परेशान है उसे अपने फसलों की आई नहीं मिल रही है, युवा बेरोजगार है, आम आदमी महंगाई से त्रस्त है।

## सार संक्षेप

### पिछड़ा मोर्चे की बैठक में पहुंचे नरेंद्र कश्यप

**मेरठ।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा की पश्चिम क्षेत्र की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष और सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष हरवीर पाल ने की। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल और जिला स्तर पर पिछड़े वर्ग के महापुरुषों की जयंती, पुण्यतिथि विशेष कार्यक्रम कर मनाएगा। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मोर्चा की अपनी सोशल मीडिया टीम जिला और मंडल दोनों स्तर पर गठित होगी। मोर्चे का विस्तार करने के लिए हमारे कार्यकर्ता हर घर उपस्थिति दर्ज कराएंगे। ताकि 2024 में यूपी में 80 में 80 का लक्ष्य भेद सकें। कार्यकर्ता घर घर जाकर जनता को वर्तमान की मोदी सरकार और यूपी की योगी सरकार द्वारा पिछड़ों के लिए जो कार्य हुए हैं उनको बताएंगे।

### 2024 की तैयारी में अपना दल एस, बैठक आयोजित

**मेरठ।** मिशन 2024 में अपना दल (एस) भी तैयारियों में जुट गया है। इसी के मद्देनजर रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जीमखाना स्थित एक हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन भी किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। पार्टी बूथ स्तर तक समितियों का गठन कर खुद को मजबूत करने जा रही है। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार ने की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन का विस्तार करने के लिए बैठकें व चौपालें होंगी। इनके जरिए पार्टी में नए सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना है।

### ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत

**मेरठ।** शनिवार देर रात्रि दिल्ली देहरादून बाईपास स्थित शिवा टूरिस्ट ढाबे पर खाना खाकर सड़क पार कर रहे राहगीर को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लेने के बाद मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन मृतक की पहचान न होने पर शव को मोर्चरी भेज दिया। हालांकि ढाबा संचालक पर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। इसी के चलते पुलिस ने ढाबे पर लगे कैमरों की डीवीआर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

### जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें सभी व्यवस्थाएं सही दिखाई अस्पताल में सभी चिकित्सक उपस्थित मिले उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल में 15 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया।उपस्थित चिकित्सक द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य मेला में अभी तक 15 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान सभी स्टाफ उपस्थित मिला। जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारी को प्रसव की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

## राजीव गांधी को किया याद



- चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि
- जिला अस्पताल में कांग्रेसियों ने फल वितरित किए

**मेरठ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस पार्टी के पार्टी कार्याल पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिन मनाया। जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद कांग्रेसी जिला अस्पताल पहुंचे और मरीजो को फल वितरित किए। कार्यक्रम में किठौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी डा. बबीता सिंह गुर्जर ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्व. राजीव गांधी को महान नेता बताया। कहा कि राजीव जी हमेशा युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं।

इस दौरान पार्टी को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने का भी अहवान किया गया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, शहर अध्यक्ष, सलीम खान, हरिओम अम्बेडकर, केडी शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# उप्र में 15 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को धनराशि वितरित

**लखनऊ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लक्ष्यों के दृष्टिगत राष्ट्रवाद, सुशासन और समग्र विकास से अन्त्योदय के लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्ग दर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रदेश के समस्त 75 जनपदों के 826 विकास खंडो में इंटेंसिव रूप 1.08 करोड़ अधिक ग्रामीण परिवारों को 8.23 लाख स्वयं सहायता समूहों 55,763 ग्राम संगठन एवं 2889 संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से विकास कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता, स्वरोजगार, उद्यमशीलता एवं कौशल विकास द्वारा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम

- आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में किया जा रहा कार्य

में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अभी तक 5,94,456 समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में रू 891.68करोड़ एवं 4,10,610 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 4516.71 करोड़ तथा 3,75,790 समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से 3339.56 करोड़ रुपए का ऋण रोजगार सृजन हेतु निर्गत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान डिजिटल क्रांति के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने की दिशा में आजीविका गतिविधियों के सुचारू ढंग से संचालन हेतु वृहद् जागरूकता अभियान संचालित किया गया। उप मुख्यमंत्री की स्वीकृति से प्रदेश के 1.4 लाख स्वयं सहायता समूहों के 15 लाख से अधिक परिवारों को 1001.32 करोड़ रुपये की धनराशि निर्गत की गई है। यह धनराशि अंतर्गत रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में 57150 स्वयं सहायता समूहों को रु 85.73 करोड़ रुपये तथा 83236 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप 915.6 करोड़ की धनराशि निर्गत किया गया 7 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक सी. इंदुमती के अनुसार ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सितम्बर 2023 तक प्रदेश में 1.18 करोड़ परिवारों को समूह से आच्छादित करने की प्रक्रिया तीव्र गति से अग्रसर है।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**मेरठ,**20 अगस्त (देशबन्धु)। बड़ौत-मेरठ के मुख्य मार्ग पर एक बाइक सवार भैंसा बुग्गी से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव डूंगर थाना रोहटा जिला मेरठ निवासी सतीश कुमार पुत्र मांगेराम प्रजापति उम्र 45 वर्ष रविवार को दोपहर को बाइक पर सवार होकर अपने घर से मेरठ के लिए जा रहा था। जब वह मेरठ बड़ौत मार्ग पर आजमपुर गांव के सामने पहुंचा तो उसकी बाइक सड़क क्रॉस कर रही भैंसा बुग्गी से टकरा गई। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीर उपचार के लिए घायल को रीता अस्पताल शोभापुर में ले गए वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख सुभारती के लिए रेफर कर दिया। सुभारती में पहुंचने पर चिकित्सकों ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद घटना की सूचना रोहटा पुलिस को दी गई।

# मवाना के लाखों नागरिक झेल रहे हैं पानी की किल्लत

**मवाना,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मवाना के लाखों नागरिक पानी की किल्लत झेल रहे हैं। हालत ये है कि बिजली चली गई तो पालिका की टंकियां सूख जाती है। पालिका

- बिजली गई तो पालिका की टंकियां सूखी

दावा करती है कि सभी आठों टयूबवेलों पर चालू हालत में जनरेटर लगे हुए है। इन सबके बावजूद नागरिक पेयजल के लिए परेशान रहते हैं। मवाना नगर में प्रीतनगर कालोनी में एक, ढिकौली कालोनी में एक, लक्ष्मीनगर कालोनी में एक, पंचवटी कालोनी में एक, तहसील रोड पर एक, तहसील के पीछे एक, पालिका बड़ी टंकी परिसर में एक, भैंसा रोड पर एक टयूबवेल बनी हुई है। सभी पर जनरेटर लगे हुए है। नागरिकों का दर्द है कि सुबह, दोपहर व शाम को पालिका ने पेयजल आपूर्ति का समय निर्धारित कर रखा है। निर्धारित समय पर यदि बिजली की आपूर्ति बंद हो जाये तो पानी की टंकी सूख जाती है। आरोप है कि जब सभी टयूबवैलों पर जनरेटर चालू हालत में है तो बिजली की आपूर्ति बंद होने का पेयजल आपूर्ति बादस्तूर चालू रहनी चाहिए लेकिन बिजली बंद तो पानी बंद हो जाता है। इसके अलावा नगर में अलग-अलग स्थानों पर 20 पम्प लगे हुए है जो कि पूरी तरह से बिजली आपूर्ति पर निर्भर हैं। नागरिकों ने बताया कि कई दिनों से सुबह को पानी का प्रेशर कम रहता है, घंटों पानी के आने की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। यह बात पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक स्वीकारते है कि बिजली चली जाने पर टंकी सूख जाती है। बिजली आने पर ही टंकी से पानी आता है। पालिका के पेयजल की व्यवस्था देख रहे कर्मचारी कालूराम ने बताया कि बिजली की व्यवस्था खराब होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है।

## सर्राफा कारोबारी से लूट का विडियो सामने आया

**मेरठ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। सर्राफा कारोबारी उसके नौकर से बीच रास्ते हुई लूट का वीडियो सामने आया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से एक कैमरे में लुटेरे बाइक से भागते नजर आ रहे हैं। लुटेरे मुंह पर कपड़ा बांधकर बाइक पर आए थे। सर्राफा कारोबारी के नौकर से कैश भरा बैग लूटा और बाइक से फरार हो गए। पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें बाइक सवार लुटेरे जा रहे हैं और एक युवक आगे भाग रहा है, दूसरा युवक बाइक सवारों के पीछे भागते दिख रहा है।

पुलिस सीसीटीवी के आधार पर लुटेरों को खोजने का प्रयास कर रही है। शनिवार को मेरठ में अपने सर्राफ की दुकान से कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अपने घर जा रहे सर्राफा कारोबारी से तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लूट कर ली। इस दौरान व्यापारी के शोर मचाने पर बदमाश तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। कोतवाली थाना क्षेत्र नंद ग्राम चौक निवासी सुनील कुमार वर्मा कि दिल्ली गेट थाना क्षेत्र स्थित श्रीराम कंपलेक्स नीलगली में ज्वेलरी की दुकान है। शनिवार रात्रि करीब 8: 00 बजे पीड़ित सुनील कुमार अपनी दुकान बंद कर दिनभर की दुकानदारी से हुई नकदी को एक बैग में लेकर अपने घर जा रहे थे। सुनील के साथ उसका नौकर अनुज कुमार उर्फ टिंकू भी था।

## विनायक विद्यापीठ में दो सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**मेरठ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। जो युवा रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे हैं और उसके बावजूद भी उन्हें अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार रोजगार नहीं मिल पाया है, तो ऐसे युवाओं के लिए बेहतरीन अवसर है। विनायक विद्यापीठ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जॉब फेयर ऑपर्च्युनिटी 2023 का आयोजन 2 सितम्बर को मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ कैम्पस में होने जा रहा है। प्राचार्या डॉ अनुप्रिता शर्मा ने बताया कि विनायक विद्यापीठ में इससे पहले भी कई रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें सैकड़ों योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। आगामी 2 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न क्षेत्र की करीब 50 कंपनियां भागीदारी करेंगी तथा हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, बीटेक, डिप्लोमाधारी आदि करीब 1 हजार युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए तत्काल इस लिंक https://sewayojan-up-nic-in/IEP/registration-aspÛ पर अपना पंजीकरण करे और इस फेयर से संबन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप मोबाइल नंबर 8630286566 व 9997369496 पर संपर्क कर सकते हैं।



- राष्ट्रीय स्तर की करीब 50 कंपनियां ले रही हिस्सा
- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन

**आयोजन** *भगवान परशुराम की तस्वीर देकर धर्मेंद्र भारद्वाज का किया स्वागत*

# भाजपा की विकास नीति से हुए महत्वपूर्ण विकास : भारद्वाज

**मवाना, 20 अगस्त (देशबन्धु)। एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज का रविवार को हस्तिनापुर ब्राह्मण सभा के कार्यक्रम में जाते हुए मवाना के चौहान चौक स्थित संतोष ऑटोमोबाइल्स शोरूम में भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ता सचिन भारद्वाज (सनी) द्वारा आयोजित भव्य स्वागत कार्यक्रम के तहत दोपहर करीब दो बजे स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से हस्तिनापुर में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में जातेसमय सर्वप्रथम फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया इसके बाद सभी ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र।**

- हस्तिनापुर में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में पहुंचे थे भाजपा नेता

पहनाते हुए धर्मेंद्र भारद्वाज को सामुहिक रूप से ही फरसा व भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट की गई। सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र भारद्वाज ने कहा कि भव्य स्वागत से अभिभूत हूं। देश.प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की विकास नीति से आम जनमानस के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण विकास हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां एक तरफ देश व उत्तरप्रदेश में विकास के पंख लगाकर निस्वार्थ भावना से सभी को लाभ दिया जा रहा है वहीं दूसरी और आज देशवासियों को भी पूरी दुनिया में सम्मान के दृष्टिकोण से देखा जाता है। आज भारतवर्ष दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से दुनिया के बड़े बड़े विकसित देश आज भारत की विकास नीति से सीख लेकर बदलाव करने में जुटे हैं। भारत को विकासशील से विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारे को साकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री अमृत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत देश की युवा पीढ़ी के कौशल को आगे बढ़ाया जा रहा है। स्वागत कार्यक्रम को आयोजित करने वाली कार्यकर्ताओं, समर्थकों को विधायक द्वारा आभार जताया गया। इस दौरान राजेंद्र चौहान, पवन रस्तौगी, अमल खटीक, प्रज्वल चौहान, मयूर रस्तौगी, सचिन कुमार, कृष्णकांत, अमित चौहान, विकलदीप चौहान, आसिफ गौरव पंडित, राहुल रस्तौगी, विमल, बिजेंद्र शर्मा नीटू, नंदकिशोर, गौरव गुप्ता, अनुभव चौहान, आरिफ केसर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## मजदूरों के मजबूत बनाने का आह्वान

**परीक्षितगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को नगर के ऐतिहासिक बाबा से नाथ आश्रम पर सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया मजदूर संगठन की एक बैठक हुई जिसमें मजदूरों के मजबूत बनाने का आहवान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि आज मजदूर परेशान है। जिससे बच्चों की शिक्षा रोजगार पर गहरा असर पड़ रहा है। संगठन के माध्यम से सरकार द्वारा मिलने वाली योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सभी राजनीतिक पार्टियां मजदूरों से वोट लेकर सरकार बना लेती हैं लेकिन उनका कोई ध्यान नहीं रखती हैं। जब भी देश की रीड मजदूर हैं मजदूर गर्मी सर्दी बरसात में भी मजदूरी कर कर देश में परिवार का भला करता है संगठन की गाजियाबाद की जिला अध्यक्ष सुनीता ने कहा कि आज महिलाओं को भी अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा तभी देश का विकास होगा। महिलाएं शिक्षित होकर देश के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री उच्च अधिकारियों पर आसीन है यह सब शिक्षा व संविधान के निर्माता डॉ.बी.आर.अंबेडकर की देन है जिन्होंने महिला को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी।



देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | | |
|---|---|---|
| एनटीपीसी | \| | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | \| | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | \| | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | \| | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | \| | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | | |
|---|---|---|
| बजाज फाइनेंस | \| | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | \| | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | \| | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | \| | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | \| | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## सरकार ने प्याज का बफर बढ़ा कर 5 लाख मेट्रिक टन किया

- प्याज खुदरा दुकानों और एनसीसीएफ की मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जाएगा
- बफर से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज बाजारों में भेज दिया गया

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने 3 लाख मीट्रिक टन के शुरुआती खरीद लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस साल प्याज की बफर मात्रा को बढ़ाकर 5 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) कर दिया है। प्रमुख बाजारों में जारी करने के अलावा, सोमवार (21 अगस्त) से प्याज खुदरा दुकानों और एनसीसीएफ की मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य एजेंसियों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को शामिल कर आने वाले दिनों में प्याज की खुदरा बिक्री को उचित रूप से बढ़ाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीसीएफ और नैफेड को



1 लाख टन की खरीद करने का निर्देश दिया है।

बफर से प्याज का निपटान शुरू हो गया है, उन राज्यों के प्रमुख बाजारों को लक्षित करते हुए जहां खुदरा कीमतें औसत कीमत से ज्यादा हैं या पिछले महीने की तुलना में काफी अधिक हैं। आज तक, बफर से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज बाजारों में भेज दिया गया है और उपलब्धता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

बफर के लिए खरीद, स्टॉक जारी करने और निर्यात शुल्क लगाने जैसे उपायों से सरकार की योजना प्याज की निरंतर उपलब्धता और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर लाभ प्रदान करने की है। प्याज की घरेलू उपलब्धता में सुधार के लिए सरकार ने शनिवार (19 अगस्त) को तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया था।

## मुरुगप्पा ग्रुप का पारिवारिक विवाद सुलझा

**चेन्नई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के सबसे पुराने व्यापारिक परिवारों में से एक - मुरुगप्पा - के दो युद्धरत गुटों ने अपने मतभेदों को दूर करते हुए कहा कि विवादों और मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जा रहा है। यहां जारी एक संयुक्त बयान में मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों ने कहा कि दिवंगत एम.वी. मुरुगप्पन की पारिवारिक शाखा सदस्य आपसी विवादों और मतभेदों को सुलझाने पर सहमत हुए हैं। परिवार के सदस्यों में वल्ली अरुणाचलम और वेल्लाची मुरुगप्पन एक तरफ हैं जबकि परिवार के बाकी सदस्य दूसरी तरफ। एम.वी. मुरुगप्पन के 2017 में देहावसान के बाद परिवार में मतभेद पैदा हो गए। अमेरिका में रहने वाली उनकी सबसे बड़ी बेटी वल्ली अरुणाचलम ने परिवार की हिस्सेदारी के आधार पर समूह की होल्डिंग कंपनी अंबाडी इन्वेस्टमेंट्स की बोर्ड में जगह की मांग की थी। मुरुगप्पा परिवार के अन्य सदस्यों ने उनकी मांग खारिज कर दी।

रविवार को यहां जारी बयान के अनुसार, मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों ने पहले अपने-अपने सलाहकारों की उपस्थिति में एक बैठक में पारिवारिक व्यवस्था की शर्तों पर आपस में चर्चा की और निष्कर्ष निकाला। बयान में कहा गया है, 'यह समझ आज मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों द्वारा स्वर्गीय एम.वी. मुरुगप्पन की पारिवारिक शाखा (श्रीमती वल्ली अरुणाचलम और श्रीमती वेल्लाची मुरुगप्पन सहित) के साथ किए गए एक ज्ञापन के माध्यम से दर्ज की गई। परिवार के सदस्य अगले 90 दिनों के भीतर पारिवारिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए आवश्यक




लेनदेन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

इसमें कहा गया है, 'पारिवारिक व्यवस्था की परिकल्पना मुख्य रूप से मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों के बीच मित्रता लाने और सद्भावना बनाए रखने तथा इस पीढ़ी के साथ-साथ भविष्य में भी परिवार के भीतर समग्र सद्भाव बनाए रखने के लिए की गई है।' बयान के मुताबिक समझौते की शर्तें गोपनीय हैं। पारिवारिक व्यवस्था के हिस्से के रूप में पार्टियां इस बात पर भी सहमत हुई हैं कि पारिवारिक व्यवस्था की शर्तों के अनुसार पारिवारिक निपटान में निर्दिष्ट सभी सहमत कदम पूरे होने के बाद परिवार समूहों के बीच सभी कानूनी प्रक्रियाएं बंद कर दी जाएंगी।

## बीओबी ने 56 करोड़ रुपए के ऋण बकाया के लिए अभिनेता सनी देओल की संपत्ति को नीलामी में डाला

**चेन्नई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। क्या केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले बंधक ऋणदाता बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने लगभग 56 करोड़ रुपए का ऋण चुकाने में विफल रहने पर अभिनेता और भाजपा सांसद सनी देओल की मुंबई संपत्ति को ई-नीलामी में डाल दिया है? बैंक की ओर से अखबार में जारी विज्ञापन से तो ऐसा ही लगता है, जिसमें उनका पता और स्थायी पता के तौर पर लोकसभा भी लिखा गया है। अखबार के विज्ञापन में - जिसे सोशल मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित किया गया है - बीओबी ने कहा है कि कर्जदार अजय सिंग देयोल उर्फ सनी देयोल पर 26.12.2022 के बाद से अब तक की वसूली से कम ब्याज और लागत के साथ बैंक का लगभग 55.99 करोड़ रुपए बकाया है। क्या अभिनेता का नाम अजय सिंह देओल के बजाय अजय सिंग देओल बैंक ने






लिख दिया है या किसी और ने, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

बैंक के अनुसार, जिस संपत्ति को ई-नीलामी में रखा गया है, उसका माप 599.44 वर्ग मीटर है और इसकी संरचना मुंबई के जुहू इलाके में स्थित सनी विला के नाम से जानी जाती है। सनी देयोल को उधारकर्ता/गारंटर बताया गया है और अन्य गारंटर धर्मेंद्र सिंह देयोल और सनी साउंड्स प्राइवेट लिमिटेड हैं।

बैंक वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2022 के तहत संपत्ति की नीलामी कर रहा है। आरक्षित मूल्य करीब 51.43 करोड़ रुपए और धरोहर राशि करीब 5.14 करोड़ रुपये तय की गई है।

बीओबी के मुताबिक, संपत्ति का निरीक्षण सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच किया जा सकता है। 14.9.2023 को और कब्जे की स्थिति प्रतीकात्मक है। बैंक ने यह भी कहा कि उधारकर्ता/गारंटर बिक्री से पहले किसी भी समय बकाया राशि/लागत/शुल्क और खर्च का भुगतान करके प्रतिभूतियों को भुना सकते हैं। नीलामी नोटिस बीओबी की जोनल स्ट्रेस्ड एसेट रिकवरी ब्रांच, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई द्वारा जारी किया गया था। बीओबी ई-नीलामी विज्ञापन पर उनकी प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की तो सनी देओल फोन पर उपलब्ध नहीं थे।

## फेड रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के डर का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुख के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह फेड रिजर्व के एक बार फिर ब्याज दर बढ़ाने का डर और मुद्रा बाजार में जारी उठापटक का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 373.99 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64948.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 113.05 अंक यानी 0.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19310.15 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 164.24 अंक उतरकर सप्ताहांत पर 30265.32 अंक रह गया। इसी तरह स्मॉलकैप 7.29 अंक की मामूली गिरावट के साथ 35283.32 अंक पर सपाट रहा। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजार को बीते सप्ताह कमजोर वैश्विक और घरेलू संकेतों के कारण गिरावट का सामना करना पड़ा। इस परिस्थिति में निवेशकों ने अमेरिकी डॉलर जैसी सुरक्षित संपत्तियों की ओर रुख किया गया। घरेलू औद्योगिक उत्पादन में गिरावट, नकारात्मक थोक मुद्रास्फीति और खुदरा महंगाई के रिजर्व बैंक के लक्षित दायरे से अधिक होने ने बाजार में अस्थिरता में योगदान दिया। अमेरिकी में खुदरा बिक्री के उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़े से फेड रिजर्व के ब्याज दर में एक बार फिर बढ़ोतरी करने की आशंका, अमेरिकी



बैंक की रेटिंग में गिरावट और चीनी केंद्रीय बैंक के दर में अचानक कटौती से आर्थिक सुधार में बाधा उत्पन्न होने की आशंका ने भी बाजार पर दबाव बनाया। साथ ही अनुमान है कि अमेरिकी बांड यील्ड बढ़ने से भारत में विदेशी निवेश सीमित हो जाएगा, जिससे बाजार की गतिशीलता पर और असर पड़ेगा। सुस्त औद्योगिक आंकड़ों और चीन की मांग को लेकर बनी चिंताओं के कारण बीते सप्ताह धातु समूह को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इनके अलावा वैश्विक मुद्रा बाजार में उठापटक के कारण निवेशकों की निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है, जो बाजार के प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है।

बीते सप्ताह मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट का रुख रहा। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, रिलायंस, एलटी, विप्रो और टीसीएस समेत तेरह दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 79.27 अंक की तेजी के साथ 65401.92 अंक और निफ्टी 6.25 अंक बढ़कर 19434.55 अंक पर रहा।

चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, यूटिलटीज़, पावर और रियल्टी समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 137.50 अंक की तेजी लेकर 65,539.42 अंक और निफ्टी 30.45 अंक बढ़कर 19,465.00 अंक पर पहुंच गया।

चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से वैश्विक बाजार में जारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 388.40 अंक लुढ़ककर 65,151.02 अंक और निफ्टी 99.75 अंक की गिरावट लेकर 19,365.25 अंक रह गया।

अमेरिकी फेड रिज़र्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और धातु समेत सत्रह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 202.36 अंक उतरकर 64,948.66 अंक और निफ्टी 55.10 अंक गिरकर 19,310.15 अंक पर आ गया।

## सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एतेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के असर से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव चढ़ गए तथा अधिकांश दाल-दलहन में बढ़त का रुख रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 3855 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.04 सेंट की तेजी लेकर 63.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सोया रिफाइंड 367 रुपए और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 99.9 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 534.4 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34 करोड़ डॉलर कम होकर 44.3 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

### इंटेल ने नौकरियों में की कटौती, अमेरिका में 140 को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को।** चिप निर्माता इंटेल लागत कम करने के लिए अमेरिका में कम से कम 140 और कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है, जिनमें से 89 कर्मचारी फोल्सम आर एंड डी परिसर में और 51 कर्मचारी कैलिफोर्निया के सैन जोस में हैं। सैक्रामेंटो इनो की रिपोर्ट के अनुसार, नई नौकरी में कटौती की सूचना राज्य के रोजगार अधिकारियों को दे दी गई है और यह महीने के अंत में प्रभावी होगी। कंपनी कथित तौर पर 10 जीपीयू सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियरों, आठ सिस्टम सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियरों, छह क्लाउड सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, छह उत्पाद विपणन इंजीनियरों और छह सिस्टम-ऑन-चिप डिजाइन इंजीनियरों के साथ-साथ अन्य लोगों की छंटनी कर रही है। यह ताजा नौकरी कटौती चालू वर्ष में फॉल्सम आर एंड डी परिसर से लगभग 500 पदों को हटा देगी। टॉम्स हार्डवेयर के अनुसार, 2022 की शुरुआत में इंटेल के पास फॉल्सम में 5,300 कर्मचारी थे। इंटेल के फॉल्सम परिसर का उपयोग एसएसडी, ग्राफिक्स प्रोसेसर, सॉफ्टवेयर और चिपसेट के विकास सहित विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए किया गया है। इस साल मई में, चिप निर्माता ने पुष्टि की थी कि वह चुनौतीपूर्ण मैक्रो-इकोनॉमिक माहौल में लागत कम करने के लिए अपने कार्यबल में और कटौती करने की योजना बना रही है। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि आगामी छंटनी से कितने कर्मचारी प्रभावित होंगे। रिपोर्ट में इंटेल के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, 'हम कई पहलों के माध्यम से लागत में कटौती और दक्षता लाभ की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें कंपनी के क्षेत्रों में कुछ व्यवसाय और कार्य-विशिष्ट कार्यबल में कटौती भी शामिल है।'

## तेलंगाना में शराब की दुकानों के लिए रिकॉर्ड संख्या में आवेदन

**हैदराबाद,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार ने राज्य में शराब की दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन शुल्क के रूप में 2,639 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। राज्य की 2,620 शराब दुकानों के लिए कुल 1,31,954 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एक भी शराब की बोतल बेचे बिना ही आबकारी विभाग ने यह कमाई कर ली। रिकॉर्ड राजस्व गैर-वापसीयोग्य आवेदन शुल्क के रूप में अर्जित किया गया था। शराब की दुकानों का आवंटन 21 अगस्त को ड्रा द्वारा किया जाएगा। आबकारी विभाग एक दिसंबर 2023 से नवंबर 2025 तक दुकानें संचालित करने के लिए लाइसेंस देगा। राज्य भर में 1.31 लाख से अधिक शराब व्यापारियों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। 2014 में तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से आवेदनों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। साल 2021 में लाइसेंस के आखिरी दौर के दौरान सरकार को 69,000 आवेदन मिले थे। सरकार ने गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क के तहत 1,350 करोड़ रुपए और दुकान लाइसेंस शुल्क के माध्यम से 3,500 करोड़ रुपए कमाए थे। नई शराब नीति 2023-25 के तहत प्रत्येक आवेदन के लिए नॉन-रिफंडेबल शुल्क 2 लाख रुपये तय किया गया है। प्रति दुकान प्रति वर्ष लाइसेंस शुल्क क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर 50 लाख रुपये से 1.1 करोड़ रुपये तक है। योग्य आवेदकों को एक वर्ष के लिए उत्पाद टैक्स के रूप में 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।

## 2022 में यूपीआई लेनदेन बढ़कर 83.2 लाख करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन में कई गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यूपीआई लेनदेन (ट्रांजेक्शन) 2018 में 1,320 प्रतिशत और 2022 में 1,876 प्रतिशत बढ़ गया है। साल 2018 में यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या 374.63 करोड़ थी, जो 2022 में 1,876 प्रतिशत बढ़कर 7,403.97 करोड़ हो गई। वैल्यू के संदर्भ में यूपीआई ट्रांजेक्शन 2018 में 5.86 लाख करोड़ रुपए था, जो 2022 में 1,320 प्रतिशत बढ़कर 83.2 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस साल फरवरी में भारत आने वाले विदेशी नागरिकों और एनआरआई को भारत में रहते हुए यूपीआई का उपयोग कर भुगतान करने की अनुमति दी थी। यह फैसिलिटी जी-20 देशों के यात्रियों को उनके व्यापारिक भुगतान के लिए



चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों- बेंगलुरु, मुंबई और नई दिल्ली में जारी की गई। इसके अलावा, आरबीआई द्वारा उन एनआरआई को यूपीआई एक्सेस प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है जिनके पास अपने एनआरई या एनआरओ खातों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर हैं। साथ ही नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने कहा है कि इस फैसिलिटी को 10 देशों- सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और यूनाइटेड किंगडम के लिए अनुमति दी गई है। विदेशों में यूपीआई की स्वीकार्यता 2022 में शुरू हुई।

एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी, यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए जिम्मेदार है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आरबीआई उन देशों में यूपीआई के विस्तार के लिए सहायता प्रदान कर रहा है जिनमें सहयोग की संभावना है। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई इंटरफेस के आने के कारण पिछले कुछ वर्षों में यूपीआई लेनदेन बढ़ा है, और लोग सभी प्रकार के भुगतान करने के लिए तेजी से उनका उपयोग कर रहे हैं। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े संस्थान भुगतान के ऐसे ही तरीकों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अधिकारी ने कहा, इसके अलावा सरकार भुगतान के इन तरीकों, खासकर भीम ऐप को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रही है, जिससे धीरे-धीरे वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के मामले में उनकी वृद्धि हुई है।

# खेल जगत

## विश्व कप कार्यक्रम में जो भी समस्या आयेगी, उसका निदान करेंगे: शुक्ला

**लखनऊ,** 20 अगस्त (एतेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में नौ और 10 अक्टूबर को होने वाले विश्व कप मैचों की तारीख में बदलाव की अटकलों पर विराम लगाते हुए रविवार को कहा कि आगे आने वाली किसी भी समस्या के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने बीसीसीआई को सूचित किया था कि नौ और 10 अक्टूबर को लगातार दो दिन मैचों की मेज़बानी करने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं सामने आ सकती हैं। उप्पल स्टेडियम में नौ अक्टूबर को नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का मुकाबला होना है, वहीं 10 अक्टूबर को पाकिस्तान और श्रीलंका आमने-सामने होंगे। शुक्ला ने एक बयान में कहा, 'मैं विश्व कप में हैदराबाद स्थल का प्रभारी हूं। अगर कोई भी समस्या पेश आयेगी, तो उसके निदान की कोशिश करूंगा।'



# हॉकी इंडिया ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कैंप के लिए 39 संभावितों का किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में 21 अगस्त से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 39 सदस्यीय मुख्य संभावित समूह की रविवार को घोषणा की। यह शिविर खिलाड़ियों के लिए चीन में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले महत्वपूर्ण हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने और टीम में जगह बनाने का एक बड़ा मौका होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझाऊ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी। भारत को पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। हाल ही में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ एशियाई खेलों में उतरेगी।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत अजेय रहा, उसने अपना पहला गेम चीन के खिलाफ 7-2 से जीता। जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला और मलेशिया को 5-0 से हराया, साथ ही दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। सबसे रोमांचक मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ रहा, जहां भारत ने ग्रुप-स्टेज गेम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से हराया।

नॉकआउट राउंड में भारत ने सेमीफाइनल में जापान को 5-0 से हराया और फाइनल में शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की। आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों में, हमने दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में आगे बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को



मजबूत कर रहे हैं, जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्थान सुरक्षित करने का हमारा मार्ग हो सकता है। इस बीच, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'शिविर हमारे लिए कुछ क्षेत्रों में काम करने और एक टीम के रूप में मिलकर काम करने का अवसर होगा। हमने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में ठोस टीम प्रदर्शन किया और हमारे लिए उसी गति को जारी रखना महत्वपूर्ण है।

### भारत के 39 सदस्यीय मुख्य-संभावित समूह में खिलाड़ियों की सूची

गोलकीपर: कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान

डिफेंडर: जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत

मिडफील्डर: मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मो.राहील मौसीन, मनिंदर सिंह

फॉरवर्ड: एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

## जर्मनी के खिलाफ 2-3 से हारी भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 4 देशों के टूर्नामेंट, डसेलडोर्फ-2023 में मेजबान जर्मनी से 2-3 से हार गई। सुदीप चिरमाको (7%, 60%) ने भारत के लिए दो गोल किए, जबकि मिशेल स्ट्रथॉफ (41%), बेन हस्बैक (53%) और फ्लोरियन स्पर्लिंग (55%) ने जर्मनी के लिए गोल किए। स्पेन पर 6-2 की जीत के साथ भारतीय टीम मैदान पर जर्मनी के खिलाफ उतरी। इस मैच में भी भारत ने शुरुआती बढ़त बना ली थी। मैच के सातवें मिनट में सुदीप ने भारत को बढ़त दिला दी। जर्मनी की लाख कोशिशों के बावजूद भारत पहले क्वार्टर के अंत तक अपनी बढ़त बनाए रखने में सफल रहा। जहां जर्मनी दूसरे क्वार्टर में बराबरी की तलाश में था, वहीं भारत ने भी अपनी बढ़त मजबूत करने के लिए एक और गोल करने का इरादा दिखाया। लेकिन दोनों टीमों ने अच्छा बचाव किया और भारत ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। दूसरे हाफ की शुरुआत में जर्मनी ने मैच का अपना पहला गोल हासिल करने के लिए तेजी दिखाई, लेकिन भारत अच्छी तरह से बचाव करने में सफल रहा। हालांकि, मिशेल स्ट्रथॉफ ने 41वें मिनट में भारत के डिफेंस को तोड़ते हुए अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। तीसरे क्वार्टर के अंत में स्कोर 1-1 से बराबर रहा। जब मैच में 15 मिनट बचे थे और स्कोर बराबरी पर था। तो, दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। लेकिन मैच के अंतिम मिनटों में जर्मनी ने दमदार कमबैक किया। 53वें मिनट में बेन हसबैक ने दूसरा गोल करके जर्मनी को आगे कर दिया और दो मिनट बाद फ्लोरियन स्पर्लिंग ने तीसरा गोल करके जर्मनी की बढ़त को और बढ़ा दिया।

# 'यह रजत था, मेरे समर्पण का चमकता प्रतीक : सिंधु

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। इन दिनों पीवी सिंधु अपनी खोई हुई फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस बीच उन्होंने अपने जीवन, संघर्ष और उपलब्धि को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (X) पर दिल की बात लिखी है। 20 अगस्त, 2016 का जिक्र करते हुए पीवी सिंधु ने अपने सबसे खास मैच को याद किया, जब उन्होंने रियो ओलंपिक में महिला एकल फाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हारने के बाद रजत पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में भारतीय शटलर का प्रदर्शन शानदार रहा और फाइनल मैच में भी सिंधु ने मारिन को कड़ी टक्कर दी थी। निश्चित रूप से यह मैच सिंधु के लिए बेहद खास है क्योंकि उन्होंने अपना पहला ओलंपिक मेडल जीता था।

इसके बाद वो 2019 में भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं। धीरे-धीरे उनके मेडलों की गिनती आगे बढ़ती रही। सिंधु ने X पर लिखा, 'सात साल पहले, मैंने एक ऐसी यात्रा शुरू की जिसने मेरे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। पीछे मुड़कर देखने पर, यह विश्वास करना कठिन है कि उस महत्वपूर्ण दिन को सात साल हो गए हैं जब मैंने गर्व से रियो में अपना पहला ओलंपिक पदक जीता था। यह एक रजत पदक था, जो मेरे समर्पण, कड़ी मेहनत और मेरे कोचों, टीम के साथियों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन का एक चमकता प्रतीक था।' रियो में फाइनल मैच में, 21 वर्षीय सिंधु ने शुरुआती गेम जीतने के बाद एक गेम की बढ़त बना ली थी। लेकिन मारिन ने एक गेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और भारतीय खिलाड़ी ने अंततः इस बेहद रोमांचक मैच में 21-19, 12-21,



15-21 के स्कोर के साथ स्पेनिश खिलाड़ी के सामने घुटने टेक दिए।

28 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पांच विश्व चैंपियनशिप पदक हैं, जिनमें विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य (2013, 2014), दो रजत पदक (2017, 2018) और एक स्वर्ण पदक (2019) शामिल हैं। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में रजत, टोक्यो ओलंपिक में कांस्य और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता।

हालांकि, इस सीज़न में चीज़ें उनके मुताबिक़ नहीं रहीं क्योंकि अब तक उनका सीज़न ख़राब रहा है और वह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर एक भी खिताब जीतने में असफल रहीं। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने के उपरान्त लंबी चोट के बाद वापसी करने के बाद से शीर्ष भारतीय ने अपनी फॉर्म को हासिल करने के लिए काफी संघर्ष किया है।

# यूपीटी20 की ट्रॉफी, जर्सियों का हुआ अनावरण

**लखनऊ,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के एक नये युग की शुरुआत करते हुए यूपीटी20 लीग को आधिकारिक तौर पर रविवार को लॉन्च किया गया। यहां आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित ट्रॉफी के अनावरण के अलावा छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजियों की टीम जर्सी और लीग का एंथम भी लॉन्च किया गया।



इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के निदेशक आईपीएस डीएस चौहान सहित विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस समारोह में गोरखपुर लायंस, कानपुर सुपरस्टार, काशी रुद्र, लखनऊ फाल्कन्स, मेरठ मैवरिक्स और नोएडा सुपर किंग्स सहित सभी फ्रेंचाइजियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। शुक्ला ने लीग के लिए अपना उत्साह और प्रत्याशा व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं रोमांचित और प्रसन्न हूं कि यूपीटी20 लीग लॉन्च हो गयी है। हम लंबे समय से अपनी खुद की लीग शुरू करने की योजना बना रहे हैं क्योंकि इसकी भारी मांग है। उत्तर प्रदेश में विशाल आबादी के साथ अधिक से अधिक खिलाड़ियों को समायोजित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना हमारे लिये एक चुनौती रही है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी में लगभग 25 खिलाड़ी होने की शर्त के साथ हमारा मानना है कि यह लीग उत्तर प्रदेश से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सामने लाने और भारतीय टीम को नयी प्रतिभाएं देने का एक बेहतरीन मंच है।' चौहान ने कहा, 'यह लीग ऐसे समय में उत्तर प्रदेश में आ रही है जब हमारा राज्य कई मोर्चों पर फल-फूल रहा है और खेल उस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह लीग कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका देगी, जिनमें साधारण घरों से आने वाले लोग भी शामिल हैं। मुझे विश्वास है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के लिये एक उच्च गुणवत्ता वाला टूर्नामेंट खड़ा कर सकेंगे।' यूपीटी20 लीग 30 अगस्त को शुरू होकर 16 सितंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में समाप्त होगा। आईपीएल नीलामी में बचे हुए कुछ महीनों को देखते हुए यह लीग उभरती हुई प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिये एक मंच देगी।

# यूएई की न्यूजीलैंड पर शानदार टी20 जीत पर अश्विन ने कहा, 'यह एक बड़ी उपलब्धि है'

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सात विकेट की शानदार जीत की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। शक्तिशाली ब्लैककैप्स पर खाड़ी पक्ष की जीत में फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रभाव को दर्शाता है। मैच में, अयान अफ़ज़ल खान (3-20) और मुहम्मद जवादुल्लाह (2-16) की शानदार गेंदबाजी से यूएई ने न्यूजीलैंड को 142/8 पर रोक दिया। जवाब में, कप्तान मुहम्मद वसीम ने 29 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली, जबकि आसिफ खान ने 48 रन बनाए, जिससे यूएई ने 15.4 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली और सभी अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में पर्यटकों पर अपनी पहली जीत हासिल की। अश्विन ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'यूएई का न्यूजीलैंड को हराना एक बड़ी उपलब्धि है और यह हमें यह भी दिखा रहा है कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट क्या करने में सफल रहा है। उन देशों से आने वाले अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए उम्मीद है जो मुख्यधारा के टेस्ट देश नहीं हैं और यह खेल के लिए अच्छी खबर है।'

# पाकिस्तान के मैच तटस्थ देश में होते तो कार्यक्रम न बदलना पड़ता : सेठी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां) पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा है कि अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी सलाह पर पाकिस्तान के विश्व कप मैच तटस्थ देश में आयोजित करता तो कार्यक्रम में बार-बार बदलाव करने से बचा जा सकता था। सेठी ने रविवार को एक्स किया, 'बीसीसीआई को पाकिस्तान के विश्व कप मैच तटस्थ देश में खेलने के संबंध में मेरी सलाह लेनी चाहिए थी। वे अब हर कुछ दिनों में कार्यक्रम में प्रस्तावित बदलावों से परेशान हैं।' उल्लेखनीय है कि जिस तरह भारत अपने सभी एशिया कप मैच श्रीलंका में खेल रहा है, उसी तरह पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष सेठी ने अपने कार्यकाल के दौरान सलाह दी थी कि पाकिस्तान को अपने सभी विश्व कप मैच किसी तटस्थ देश में खेलने चाहिये। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित विश्व कप मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर 15 अक्टूबर को होना था, लेकिन यह नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण अहमदाबाद पुलिस ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं व्यक्त कीं और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को इस मैच की तिथि बदलकर 14 अक्टूबर करनी पड़ी। इसी तरह पाकिस्तान और इंग्लैंड 12 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में भिड़ने वाले थे। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर बीसीसीआई को सूचित किया कि 12 नवंबर काली पूजा का दिन होने के कारण सुरक्षा संबंधी दिक्कते पेश आ सकती हैं और मैच की तारीख बदलकर 11 नवंबर करनी पड़ी।



# सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज़, जोकोविच

**मेसन,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। स्पेन के युवा सनसनी खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ और सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल का टिकट कटा लिया है। टॉप सीड अल्काराज़ ने शनिवार को खेले गये रोमांचक सेमीफाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ को 2-6, 7-6(4), 6-3 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने जर्मनी के एलेक्ज़ेंडर ज़्वेरेव को 7-6(5), 7-5 से मात दी। अल्काराज का सफर सेमीफ़ाइनल में ही ख़त्म हो सकता था लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में 4-5 पर मैच पॉइंट बचाया और टाईब्रेकर में लगातार छह पॉइंट अर्जित करते हुए मैच को तीसरे सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट के चौथे गेम में अल्काराज़ ने महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और अंततः दो घंटे 16 मिनट में हर्काज़ को मात दी। अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, 'यह मानसिक तौर पर कठिन सेमीफाइनल था। मुझे



वहां डटे रहने की ज़रूरत थी। मुझे कई ब्रेक पॉइंट मिले लेकिन मैं उनका फायदा नहीं उठा सका। मैच प्वाइंट बचाना कभी आसान नहीं होता लेकिन मेरे कोच के साथ हर समय सकारात्मक रहने और वहां बने रहने के बारे में बात हो रही थी। हमें पता था कि मुझे मौके मिलने वाले हैं। हुबी (हर्काज़) के खिलाफ हर मैच बहुत कठिन होता है लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि मैं जीत सका।' दूसरी ओर, 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने दो घंटे चार मिनट में ज़्वेरेव को हराने के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि कुछ चीजें हैं जो मैं बेहतर कर सकता था, लेकिन कुल मिलाकर यह फॉर्म में चल रहे ज़्वेरेव जैसे खिलाड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में मिली जीत है। इसलिए मैं सही मायने में खुश हूं।' अपने करियर की 1,068वीं जीत के साथ, जोकोविच सर्वाधिक जीत के मामले में राफेल नडाल और इवान लेंडल के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। वह अब केवल रोजर फेडरर (1,251) और जिमी कॉनर्स (1,274) से पीछे हैं। करीब एक महीने पहले 15 जुलाई को अल्काराज़ ने जोकोविच को विंबलडन फाइनल में हराया था और सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में दोनों खिलाड़ी एक बार फिर आमने-सामने होंगे। साल 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी सरज़मीन पर खेल रहे जोकोविच ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गिराया है और वह अल्काराज़ के सामने भी इसी फॉर्म को बरकरार रखते हुए अपने करियर का तीसरा सिनसिनाटी ओपन खिताब जीतना चाहेंगे।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद एशियाड पर वैष्णवी की नज़र

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। दस साल की उम्र में पांव में कांच चुभने के कारण बैडमिंटन करियर लगभग खत्म होने से लेकर पैरा-बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियन बनने तक वैष्णवी पुनेयानी ने अपने छोटे से जीवन में लंबा सफर तय किया है, और अब उनकी नज़रें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक पर जम गयी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली 17 वर्षीय पैरा-बैडमिंटन एथलीट वैष्णवी ने सोचा नहीं था कि वह पेशेवर तौर पर बैडमिंटन खेलेंगी। अपने पिता और भाई के साथ मैदान जाते-जाते बैडमिंटन में उनकी रूचि पैदा हुई, हालांकि 2015 में पैर में कांच लगने से उनके पेशेवर शटलर बनने के सपने को एक बड़ा झटका लगा। यह चोट वैष्णवी का मनोबल नहीं तोड़ सकी, लेकिन वह कोर्ट पर पहले की तरह नहीं खेल पा रही थीं।

वैष्णवी ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा, 'पैर में कांच लगने से जख्म इतना गहरा था कि चोट पर प्लास्टर करवाना पड़ा और मैं दो-तीन महीने चल भी नहीं पाई। मैं उस चोट के बाद से अपना दायां पैर नहीं उठा पाती हूं। पैर की इस दिव्यांगता के बाद मैंने बैडमिंटन खेलना चाहा लेकिन ठीक से पैर न उठा पाने के कारण मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाई।' यहां वैष्णवी का सफर खत्म हो सकता था अगर उन्हें पैरा बैडमिंटन के बारे में न पता चला होता। उन्होंने कई कोचों से संपर्क किया और प्रशिक्षण हासिल करने के बाद अप्रैल 2022 मैं पैरा बैडमिंटन में एसएल4 श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। लखनऊ में गौरव खन्ना पैरा बैडमिंटन अकादमी में एक साल तक प्रशिक्षण लेने के बाद वैष्णवी ने अप्रैल 2022 में उत्तर प्रदेश राज्य चैंपियनशिप में दो पदक जीते, जबकि सितंबर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतरते हुए उन्होंने युगांडा पैरा बैडमिंटन 2022 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया।

वैष्णवी ने उत्तर प्रदेश से युगांडा तक अपनी छाप छोड़ दी थी, लेकिन उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव 2023 पैरा-बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप थी जहां उन्हें देश के धुरंधरों का



सामना करना था। वह इस परीक्षा में खरी उतरीं और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने महिला एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल सहित तीनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक हासिल किये। वैष्णवी ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने अनुभव पर कहा, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मैंने तीन गोल्ड मेडल जीते और महिला एकल में जो स्वर्ण आया वह पांच साल की राष्ट्रीय चैंपियन को हराकर आया। राष्ट्रीय चैंपियन बनना मेरे जीवन में एक अहम मोड़ साबित हुआ। इसके बाद कई अकादमियों ने मुझसे संपर्क किया। कई प्रायोजक भी संपर्क में हैं। यह मेरे करियर का एक अहम पड़ाव था।' गतिशीलता खोने से लेकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप बनने तक वैष्णवी के माता-पिता ही थे जो लगातार उनके साथ खड़े रहे और उन्हें संबल देते रहे। वैष्णवी बताती हैं कि लखनऊ में गौरव खन्ना अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान उनके माता-पिता उनके साथ रहे और अब वे उन्हें हैदराबाद में स्थित 'भारतीय बैडमिंटन का मक्का' कही जाने वाली पुलेला गोपीचंद अकादमी जाने के लिये भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार ने हमेशा मेरा समर्थन किया। जब मैंने लखनऊ में प्रशिक्षण लिया तब मेरे मां और पिता दिल्ली छोड़कर मेरे साथ रहे। वे हमेशा मुझे आगे बढ़ते रहने के लिये प्रेरित करते हैं और कहते हैं कि रुकना नहीं है। मैं अभी सिर्फ 17 साल की हूं इसलिये माता-पिता के मन में थोड़ा डर भी रहता है लेकिन जीवन में कुछ भी अपने आप नहीं मिल जाता। अगर आपको कुछ पाना है तो डर से आगे बढ़ना पड़ता है। अगर मैं हैदराबाद भी जाऊंगी तो मेरे माता-पिता मेरे साथ नहीं आ पायेंगे।

## सार संक्षेप

### भारत की अनहत सिंह ने एशियाई जूनियर स्क्वैश में अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण जीता

**मुंबई।** भारत के राष्ट्रमंडल खेलों की स्क्वैश स्टार अनहत सिंह ने रविवार को चीन के डालियान में आयोजित 30वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 16 से 20 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में 15 वर्षीय अनहत ने हांगकांग की एना क्वांग को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले, दिल्ली की स्क्वैश खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की डॉयस ली और सेमीफाइनल में मलेशिया की व्हिटनी इसाबेल विल्सन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह उनका दूसरा स्वर्ण और अनहत का अब तक का तीसरा पदक है, जो एशियाई जूनियर में पूर्व भारतीय स्टार ऋत्विक भट्टाचार्य से प्रशिक्षित हैं। उन्होंने 2022 में थाईलैंड में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर -15 वर्ग में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता और 2019 में मकाऊ में आयोजित एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर -13 वर्ग में कांस्य पदक जीता। इनके बीच कोविड के कारण प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई।

### इंटर मियामी को मेसी ने जिताई ट्रॉफी, नैशविले को पेनल्टी शूटआउट में 10-9 से हराया

**वाशिंगटन (यूएसए)।** अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी ने अपनी शानदार फॉर्म कायम रखते हुए शनिवार को इंटर मियामी को लीग्स कप फाइनल जिताया। लीग्स कप-2023 का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। इस मुकाबले में लियोनेल मेसी की इंटर मियामी और नैशविले के बीच टक्कर हुई। मैच काफी ज्यादा रोमांचक रहा और पेनल्टी शूटआउट में गया, जहां जीत 10-9 से इंटर मियामी की हुई। अर्जेंटीना विश्व कप विजेता ने नैशविले के खिलाफ पहला गोल 23वें मिनट में किया। इसके करीब 30 मिनट बाद मेजबान टीम ने फाफा पिकॉल्ट के माध्यम से गोल दागा और इंटर मियामी की बराबरी की। निर्धारित 90 मिनट के दौरान दोनों टीमों के पास जीतने का मौका था। लेकिन दोनों ही टीमों ने शानदार डिफेंड किया। 120 मिनट तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर खत्म होने के बाद मैच पेनल्टी शूटआउट में गया जहां बाजी इंटर मियामी ने मारी। पिछले महीने मुफ्त ट्रांसफर पर फ्लोरिडा टीम में शामिल होने के बाद से मेसी ने अब तक छह मैचों में नौ बार स्कोर किया है - जिसका आंशिक स्वामित्व इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम के पास है। लीग्स कप एक वार्षिक प्रतियोगिता है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के क्लब शामिल होते हैं।